e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 230

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
22.08.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की धरा से लातेहार, पलामू और गढ़वा की बहनों को खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

**पलामू प्रमंडल** (लातेहार, पलामू और गढ़वा)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

केवल 2 सप्ताह में 45 लाख निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-333364 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

भारत बंद का व्यापक असर, सड़कों पर उतरे बंद समर्थक

# भारत बंद को भाजपा को छोड़ कर सभी राजनीतिक पार्टियों का मिला समर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** एससी-एसटी के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आहूत भारत बंद को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता बुधवार को एनएच 75 को गोसाईबाग, थाना के पास तथा भवनाथपुर मोड़ पर बुरी तरह जाम कर दिया। जिससे रोड के तीनों तरफ बड़े-छोटे वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। लगभग तीन चार घंटे पूरे अनुमंडल मुख्यालय में अफरा तफरी का माहौल था। सबसे अधिक पैदल चलने वाले तथा बाइक सवार परेशान रहे। मुख्यालय में बंद का आंशिक असर देखा गया।इक्का दुक्का दुकानों को छोड़ कर सभी दुकाने पूर्व की तरह खुली रही।वाहनों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा जिसके कारण आम लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ा।बन्द के समर्थन में एससी-एसटी संघर्ष मोर्चा, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भाकपा माले, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओ ने सड़क पर उतर कर बन्द का समर्थन किया। बन्द समर्थक सुबह 8 बजे से ही सड़क पर उतर कर दुकानदारों,वाहन चालकों से बंद को समर्थन देते हुये दुकानों को बंद रखने की अपील कर रहे थे।पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव, झामुमो युवा नेता ताहिर अंसारी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता व विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं ने गोसाईबाग स्थित आश्रम के निकट एन एच 75 पर बैठकर सड़क जाम कर दिया। वहीं थाना गेट के बाहर,भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के निकट बड़ी संख्या में युवाओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया।बन्द समर्थक आरक्षण में छेड़छाड़ करना बंद करो,जो एससी एसटी की बात करेगा-वो भारत पर राज करेगा,झाड़ू नही उठाना है-हमे संसद में जाना है,एससी एसटी संघर्ष मोर्चा जिंदाबाद,झामुमो जिन्दावाद सहित अपनी मांगों के समर्थन तथा केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगा रहे थे।नेताओ ने कहा कि निजी क्षेत्र में न नौकरी है और न आरक्षण है।एक साजिश के तहत आरक्षण को खत्म किया जा रहा है।केंद्र सरकार देश के लोगो को बांटने का काम कर रही है।नेताओ ने कहा कि इस साजिश को सफल नही होने देंगे।इधर बन्द को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस थी।बन्द समर्थक जैसे ही थाना के निकट पहुंचे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया तथा बाद में रिहा कर दिया गया।बन्द समर्थकों के गिरफ्तारी के बाद जाम हटा और स्थिति सामान्य हुई।

# पिपरा प्रखंड में दिखा भारत बंद का व्यापक असर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिला प्रखंड क्षेत्र की लगभग सभी दुकानें बंद रही. सड़क पर इक्का दुका वाहन को छोड़कर बाकी सारी माल गाड़ियां एवं सवारी गाड़ियां बंद रही. सैकड़ो की संख्या में लोग आरक्षण में वर्गीकरण व क्रिमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसले का विरोध करते हुए सड़क पर उतर गए थे। बंदी का समर्थन विभिन्न राजनैतिक पार्टी व सामाजिक कार्यकर्ता भी कर रहे थे। पंचायत सरैया से दुबटीया मोड तक रैली निकाल कर इस फैसले का विरोध किया गया। वही संदीप पासवान एवं चतुराई राम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को अपना फैसला बदलना पड़ेगा. अगर फैसले में बदलाव नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह शांतिपूर्ण भारत बंद एक आंदोलन का रूप ले लेगा. पुरे दिन थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही कोई भी अप्रिय घटना समाचार लिखे जाने तक नहीं घटी थी।

## सड़क लुटेरा गिरफ्तार, जेल



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर मजार शरीफ के पास 9 जुलाई 2024 को बाइक सवार युवक से लैपटॉप व अन्य सामान की लूट कांड के प्राथमिक अभियुक्त सोनू कुमार चंद्रवंशी उम्र 22 वर्ष पिता अनिल राम मेदिनीनगर झोपड़पट्टी निवासी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि उक्त अभियुक्त चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर मजार शरीफ के समीप पिछले माह एक बाइक सवारी युवक से लैपटॉप लूटपाट के घटना अंजाम दिया था साथ ही मंगरदहा घाटी में भी एक युवक को चाकू मार कर घायल कर उसके साथ भी पैसा व मोबाइल आदि की लूट कांड किया था। पुलिस पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हो रहे लूट कांड के आरोपियों की तलाश कर रही थी इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर उक्त युवक को चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव स्थित ससुराल में छिपे होने की सूचना मिली। चैनपुर थाना प्रभारी ने टीम गठित कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के द्वारा पूछताछ में अभियुक्त ने अपना गुनाह कबूल किया अभियुक्त के पास से लूट कांड में इस्तेमाल किया गया चाकू को बरामद कर लिया गया।

## शराब दुकान से लाखों रुपए नगदी सहित शराब की हुई चोरी



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर थाना से महज 600 मीटर की दूरी जपला रोड मे स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में बीती रात चोरों ने लाखों रुपए नगदी सहित अंग्रेजी शराब की बोतले चुरा ले गए। सूत्रों के जानकारी अनुसार मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने जपला रोड स्थित उटवा नाला के पास अंग्रेजी शराब दुकान से ताला तोड़कर लगभग तीन लाख नगदी सहित अंग्रेजी शराब की बोतल चोरो ने चोरी कर ली गई. पहले भी आस पास की अन्य दुकानों मे चोरी की घटना हो चुकी है. वहीं लोगों ने बताया कि छतरपुर थाना की लापरवाही है रात मे गस्ती अगर होती तो चोरी की घटना नही होती. पुलिस सिर्फ रात्रि में फ़ोन लेन सड़क पर बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ने और अन्य गाड़ियों से वसूली के फिराक में लगे रहते हैं. वहीं चोरी की घटना की जानकारी के लिए छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद से दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## पति की प्रताड़ना से तंग हो महिला ने लगाई फांसी

**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव निवासी नसीम अंसारी के 23 वर्षीय पुत्री आशिया प्रवीण ने बुधवार के सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पाते ही चैनपुर थाना पुलिस एमआरएमसीएच मे पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार पति द्वारा लगातार प्रताड़ना से तंग आकर आशिया प्रवीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।मृतक के पिता नसीम अंसारी ने बताया कि आशिया की शादी गढ़वा जिला के ओबरा गांव निवासी नसीम अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुआ था। कुछ दिनो के बाद नसीम अंसारी अपनी पत्नी आशिया प्रवीण को अपमानित एवं प्रताड़ित करते हुए छोड़ दिया था जिसके बाद इस संबंध में आशिया प्रवीण ने अपने पति के विरुद्ध कोर्ट में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि आशिया प्रवीण के पति का किसी अन्य लड़की के साथ अवैध संबंध चल रहा था। मृतिका के पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी से तंग आकर उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है।

# महागठबंधन सरकार में दिख रहा है विकास : मंत्री मिथिलेश

## 14 करोड़ रुपए की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा एवं चिनियां प्रखंड में लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से 13 करोड़ 55 लाख 24 हजार 900 रुपए की लागत से गढ़वा प्रखंड में दो तथा चिनियां प्रखंड में एक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके के तहत गढ़वा प्रखंड में गढ़वा-मझिआंव पीडब्ल्यूडी पथ जोबरईया से घुटघोड़ी शिव मंदिर नगमा सीमा होते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोबरईया तक सात करोड़ 22 लाख 63 हजार 700 रुपए की लागत से 6.15 किलोमीटर सड़क, चिरौंजिया हरिजन टोला से हनुमान मंदिर होते हुए पंचायत भवन तक एक करोड़ रुपए की लागत से 1.05 किलोमीटर तथा चिनियां प्रखंड में चिनियां पीडब्ल्यूडी पथ जमुनियांटांड़ मोड़ से उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिशन स्कूल तक पांच करोड़ 32 लाख 65 हजार 300 रुपए की लागत से 3.39 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है तब से पूरे राज्य में विकास दिख रहा है। सरकार गठन के बाद काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। हर क्षेत्र में विकास की गाड़ी काफी तेजी से दौड़ रही है। साढ़े चार वर्ष पूर्व सबसे पिछड़े जिलों में शुमार गढ़वा का पूरी तरह से कायाकल्प हो गया है। संपूर्ण गढ़वा में सारी मूल सुविधाओं के साथ-साथ सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में भी काफी बेहतर कार्य हुआ है।

# सड़क पर उतरे एससी-एसटी के लोग, बंदी का व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार भारत बंद का मिलाजूला असर देखने को मिला रहा है। प्रखंड मुख्यालय मे दुकाने बंद मिली और सड़कों पर वाहन नहीं के बराबर चलती हुई देखने को मिला। बताते चलें कि एससी-एसटी के आरक्षण मे वर्गीकरण व क्रीमिलेयर की मामले मे प्रदर्शन एससी- एसटी के द्वारा किया जा रहा है। बंदी का समर्थन राजद, बसपा व जेएमएम पार्टी का है। नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे संविधान सुरक्षा मंच के बैनर तले भारत बंदी की कार्यक्रम रखी गई थी। नौड़ीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय मे संविधान सुरक्षा मंच, राजद, बसपा व जेएमएम की कार्यकर्ताओं के द्वारा बंद के समर्थन मे शांतिपूर्ण तरीका से प्रदर्शन किया गया। हालांकि भारत बंद की समर्थन मे कॉंग्रेस पार्टी की झंडा नहीं दिखा। नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे भारत बंद को लेकर जुलुस मे पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही है। समाचार लिखें जाने तक किसी प्रकार की तोड़ फोड़ व उपद्रव की खबर नहीं है। इस कार्यक्रम की शुरआत करने से पहले संविधान निर्माता बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रजावलित कर कार्यक्रम की गई। इस कार्यक्रम मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, राजद के प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान, बसपा के युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, बीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, नामुदाग पंचायत की मुखिया जितेंद्र पासवान, संविधान सुरक्षा मंच के अध्यक्ष डॉ जनेश्वर राम, उपाध्यक्ष भोला राम के अलावा लल्लू राम, रविदास विकास समिति के संरक्षक जुदागिर राम, कृष्णा कुमार रवि, गोपाल राम, गिरजा राम, रामचंद्र राम, संतोष ठाकुर, अलोक कुमार सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में भारत बंद का रहा मिला जुला असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद में भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला रहा है। शहर में ज्याददातार दुकाने बंद और कुछ कुछ दुकाने खुली मिली, सड़को पर वाहन कम चलती दिखी, बतादे की SC-ST आरक्षण में क्रीमीलेयर के मामले में प्रदर्शन दलित संघठनो का हो रहा है, जिसका समर्थन राजद, जेएमएम व बसपा पार्टी का है, हुसैनाबाद में जेएमएम, राजद, बसपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बंद के समर्थन में मुख्य बाजार में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया, हालांकि भारत बंद के समर्थन में कांग्रेस पार्टी के झंडा नही दिखा।, इस कार्यक्रम में जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, एजाज आलम,राज अली, राजद नेता रवि कुमार यादव, मदन पासवान, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, रामेश्वर राम, रजक समाज के नेता कृष्णा बैठा, अखिल भारतीय धोबी महासभा के हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष शशीकांत रंजन, बहुजन पार्टी के बिरेन्द्र राम सहित कई लोग शामिल रहे।

# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शिव सम्पत धाम मंदिर मे हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू जिला अंतर्गत उंटारीरोड प्रखंड स्थित प्रसिद्ध शिव सम्पत धाम मंदिर परिसर मे प्रस्तावित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बैठक बैठक की अध्यक्षता मंदिर निर्माण के प्रणेता अरविंद सिंह ने किया। बैठक में महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु कमिटी का गठन किया गया.सर्वसम्मति से जिला पार्षद अरविंद सिंह को महायज्ञ कमिटी का अध्यक्ष चुना गया.पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश,प्रदीप वर्मा, रांची विधानसभा के विधायक सीपी सिंह, मझींआव स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी श्री 1008 केशव नारायण दास और पाण्डु प्रखंड के ढाचाबार गांव मे स्थित वेणुगोपाल मंदिर के पुजारी श्री विष्णु चित स्वामी जी महाराज को महायज्ञ कमिटी का संरक्षक मनोनित किया गया.यहां बताते चलें कि भारत के महान मनीषी पूज्य संत श्रीलक्ष्मी प्रपन्नाचार्य जीयर स्वामी महाराज के सानिध्य मे आगामी 17 अक्टूबर से श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ 17 अक्टूबर से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा.22 अक्टूबर को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी.महायज्ञ कमिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी।

## आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बंदी का रहा व्यापक असर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** आंदोलन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा घोषित देशव्यापी बंदी का विश्रामपुर प्रखंड में व्यापक असर रहा। बंद समर्थकों ने बी मोड़ के पास गढ़वा -पड़वा मुख्य पथ एनएच 75 को तीन घंटों तक जाम रखा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आयाश्यक सेवाओं को भी बाधित किया। बंद समर्थकों ने जबरदस्ती दुकानें बंद कराया, इस क्रम में कई दुकानदारों से उनकी झड़प भी हुई। बंदी के चलते गाड़ियों का परिचालन भी ठप रहा। हालांकि सरकारी दफ्तर आम दिनों की तरह खुले रहे.बी मोड़ पर सड़क जाम के दौरान सभा भी आयोजित हुई। सभा को पूर्व सांसद घुरन राम, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, जिला पार्षद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, राहुल राज,सुरेंद्र भारती, हरिलाल कुमार रवि, सोना देवी, किशोर कुमार, सूरजमल राम, उपेन्द्र कुमार रवि, वीरेंद्र राम, नरेंद्र राम गुड्डू सहित कई लोगों ने संबोधित किया.इससे पहले मंगलवार को देर शाम बंद समर्थकों द्वारा बसपा नेता गोपाल राम के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया।

## अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है : आचार्य श्री स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती महाराज

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिये। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी,तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा।उक्त बातें श्री बंशीधर मंदिर के खलिहान प्रांगण में श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं को अमृत पान कराते हुए श्रीधाम वृन्दावन से आये आचार्य श्री स्वामी पुण्डरीकाक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने कही।उन्होंने कथा के दौरान भागवत महात्म व सुखदेव जी महाराज के आगमन का वर्णन किया। भक्तों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित थे।कथा का श्रवण कराते हुए वेदांती जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा जीवन के समस्त कष्टों को हरने वाली,मन को शांति देने वाली और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े अदभुत लीलाओं का वर्णन करने वाली है।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
समग्र शिक्षा अभियान, समाहरणालय भवन, कोडरमा
दूरभाष: 8002410681, पिन कोड–825410
jepckoderma@yahoo.co.in & jepckoderma@gmail.com

विज्ञापन सं0–891 दिनांक:– 20.08.2024

आम सूचना

राज्य परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में निदेशानुसार झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा के द्वारा विज्ञापन संख्या 724 दिनांक 12.07.2024 के माध्यम से कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 04 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (प्रखण्ड–कोडरमा/जयनगर/मरकच्चों/सतगावाँ), 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय (प्रखण्ड–डोमाचाँच/चन्दवारा) एवं 01 नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय (प्रखण्ड–डोमचाँच) में आवश्यक खाद्य पदार्थ/अखाद्य पदार्थ एवं अन्य सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्त्तों के अधीन प्रकाशित विज्ञापन–अल्प कालीन निविदा के आलोक में निविदादाता से प्राप्त निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) **दिनांक 30.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा, समग्र शिक्षा, दूसरा तल्ला, जिला समाहरणालय परिसर, कोडरमा** में खोला जाएगा। निविदा प्रक्रिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर निविदादाता स्वयं/प्राधिकृत प्रतिनिधि आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे एवं भाग लेंगे। निविदादाता /प्राधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में कार्यालय/विभाग की जवादेही नहीं होगी तथा निविदादाता के द्वारा बाद में किए गए दावा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा प्रक्रिया के समय दी गई निविदा के अनुसार सामग्री की नमूना प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

निविदा सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं में जिला क्रय समिति के द्वारा लिए गए निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

विश्वासभाजन
ह0/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, कोडरमा।

PR 333237 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक :– दिनांक –

अल्पकालीन ई–निविदा संख्या :– 07/2024-25/RWD/EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 22/ STPKG/21/ 2024-25 | काँके बोड़ेया रिंग रोड आर0सी0डी0 पथ से राँची भेटनरी कॉलेज (आर0भी0सी0) भाया केन्द्रीय मनोचिकित्सक संस्थान (सी0आई0पी0) एवं पतराटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.325 कि0मी0)<br>काँके पिठोरिया एस0एच0 पथ सुन्दरनगर से रिंग रोड सेतु प्रिन्टर्स भाया डी0ए0भी0 स्कूल गौशाला, जी0बी0 पब्लिक स्कूल बिरसा विकलाँग न्यास समिति एवं सुकुरहुटू बाजारटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0– 7.420 कि0मी0) | 10,48,53,800.00 | दस करोड़ अड़तालीस लाख तिरपन हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**27.08.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**02.09.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**04.09.2024** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 333289 REO (24-25)_D

# बहनों के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव रहूंगा तैयार : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** रक्षाबंधन के मौके पर हुसैनाबाद स्थित किसान ब्रिगेड कार्यालय परिसर में हुसैनाबाद विधानसभा के विभिन्न गांवों से आयी हजारों बहनों ने कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह की कलाई पर राखी बांधी और सुख दुःख में साथ निभाने का वचन लिया।सभी बहनों को कर्नल संजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर में कर्नल संजय सिंह ने सभी बहनों के मान-सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया और कहा कि वे बहनों को उनका अधिकार दिलाने के लिए हमेशा खड़े रहेंगे।कर्नल संजय ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में किसी बहन को तकलीफ होगी तो एक फोन करे, ये भाई 12 बजे रात में भी दौड़ा आयेगा। हम सब को मिलजुल कर हुसैनाबाद को एक बढ़िया जगह बनाना है जहां हम सुख-चैन से रह सकें। यहां अच्छा अस्पताल हो, सरकार से आपके लिए राशि आये, तो कोई अफसर इसके लिए आपसे घूस न मांगे। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने वालों ने आज तक महिलाओं को सिर्फ एक वोट भर समझा मैं बहनों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाऊंगा। आराधना सिंह रक्षा बंधन कार्यक्रम में आयी सभी महिलाओं को खोइंछा देकर विदा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चम्पा देवी, बबीता मेहता, देवपतिया देवी, शांति देवी, खैरूल निशा, उषा कुंवर, सोना देवी, लक्ष्मी देवी, ममता देवी, बिंदेश्वरी यादव, बद्रि नारायण सिंह, कैप्टन दुखन सिंह चंद्रवंशी, राजेंद्र पाल (पूर्व सैनिक), सुधीर सिंह, रविरंजन सिंह (पूर्व पं.स.स.), मनोहर सिंह, सत्यनारायन यादव, रामजवित पासवान, वीरबहादुर सिंह, धीरेंद्र कुमार, दिनेश चौधरी, गणेश राम, विनय सिंह, सुदामा जी, लालधन ठाकुर, बुटन यादव, विजय प्रजापति, सुभाष कुमार रवि, पप्पू सिंह का प्रमुख योगदान रहा और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें हजारों संख्या की में मातायें-बहने शामिल रहीं।

# केतार में भारत बंद का रहा असर, सड़कों पर आवगमन एवं दुकाने रही बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण को लेकर बुधवार को केतार थाना अंतर्गत उक्त समुदाय के सैकड़ो लोग एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेता एवं कार्यकर्ता भारत बंद का समर्थन करते हुए बाजार के अंबेडकर चौक से लेकर कोल्ह मोड तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बाजार के सभी दुकाने बंद रही साथ ही सभी तरह के वाहन भी अपने-अपने जगह पर खड़ी रही। भारत बंद के समर्थन में राजनीतिक बहुजन समाज पार्टी, झामुमों, आरजेडी, भाकपा माले, लोकहित अधिकार पार्टी एवं स्थानीय सामाजिक संगठन जागृति युवा सेना परिषद के कार्यकर्ता शामिल रहे।साथ ही प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि बीते 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच के द्वारा एससी-एसटी वर्ग के खिलाफ आरक्षण में वर्गीकरण एवं क्रिमी लेयर का फैसला सुनाया गया है। जो बाबा साहब के द्वारा पिछड़ी जाति के लोगों को दिए गए संविधान द्वारा आरक्षण का उल्लंघन है।साथ ही प्रदर्शनकारियो ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र भी सोपा गया है।जिसमें उल्लेख है कि सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक बेंच के द्वारा दिए गए फैसला को संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16 (4) को अनदेखा कर उल्लंघन किया गया है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 230

गुरुवार

22.08.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### एम्स के निदेशक ने डॉक्टरों से काम पर वापस आने की अपील की

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक ने कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से काम पर वापस लौटने की अपील की है। इसके साथ चिकित्सकों की चिंताओं के निवारण के लिए विशेष समिति का गठन किया है। निदेशक ने मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी डॉक्टरों से काम पर वापस आने की अपील की है। वहीं, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है।

### पोखरण के पास वायु सेना के लड़ाकू विमान से एयर स्टोर का रिसाव, जांच के आदेश

**नई दिल्ली :** राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज क्षेत्र के पास बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान से एयर स्टोर का अनजाने में रिसाव हो गया। इस घटना की जांच के लिए वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। भारतीय वायु सेना ने एक बयान में पुष्टि की है कि उसके एक लड़ाकू विमान ने तकनीकी खराबी के कारण पोखरण फायरिंग रेंज के पास अनजाने में एयर स्टोर छोड़ दिया लेकिन जान-माल के किसी नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### श्री तिरुपति धाम में नंद महोत्सव में भगवान की लीलाओं का गुणगान 28 को

**हिसार :** आध्यात्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े श्री तिरुपति बालाजी धाम में 28 अगस्त को नंद महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में नंद महोत्सव सायंकाल से रात्रि तक चलेगा।धाम पदाधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इस अवसर पर कई प्रसिद्ध गायक भजनों के माध्यम से भगवान की लीलाओं का गुणगान करेंगे। नंद महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु बढ़-चढर हिस्सा लेंगे।

### तमिलनाडु के इरोड में खदान में विस्फोट, दो की मौत

**चेन्नई :** तमिलनाडु के इरोड जिले में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक गैर-लाइसेंसी निजी पत्थर खदान में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विस्फोट में दो लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को तीन-तीन लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फिलहाल अभी तक घटना के करणों की जानकारी नहीं हो पाई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, पांच घायल

**सरायकेला :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगगोड़ा में मंगलवार देर रात करीब दो बजे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को ड्रॉप करने के बाद एस्कॉर्ट वाहन लौट रहा थी। इसी दौरान सरायकेला-कांड्रा मुख्यमार्ग पर मुड़िया के पास अज्ञात वाहन से टकरा गया। एस्कॉर्ट वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे। प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद अधिकारी और पुलिस की टीम वहां पहुंची। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को सदर अस्पताल ले जाया गया। शव को भी सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को

**रांची :** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से शुरू होगी। इस दौरान कई अहम प्रस्तावों पर कैबिनेट से मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बुधावार को इसकी सूचना दी है। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### रांची का तापमान

अधिकतम 30°

न्युनतम 24°

भारत बंद : बंद समर्थकों को पुलिस ने पीटा, प्रभावित हुआ रेल सेवा, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

# असरदार रहा भारत बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली:** दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर भारत बंद असरदार रहा।

भारत बंद का बसपा, आरजेडी और चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी समेत कई दलों ने समर्थन किया। बिहार में भारत बंद का असर देखा गया। बिहार के कई जिलों में बुधवार सुबह से प्रदर्शनकारी सड़कों पर आ गए और टायर जलाकर विरोध जताया।

कई जिलों में प्रदर्शनकारी रेल पटरियों और सड़कों पर भी आ गए। इसकी वजह से रेल और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं पर असर पड़ा। बिहार संपर्क क्रांति समेत कई ट्रेनों को प्रदर्शनकारियों ने रोक दिया और ट्रैक पर आकर प्रदर्शन किया।

भारत बंद के दौरान पटना में हंगामा हो गया। यहां बंद समर्थक पुलिस से भिड़ गए। पुलिस ने बंद समर्थकों पर लाठीचार्ज किया। बंद समर्थकों का जूलूस गांधी मैदान से आगे बढ़ रहा था। इसी बीच जेपी गोलंबर के पास बैरिकेडिंग की गई थी। लेकिन बंद समर्थकों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और आगे बढ़ने लगे।

पुलिस ने बैरिकेडिंग तोड़ने से रोकने की कोशिश की लेकिन बंद समर्थक आगे बढ़ते हुए डाक बंग्ला चौराहे तक पहुंच गए। हालात को काबू में करने के लिए और बंद समर्थकों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।




### राजस्थान में भारत बंद का असर

राजस्थान के भरतपुर और भीलवाड़ा में भारत बंद का असर देखा जा रहा है। सुबह से ही दुकानें बंद रही। बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। पुलिस और प्रशासन की बैठक के बाद किसी भी व्यापारी ने अपने प्रतिष्ठानों को नहीं खोला। सुरक्षा व्यवस्था की बात की जाए तो चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### गिरिडीह में ट्रेनें रोकी, हजारीबाग में राहगीरों को पीटा

भारत बंद का झारखंड के हजारीबाग, धनबाद, चाईबासा, गिरिडीह, रांची, पलामू और रामगढ़ सहित कई अन्य शहरों में व्यापक असर पड़ा। बंद समर्थकों ने रांची-जमशेदपुर, रांची-पटना और गिरिडीह-रांची मार्ग में कई जगहों पर जाम लगाया। गिरिडीह में कुछ ट्रेनों को भी रोका गया। बंद को झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस ने भी समर्थन दिया। हजारीबाग में सड़क पर उतरे बंद समर्थकों ने कई राहगीरों के साथ मारपीट भी की है। यहां रांची-पटना रोड को जाम कर दिया गया। शहर और कस्बों में दुकानें बंद करा दी गईं। बस स्टैंड से गाड़ियां नहीं खुलने दी गईं। पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में झारखंड से बंगाल और ओडिशा को जोड़ने वाले हाईवे को जाम कर दिया गया। इन दोनों राज्यों से आवागमन पूरी तरह ठप रहा। जमशेदपुर शहर में एनएच 33 डिमना चौक व कांदरबेड़ा रोड को जाम कर दिया गया। चाईबासा में बंद समर्थकों ने बाजार और दुकानें बंद करा दीं। यहां शहर में प्रवेश करने वाली सभी सड़कों को जाम कर दिया गया है।

### भारत बंद बुलाने वालों की ये थी मांग

संगठन ने हाल में सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए फैसले के प्रति विपरीत दृष्टिकोण अपनाया है, जो उनके अनुसार, ऐतिहासिक इंदिरा साहनी मामले में नौ न्यायाधीशों की पीठ द्वारा लिए गए फैसले को कमजोर करता है, जिसने भारत में आरक्षण की रूपरेखा स्थापित की थी। एनएसीडीएओआर ने सरकार से अनुरोध किया है कि इस फैसले को खारिज किया जाए क्योंकि यह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा है।

**भारत बंद का झारखंड के हजारीबाग, धनबाद, चाईबासा, गिरिडीह, रांची, पलामू और रामगढ़ सहित कई अन्य शहरों में व्यापक असर पड़ा।**

### रेलवे ट्रैक पर बैठे प्रदर्शनकारी ट्रेन सेवाएं प्रभावित

भारत बंद का असर सुबह से ही आरा में दिखने लगा। इसी कड़ी में बंद समर्थकों ने आरा रेलवे स्टेशन डाउन लाइन पर पटना की तरफ जा रही एक स्पेशल ट्रेन को रोक घंटों रेल परिचालन को पूरी तरह से बाधित कर दिया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान आरा रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर बैठ बंद समर्थकों ने जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं रेल परिचालन बाधित होने से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आंध्र प्रदेश की दवा फैक्टरी में धमाका

# 15 लोगों की मौत, 40 घायल



एजेंसी

**अमरावती :** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में बुधवार को दवा बनाने वाली एक फैक्टरी में विस्फोट से 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 40 घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, हादसे के समय यूनिट में फंसे 13 लोगों को बचा लिया गया है।बुधवार के हादसे के संबंध में अनकापल्ली जिलाधिकारी विजय कृष्णन ने बताया, जिले के अचुटापुरम स्थित एसेंशिया एडवांस्ड साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर 2~15 बजे आग लग गई। फैक्टरी में दो शिफ्ट में 381 कर्मचारी काम करते हैं। विस्फोट लंच के समय हुआ। इसलिए, कर्मचारियों की उपस्थिति कम थी। उन्होंने कहा कि धमाका बिजली से संबंधित होने का संदेह है। 40 घायल लोगों को अनकापल्ली और अचुटापुरम के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन विभाग, छह दमकल गाड़ियों को मौके पर तैनात करके बचाव अभियान में लगा हुआ है। एसेंशिया एडवांस्ड साइंसेज ने 200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अप्रैल 2019 में उत्पादन शुरू किया था। यह आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन के बहु-उत्पाद विशेष आर्थिक क्षेत्र में 40 एकड़ के परिसर में स्थित है।

**फैक्टरी में दो शिफ्ट में 381 कर्मचारी काम करते हैं। विस्फोट लंच के समय हुआ। इसलिए, कर्मचारियों की उपस्थिति कम थी।**

विस्फोट इतना जोरदार था कि इमारत की पहली मंजिल का स्लैब ढह गया। पूरे इलाके धुआं छा गया, जिससे बचाव अभियान में बाधा पहुंचा। विस्फोट से आस-पास के गांवों में भी लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद कर्मचारियों ने कंपनी के बाहर एकत्र होकर पीड़ितों के लिए मुआवजे और लापरवाही के लिए अधिकारियों को सजा देने की मांग की। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने विस्फोट पर दुख जताया है। उन्होंने अनकापल्ली के जिला कलेक्टर से बात कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए अच्छे से अच्छा इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।पिछले वर्ष, अनकापल्ली जिले में ही साहिती फार्मा की एक इकाई में सॉल्वेंट रिएक्टर में इसी तरह के विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# चंपई सोरेन ने किया नई पार्टी बनाने का ऐलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है. दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने अपने क्षेत्र में समर्थकों से मुलाकात के बाद अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा की. उन्होंने कहा है कि सात दिन के भीतर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी. दिल्ली से लौटने के बाद देर रात से सरायकेला स्थित उनके आवास पर समर्थकों का जमावड़ा लगा हुआ था. उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि बहुत जल्द पता चल जाएगा कि वे क्या करने वाले हैं. समर्थकों से बातचीत के बाद चंपाई सोरेन अलग-अलग जगहों पर जाकर समर्थकों से मिल रहे हैं.अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा के बाद चंपाई सोरेन ने कहा कि सीएम बनने के बाद जिस तरह से अपमानित किया जा रहा था. उसको बयां नहीं किया जा सकता है.चंपाई की इस घोषणा से भाजपा में शामिल होने के कयासों पर अब विराम लग गया है. हालांकि उन्होंने अभी तक नहीं बताया है कि उनकी पार्टी का क्या नाम होगा.इससे पहले कहा जा रहा था कि बीजेपी के कुछ बड़े नेताओं के संपर्क में चंपाई सोरेन थे. मगर ऐन वक्त पर खेल बिगड़ गया और दिल्ली यात्रा उनकी राजनीतिक नहीं बल्कि निजी हो गई. बता दें कि चंपई सोरेन ने अलग झारखंड राज्य आंदोलन में लंबी लड़ाई लड़ी है. झारखंड मुक्ति मोर्चा में कई बार विभाजन के बाद भी वो शिबू सोरेन के साथ डटे रहें. पहली बार साल 1991 में वो विधायक बने थे.1991 में उन्होंने निर्दलीय जीत दर्ज की थी, बाद में वो जेएमएम में शामिल हो गए. साल 2000 के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था लेकिन 2005 के बाद से वो लगातार जीतते रहे हैं.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर पोलैंड पहुंचे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में पोलैंड पहुंचे। इस दौरान वे यूक्रेन की राजधानी कीव भी जाएंगे और यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ विचार साझा करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा पिछले 45 वर्षों में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पोलैंड में अपने प्रवास के दौरान मोदी राष्ट्रपति आंद्रेज सेबेस्टियन डूडा से मिलेंगे और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।



पीएम मोदी ने कहा,पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। इससे पहले दिन में रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी आपसी प्रतिबद्धता दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करती है। मैं,हमारी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा से मिलने के लिये उत्सुक हूं।उन्होंने आगे कहा कि वे पोलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे। पोलैंड में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पोलैंड के नेतृत्व के साथ चर्चा से दोनों पक्षों को विभिन्न विषयों पर शीर्ष स्तरीय विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि उनकी वारसॉ और कीव की यात्रा दोनों देशों के साथ व्यापक संपर्कों को बढ़ाने का काम करेगी। बताया गया है कि पीएम मोदी 'रेल फोर्स वन' ट्रेन से पोलैंड से कीव की यात्रा करेंगे।

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का पलामू प्रमंडलीय कार्यक्रम की तैयारी पूरी

# सीएम हेमंत सोरेन आज पलामू में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम आज 22 अगस्त 2024 को होगा। पलामू के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में अपराह्न 1 से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग के माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के माननीय मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के माननीय मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला, बाल विकास



एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की माननीय मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह होंगे। कार्यक्रम में पलामू एवं चतरा सांसद तथा प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिलों यथा पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायकगणों को आमंत्रित किया गया है।झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर चियांकी हवाई अड्डा परिसर में व्यापक तैयारी की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सभी तरह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय की गई है।प्रमंडलीय आयुक्त श्री बाल किशुन मुंडा, डीआईजी वाई. एस. रमेश, पलामू उपायुक्त श्री शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल चियांकी हवाई अड्डा परिसर में चल रहे तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

# डॉक्टर्स ने सीबीआई कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन




एजेंसी

**कोलकाता :** डॉक्टर्स ने सीबीआई कार्यालय के बाहर किया विरोध प्रदर्शन कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की घटना में इंसाफ की मांग को लेकर डॉक्टरों ने सीजीओ(सीबीआई कार्यालय) कॉम्प्लेक्स के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली के जंतर-मंतर पर कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी के विरोध में प्रदर्शन किया गया है।कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दरिंदगी पर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने कहा, हम ममता बनर्जी का इस्तीफा चाहते हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, उन्होंने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा, पूरे देश और पश्चिम बंगाल की एक ही मांग है, न्याय।

असर्फी कैंसर संस्थान

वही तरीका वही इलाज

संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना

PET CT Scan

की सुविधा उपलब्ध

9297970030

Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

## ब्राम्बे मुड़मा में भारत बंद को लेकर आदिवासी संगठन सड़क पर उतरे

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड में भारत बंद का असर देखा जा रहा है। कई जगहों में प्रदर्शन और रोड जाम की सूचनाएं आ रही हैं। वहीं मांडर प्रखंड के ह॥39 ब्राम्बे व मुड़मा चौक में आसपास के आदिवासी संगठनों द्वारा दुकानों को बंद करवाया गया। साथ ही बंदी को सफल बनाने का आह्वान लोगों से किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी समेत कई दलों ने समर्थन किया है। **भारत बंद बुलाने वालों की है ये मांग :** संगठन ने हाल में सुप्रीम कोर्ट की सात न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए फैसले के प्रति विपरीत दृष्टिकोण अपनाया है, जो उनके अनुसार, ऐतिहासिक इंदिरा साहनी मामले में नौ न्यायाधीशों की पीठ द्वारा लिए गए फैसले को कमजोर करता है, जिसने भारत में आरक्षण की रूपरेखा स्थापित की थी। एनएसीडीएओआर ने सरकार से अनुरोध किया है कि इस फैसले को खारिज किया जाए क्योंकि यह अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक अधिकारों के लिए खतरा है। संगठन एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर संसद द्वारा एक नये कानून को पारित करने की भी मांग कर रहा है जिसे संविधान की नौवीं सूची में समावेश के साथ संरक्षित किया जाए।



## बेड़ो में भारत बंद का मिला जुला असर दिखा

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति में उपवर्गीकरण और क्रीमीलेयर को लेकर दिए निर्णय के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा 21 अगस्त को भारत बंद का बेड़ो में मिला-जुला असर देखा गया। बंद समर्थक बेड़ो शहरी क्षेत्र में सुबह सड़क पर उतरे। वही भारत बंद को देखते हुए बेड़ो में दुकान, प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रही। बैंक खुले रहे लेकिन लोगों के नहीं आने से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं रांची गुमला मुख्य मार्ग में यात्री बस व मालवाहक वाहन नहीं चले। चार पहिये, दो पहिये व ऑटो चले। लम्बी दूरी की यात्री वाहन नहीं चलने पर यात्रियो को परेशानी हुई। इधर बंद को देखते अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस बल सड़को में गश्ती करती रही। बेडो में बंद शांतिपूर्ण रहा।

## मोबाईल दुकान से अज्ञात चोर ने मोबाईल की चोरी की

**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के काठीटांड ब्लॉक रोड स्थित मां कमला मोबाईल दुकान से अज्ञात चोर ने मोबाईल की चोरी कर ली। मामले को लेकर दुकान के संचालक एवं रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड़ निवासी पवन कुमार केसरी के ब्यान पर रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी अनुसार एक ग्राहक दुकान में आया और समान लेकर 25 सौ रूपये यूपिआई से भुगतान कर चला गया। इसी दौरान उसने दुकान में रखे रियलमी की मोबाईल सेट की भी चोरी कर ली। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है। यूपीआई पेमेंट में आरोपी का नाम मिथलेश लोहारा बता रहा है। रातू पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पिपरवार मे हुई भाजपा की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत भवन में बुधवार को भाजपा पिपरवार मंडल की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा और संचालन माधुरी देवी ने किया।बैठक में पार्टी की मजबूती सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक में आगामी 23 अगस्त को रांची में होने वाले युवा आक्रोश रैली कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रांची जाने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा 25 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा होने वाले मन की बात कार्यक्रम को बुथ स्तर पर सुनने का निर्णय लिया गया।बैठक मे आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी विशेष रूप से चर्चा की गई एवं सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर इसकी तैयारी में लग जाने का आह्वान किया गया।बैठक में पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,मुखिया रीना देवी,गिरजा प्रसाद,संजय पासवान,अजय कुमार सिंह,रविन्द्र सिंह,अनिल पाण्डेय,लक्ष्मण मंडल,संतोष ठाकुर,मुकेश कुमार,अश्विनी दराद सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिट्रोन इंडिया ने बेसाल्ट लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिट्रोन इंडिया ने बेसाल्ट लॉन्च किया है, जो भारत में मेनस्ट्रीम एसयूवी कूप की शुरुआत है, जिसमें दमदार एसयूवी की खूबियाँ और स्लीक कूपे की खूबसूरती दोनों ही हैं। बेसाल्ट की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये है, जो छह वेरिएंट में उपलब्ध है और इसमें 1.2 लीटर जेन 3 प्योरटेक 110 टर्बो और प्योरटेक 82 नेचुरली एस्पिरेटेड इंजन के बीच विकल्प दिया गया है। इसकी डिलीवरी सितंबर के पहले हफ्ते में 85 ला मैसन सिट्रोन फिजिटल शोरूम में शुरू होने वाली है।बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देने के लिए डिज़ाइन की गई बेसाल्ट में क्लास-लीडिंग व्हीलबेस और बेहतर आराम के लिए एडवांस्ड कम्फर्ट0 कुशन सस्पेंशन है। इसकी मज़बूत सुरक्षा विशेषताओं में छह एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी) और आईएसओफिक्स चाइल्ड सीट एंकर शामिल हैं।

## पिपरवार के श्रमिक प्रतिनिधियों ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के श्रमिक प्रतिनिधियों ने बुधवार को सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से औपचारिक मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया।जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के एसीसी मेंबर व सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी एवं जनता मजदूर संघ के सचिव व सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर रविंद्रनाथ सिंह संयुक्त रूप से सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से औपचारिक मुलाकात किया।इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियों ने फूलों का गुलदस्ता देकर सीएमडी श्री सिंह का स्वागत किया।इस दौरान पिपरवार क्षेत्र के कोयला मजदूरों कि समस्या एवं क्षेत्र के विस्थापितो से संबंधित बकाया नौकरी एवं मुआवजा जैसी समस्या से सीएमडी को अवगत कराया।इसके अलावा क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी रखा और चर्चा की।

## ग्राम करकट्टा के बंधनी देवी वर्षो से बकरी पालन कर बन रही हैं आत्मनिर्भर

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में बकरी पालन जीविकापार्जन का बढ़िया साधन बन रहा है। ग्रामीण इलाकों में दर्जनों ग्रामीण बकरी पालन कर अपनी जीविका चला रहे है। बकरी पालन करने वाली महिलाओं को इस काम में कोई खाश परेशानी नहीं है। क्योंकि घर के आसपास ही चारा का जुगाड़ हो जाता है। व्यवसायी घर आ कर बकरी खरीद कर ले जाते हैं। साथ ही हर दो-तीन महीनें में बेहतर आमदनी भी होती है, और वैसे महिलाएं बकरी पालन कर आत्मनिर्भर भी बन रहे है। ऐसे में ग्राम करकट्टा के बंधनी देवी बकरी के व्यवसाय से जुड़ कर अपना भविष्य संवार रही हैं। बकरी पालन से देवी अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में जुटी हुई हैं। आर्थिक उन्नति से बंधनी न सिर्फ घर का सहारा बनी हुई हैं, बल्कि अपने बच्चों को भी बेहतर शिक्षा देने में लगी हैं। साथ ही दूसरे महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। इस संबंध में जानकारी देते बंधनी देवी बताते हैं कि दो दशक से पहले से इस व्यवसाय से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014-15 में मनरेगा से बकरी शेड मिला। इसके बाद कल्याण विभाग से वर्ष 2020-21 में बकरा विकास योजना के तहत चार बकरी और एक बकरा मिला। अब बकरी बढ़कर दो दर्जन से ज्यादा हो गया है। जिसके कारण बकरी का आबादी तो बढ़ गया, परंतु शेड अब छोटा पड़ रहा है। इसलिए उन्होंने नई बकरी शेड की मांग की है। उल्लेखनीय है कि पशुधन विकास योजना के तहत उन्नत नस्ल का बकरी पालन कर इसे जीविकोपार्जन का सरल माध्यम बनाया जा सकता है। बकरी पालन खलारी में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इससे प्राप्त होने वाला दूध, मांस तथा जैविक खाद आदि सभी प्रकार से लाभदायक है। खलारी क्षेत्र में बकरी पालन कर रहे वैसे किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है।



# भारत बंद का पिपरवार कोयलांचल में रहा व्यापक असर

## सीसीएल की कोयला ढुलाई एवं लोकल सेल रहा बंद, दुकानों पर लटका रहा ताला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा आहूत एक दिवसीय भारत बंद का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र एवं आस पास के ग्रामीण इलाकों में व्यापक असर देखा गया।बंद के दौरान विभिन्न इलाकों में कई सामाजिक संगठन एवं राजनैतिक दलो के लोग सड़क पर उतरकर पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।बचरा मे कोल इंडिया एससी/एसटी ईम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा और ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाई को-आर्डिनेशन काउंसिल, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा सहित कई सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों के लोग सुबह से ही सड़क पर उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान बंद समर्थक पूरे इलाके में बाइक जुलूस निकाल कर भ्रमण किया एवं घूम-घूमकर बाजारों एवं दुकानों को बंद कराया।बंद समर्थक सभी दुकानों को बंद करा कर सभी लोगों से बंदी को सफल बनाने की अपील कर रहे थे।इधर बंदी का असर सीसीएल की कोयला ढुलाई एवं लोकल सेल के कामकाजों पर भी देखा गया।सीएचपी सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग,एंव राजधर साईडिंग की कोयला ढुलाई बंद रही।वहीं दोनों साइडिंग में कोयला डिस्पैच और रैक लोडिंग का कार्य भी बन्द रहा जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन के अलावे रेलवे को भी करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।इसके अलावा लोकल सेल का कामकाज भी प्रभावित रहा। ट्रकों के माध्यम से बाहर जाने वाली कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद रहा।यात्री बसो का परिचालन बंद रहने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।पिपरवार क्षेत्र के बेंती, बिलारी,किचटो,चिरैयांटांड़, कारो,कल्याणपूर और बहेरा सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भी बंद का असर देखा गया।उक्त सभी इलाकों से बंद समर्थक बचरा चार नंबर चौक पर एकजुट होकर नारेबाजी भी की और अपना विरोध जताया।आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए फैसले के खिलाफ आहुत इस बंद को लेकर पिपरवार पुलिस भी काफी सतर्क दिखी।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पिपरवार पुलिस की टीम लगातार दिन भर क्षेत्र का भ्रमण करती रही।वहीं कोयला खदान और साइडिंग की सुरक्षा की कमान सीआईएसएफ एवं सीसीएल सिक्योरिटी विभाग के द्वारा संभाली गई।इधर बंद समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो आने वाले दिनों में इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।पिपरवार क्षेत्र में यह बंद पूरी तरह से शांतिपुर्ण तरीके से रहा।बंद के दौरान कहीं से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।इस मौके पर शंकर राम, कामेश्वर राम,इकबाल हुसैन, बाबूलाल राम,अलबर्ट एक्का, रतन लाल,रामचंद्र उरांव, आनंद मुंडा,गीता एक्का, सरोज देवी,जितेंद्र कुमार, बालेश्वर उरांव,छोटू गंझु, सचिन पासवान,धनेश्वर गंझु, मिश्रा पासवान,झरी राम,प्रेम महतो,कार्तिक राम, जंगबहादुर राम,दिनेश राम, प्रकाश राम,जेपी महराज, चमन महतो,एसडी राम, गणेश राम,ललकु भुइंया, हिमांशु चाटर,कृष्णा बैठा, निर्मल महतो,तीरथ पासवान, नागेश्वर राम,जगदीश गंझु, फागू भगत,सुनीता देवी,सीता मुंडा,मीना देवी,सुरेंद्र राम, फुलेंद्र कुमार,नरेश सेठ, पंकज दास,ईश्वर कुमार, राहुल राम,राज पाल,अजय राम,सूरज राम,रमेश उरांव, बसंत लाल,विकाश राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।





# बुढ़मू पुलिस ने टीएसपीसी कमाण्डर दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के दस्ता के तीन उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** छापर स्थित सीसीएल के बंद पड़े क्वाटर से बुढ़मू पुलिस ने तीन उग्रवादीयों को गिरफ्तार करने मे सफलता पायी है. गिरफ्तार उग्रवादियों मे बड़का गांव निवासी प्रकाश गंझु, हजारीबाग निवासी राहुल लहरी, रांची जिला निवासी मोनू कुमार बड़ाईक शामिल है. गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देशी कार्बाइन मैगजीन सहित व कार्बाइनका 9 एमएम का 13 जिन्दा गोली, एक मिस फायर गोली 9एमएम का, एक हंक मोटाइरसाइकल छ्ा॥ 01क्र- 3658,एक पल्सर मोटरसाइकल छ्ा॥ 01छक्र 0597,टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का पर्चा 11 पीस, एक काला रंग का पीठु, गोली रखने का पाउच 4 पीस, जिओ कम्पनी का राउटर व 4 मोबाईल फ़ोन बुढ़मू पुलिस ने जप्त किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों पर दर्जनों मामले अलग अलग थाने मे दर्ज है.थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि वरिय पुलिस अधिक्षक रांची को गुप्त सुचना मिली थी कि मांगलावार रात्रि मे दामोदर नदी के किनारे बड़का गांव केरेडारी एवं बुढ़मू थाना की सीमा पर स्थित ग्राम छापर में सीसीएल का बंद पड़ा क्वार्टर के सुनसान स्थान के पास टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के कमांडर दिवाकर गंजू उर्फ प्रताप जी के दस्त के चार-पांच सक्रिय सदस्य एकत्रित हुए हैं जो रंगदारी वसूलने एवं किसी बड़े उग्रवादी घटना का अंजाम देने की योजना बना रहे हैं उक्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक खिलाड़ी का नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर थाना प्रभारी बूढ़ों के साथ छापामारी किया गया, पुलिस को देखते ही उग्रवादी भागने लगे, पुलिस द्वारा घेराबंदी कर 3 उग्रवादियों को पकड़ने मे सफलता पायी वहीं दो अन्य उग्रवादी अँधेरे का फायदा उठा भागने मे सफल रहा.



**छापेमारी दल में शामिल सदस्य :** रामनारायण चौधरी उपाधीक्षक खलारी, रितेश कुमार थाना प्रभारी बुढ़मू, संजीव कुमार पुलिस अवर निरीक्षक बुढ़मू, सिपाही रंजीत कुमार तिवारी, संतोष कुमार रजक, छक्कू किसकू, राजेश कुमार सिंह, रघुनंदन मंडल, सुरेंद्र कुमार पासवान, संतोष दास, चुनमुन सिंह, अनु आंचल मिंज, अजय कुमार रवि. छापामारी दल में शामिल थे।

# आक्रोश रैली को लेकर टाटीसिलवे मंडल की हुई बैठक

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे मंडल के द्वारा प्रदेश के आदेशानुसार आगामी 23/08/2024 को रांची मे लाखो की संख्या मे कार्यकर्ता आक्रोश रैली मे उपस्थित होगें । इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आज टाटीसिलवे मंडल मे एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक के मुख्य अतिथि नव निर्वाचित रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो ( धीरज ) एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बडाईक उपस्थित थे ।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने किया ।मंडल मे पहली बार आए आदरणीय रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो एवं उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बडाईक जी का स्वागत की गई । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हेमन्त सरकार को बेनकाब करना जो झुठे वादे कर झारखंड के भोले भाले आम जनता को ठगने का कार्य कर रही है एवं कानून व्यवस्था ,विकाश का काम समाप्त सा हो गया है ।जिलाध्यक्ष एवं अन्य वक्ताओं ने आक्रोश रैली को कैसे सफल बनाए इस बात पर चर्चा हुई। इस बैठक मे जिलाध्यक्ष विनय कुमार महतो ,जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बडाईक , पुर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रीमति माधुरी देवी,पुर्व जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमति नूतन पहान, सिदाम सिह मुण्डा, उपाध्यक्ष विजय महतो , मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्र , रुदेशवर राय , सत्यजीत सिह युवा मोर्चा अध्यक्ष, मनेश महतो पुर्व युवा अध्यक्ष , मिडिया प्रभारी प्रशान्त किशोर साहू, गोवर्धन महतो किसान मोर्चा अध्यक्ष, साई नाथ महतो ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष, रतनु कुजूर एस टी मोर्चा अध्यक्ष , वरिष्ठ कार्यकर्ता मनसा महतो , महीराम महतो , राम कृष्ण महतो , सुरेन्द्र महतो सांसद प्रतिनिधी , के सी सिह बुथ अध्यक्ष , रोशन पहान युवा मोर्चा सदस्य , राजु महतो ,मनोज कुमार टोपो , सेर साह , निकोलस टोपो एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



# आजसू पार्टी खिजरी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखण्ड के हाहाप पंचायत अन्तर्गत सपारोम ग्राम में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारी महेन्द्र स्वांसी के अध्यक्षता में एक बैठक की गयी।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा आजसू पार्टी अपना संगठन विस्तार पर विश्वास रखती है इसके लिए ग्राम और टोला स्तर पर संगठन विस्तार कर चुकी है हमारी तैयारी विधानसभा चुनाव को लेकर है अगर झारखण्ड की जनता आजसू पार्टी को सरकार में लाती है तो निश्चित रूप से इस राज्य में विकास की गंगा बहेगी और झारखंड का कायाकल्प होगा। श्री उरांव ने ये भी कहा कि 25 अगस्त को 02 बजे से वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार राजाउलातु में नामकोम प्रखण्ड स्तरीय पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारीयों की बैठक होना निश्चित हुई है।जिसमें आजसू पार्टी की आगें की भावी कार्यक्रम तय किया जाएगा। मौके पर केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,सोनू उरांव,आदी दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड को उसके अधिकारों से वंचित रखा : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कार्यकर्ताओं के साथ खलारी से सटे चामा में बैठक की। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ ने उन्हें अपनी व पंचायत की समस्या से अवगत कराया। बैठक को संबोधित करते हुए बंधु तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है। विधानसभा चुनाव में हमें अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने की जरूरत है। भाजपा महागठबंधन सरकार को घेरने के लिए लोगों के बीच नकारात्मक प्रचार करने की कोशिश कर रही है। लेकिन हमें लोगों के बीच रहकर सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है। बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा के आदिवासी-मूलवासी-दलित और ओबीसी विरोधी चेहरे को उजागर करना होगा। लोगों के बीच यह भी उजागर करना जरूरी है कि भाजपा ने केंद्र सरकार के माध्यम से झारखंड की जनता के खिलाफ किस तरह से साजिश रची है। महागठबंधन सरकार के 5 साल में केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड को उसके अधिकारों से वंचित रखा। इसके बावजूद झारखंड की महागठबंधन सरकार ने अपने संसाधनों से जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रखी। यह सब जनता को बताना होगा। बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा लोगों के बीच झूठ और भ्रम का बाजार बनाती है और हम उनके पास सच्चाई भी मजबूती से नहीं पहुंचा पाते। यही हमारी कमजोरी है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद राज्य में कई विकास कार्य हुए हैं। जिससे भाजपा का मनोबल गिर रहा है। भाजपा नेताओं को पता है कि विधानसभा चुनाव में परिणाम लोकसभा से भी खराब होगा। यह सच साबित होगा। इस बैठक में खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन, मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, बुधराम उरांव, हसन अंसारी, इस्माइल अंसारी, दीपक मुंडा, शेख मोहम्मद, सुशीला तिर्की, अखतरुन खातून, परसिया तिर्की, रोशनी तिर्की, लालदेव मुंडा, कोलंबस किस्पोट्टा, बालकिशुन लोहरा, कलाम अंसारी, सकुर अंसारी, लक्ष्मण उरांव, अरुण कुजूर, इरशाद अंसारी, महादेव उरांव, मुमताज अंसारी, अहमद अंसारी, संजय उरांव, रामलाल मुंडा, जेना उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



## नए थाना प्रभारी से औपचारिक मुलाकात कर संविधान के उद्देशिका भेंट किया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सिल्ली प्रखंड के कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष हरे कृष्ण महतो के नेतृत्व में बुधवार को सिल्ली थाना के नये प्रभारी दिनेश कुमार ठाकुर से औपचारिक मुलाकात कर संविधान की उद्देशिका भेंट की ओर अपने सुझाव रखे। इस प्रतिनिधिमंडल में सिल्ली प्रखंड के बबलु महतो कार्यकारी अध्यक्ष, संजीव कुमार सचिव, कृष्णा महतो संगठन सचिव, गुहीराम स्वांसी एससी मोर्चा अध्यक्ष, चेतन महतो कोषाध्यक्ष, दिनु चौधरी एससी मोर्चा उपाध्यक्ष, बाबुलाल महतो, बुद्धि जीवी मंच, अरबिन्द महतो सदस्य, रमेश सिंह मुंडा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष, नीतीश कुमार जिला महामंत्री, जगदेव उर्फ बिनोद कुम्हार जिला उपाध्यक्ष , सुमन कुमार सदस्य उपस्थित थे ।



## भारत बंद का असर इटकी में भी दिखा

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी में भारत बंद का मिला जुला असर रहा। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एसटी एससी आरक्षण में वर्गीकरण एवं क्रीमलेयर के विरोध में आहूत भारत बंद का बुधवार को इटकी में मिला जुला असर रहा। एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सन्नाटा पसरा रहा, वाहनों का आवागमन ठप रहा। इटकी से रांची चलाने वाली बसों का आवागमन नही हुआ सभी वहाने खड़ी रहीं। वहीं सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलें बंद रही। सरकारी और निजी प्रतिष्ठान खुले रहे, लेकिन उपस्थिति कम रही। इटकी साप्ताहिक लगाने वाला बाजार लगी किंतु अन्य दिनों के अपेक्षा लोगों की उपस्थिति कम रही। व्यवसाय वर्ग इटकी नहीं पहुंचे जिससे सब्जी का थोक कारोबार प्रभावित रहा।



## शाहिद प्रकाश गोप की पहली पुण्यतिथि मनाई गई

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीबीपी के जवान शहीद प्रकाश गोप की पहली पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। इटकी साहेब मोड़ स्थित शहीद प्रकाश गोप के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परिजनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि इटकी कुंदी बगधरा पतरा निवासी आईटीबीपी के शहीद जवान प्रकाश गोप का सिक्किम में भारत चीन बॉडर पर ड्यूटी के दौरान पर्वत चढ़ने के क्रम में ऑक्सीजन की कमी के कारण गत वर्ष मौत हो गई थी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पत्नी बेबी देवी, रिशु राज, तनिष्क राज, प्रखंड कांग्रेस सचिव मोहित गोप, आशा देवी, सोनी देवी, रूपा देवी, रामधन गोप, सूरज गोप, स्रीजन, रोहित, संदीप, कुंलदीप सहित परिवार के लोग मौजूद थे।



## आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**रातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत पिर्रा में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में असलम अंसारी के पुत्र समीर अंसारी घायल हो गया है। घायल युवक का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रातू में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह 9ः30 बजे पिर्रा में विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में तू-तू मैं- मैं के साथ गाली-गलौज करने लगे। बात तब आगे बढ़ गई जब कलाम अंसारी ने बांस की लाठी से समीर अंसारी के सिर पर वार कर जख्मी कर दिया। मारपीट में पिर्रा निवासी कलाम अंसारी के खिलाफ रातू थाना में आवेदन दिया है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते सिल्वर मेडल

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साल 2024 के यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर चैलेंज में सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमृतसर में हुए इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्कूल की दो टीमों, टीम कोकोनट और टीम ज़ेन वाइटल ने भाग लिया। इन टीमों ने जूरी के सामने अपने व्यवसायिक योजनाओं को पेश किया। टीम ज़ेन वाइटल ने फिटनेस ट्रैक करने वाला एक ऐप बनाने की योजना बताई, जबकि टीम कोकोनट ने जैविक और प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों की एक श्रृंखला तैयार की। पूरे भारत के 28 स्कूलों की 51 टीमों में से, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की दोनों टीमों को उनके नए विचारों के लिए 'सिल्वर मेडल' से सम्मानित किया गया। छात्रों को श्रीकांत बोला (सक्षम उद्यमी) से मिलने का भी मौका मिला, जिन्होंने अपनी प्रेरणादायक कहानी से सभी को प्रेरित किया। संपूर्ण विद्यालय को इन छात्रों पर गर्व है । प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने इन छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपनी योजनाओं को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया।




प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधान सभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी को लेकर तीन ने आवेदन किया जमा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कार्यालय में आगामी 2024 विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला के छह विधान सभावार कांग्रेस नेताओं के उम्मीदवारी का आवेदन पत्र बायोडाटा के साथ कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जमा लिया गया। 48-जमशेदपुर पूर्वी विधान सभा क्षेत्र से आवेदन पत्र जमा करने वाले नेताओं में प्रदेश सचिव ओबीसी विभाग इंदुभुषण यादव एवं प्रदेश सचिव प्रिंस सिंह, 46-पोटका विधान सभा क्षेत्र से जिला सचिव जयराम हाँसदा ने आवेदन जमा किया। कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद ने बताया कि अगामी 23 अगस्त तक आवेदन पत्र जमा लिया जाएगा। जिसे जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को आवेदन पत्रों को अनुशंसा कर सौंपेंगे।

## मशहूर शिक्षक शादा वसती का हुआ इंतकाल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जाकीरनगर वेस्ट रोड नंबर 12 ए के रहने वाले सैयद मोहम्मद जहीरुल हक ऊर्फ शादा वसती (85) लंबी बीमारी के कारण टीएमएच में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। स्वर्गिय जहीरुल हक सरकारी स्कूल के शिक्षक के पद से रिटायर्ड हुए थे वो अपने पीछे दो बेटे दो बेटी और पत्नी को छोड़ गए है। उनके जनाजे की नमाज़ असर की नमाज के बाद अवेस करनी मजीद में अदा की गई और सुपुर्द ए खाक जकीरनगर कब्रिस्तान में किया गया। इंतकाल की खबर सुन कर परिवार एवं जानने वालों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके जनाजे में शामिल हुए जिसमे मुख्य रूप से अहसेन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ महमूद, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव मुख्तार आलम खान, रिजवान अहमद, सैयद जमाल, मोहम्मद इम्तियाज, हसीबुर रहमान चौधरी, मास्टर खुर्शीद अहमद अंसारी, राशिद हुसैन अंसारी, कबिरिया स्कूल के पूर्व हेड मास्टर रिजवान अहमद उपस्थित थे।

## भालुपानी के जाहिरडीह में डॉ विजय सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बंदगांव प्रखंड मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर भालूपानी पंचायत के अति दुर्गम एवं जंगल क्षेत्र जाहिरडीह गांव में समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने 25 केवी के बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यहां का ट्रांसफार्मर विगत 3 महीने से खराब था। ग्रामीणों के साथ मैंने बिजली विभाग के एसडीओ से मिलकर यहां ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया हूँ। उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि इस क्षेत्र के लोगों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध हो। इस मौके पर कानू सोय,भोंज सोय, साधु चरण सोय,बुधन सोय,राउतु सोय,मनोज सोय, बागुन सोय, मोनू सोय, कैरा सोय, दिनेश सोय, संतलाल सोय, राजनाथ सोय, शुरू सोय, शुकरमणि सोय, लेम्बो सोय, माकी सोय, गुरुवारी सोय, श्रीमती सोय, तुरी सोय समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवा आक्रोश रैली को लेकर सोनारी भाजपा की बैठक



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज भाजपा सोनारी मंडल की बैठक सोनारी भारत सेवा श्रम संघ सभागार में सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश एवं जिला के द्वारा निर्देशित युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के द्वारा 23 अगस्त को जन आक्रोश रैली को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया एवं आगामी 25 अगस्त को मन की बात हर बुथ पर कार्यक्रम सफल हो इसके लिए विशेष दिशा निर्देश प्रभारी के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में शामिल विजय तिवारी गंगाराम साहू, विरेंद्र प्रताप सिंह, पूरण वर्मा,सोनु ठाकुर, अमिताभ सेनापति, अखिलेश सिंह जी, अभिषेक दै , उज्जवल सिंह, प्रदीप सिंह, शंकर राय, नारायण प्रसाद,संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, राहुल तिवारी, सरिता लाल, कबिता मुंडा,रासबिहारी प्रसाद, सुजीत आदित्य,विकास साहू,सुरेश प्रसाद साहू, बाबूलाल गुप्ता, गणेश मल्होत्रा, बिराज दै, काजल मुखर्जी, कृष्णा यादव, शंकर सिंह,राहुल भट्टाचार्य, भोला साहू, डाक्टर दिपक घोष, लालू सिंह, संत कुमार, मास्टर जी, विजय कुमार, एवं मंडल में सम्मानिय देवतुल्य कार्यकर्ता गण सम्मिलित थे।

## गोविंदपुर रावण दहन समिति की नई कमेटी का हुआ गठन, भव्य आयोजन की तैयारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर रावण दहन समिति की एक बैठक में पिछले वर्ष की कमेटी को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। नई कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मुख्य संरक्षक, राधेश्याम सिंह को मुख्य संस्थापक, श्याम किशोर सिंह को संरक्षक, चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष और कमलेश सिंह को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा, ललन शाह, भारत भूषण, विजय यादव, डॉ. रोशन झा, और रमन झा को संरक्षक के रूप में शामिल किया गया है, जबकि अशोक सिंह और बलराम प्रताप सिंह को सलाहकार की भूमिका दी गई है। इस बैठक में कमेटी के अन्य सदस्यों में कामेश्वर पांडे, जुगनू वर्मा, अविनाश, धीरज सिंह, अवधेश शाह, भूषण दीक्षित, जय नारायण सिंह, अमर बहादुर, उपेंद्र कुमार, उदय सिंह और जय कुमार शामिल हुए। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर रावण दहन आयोजन को सुरक्षित और भव्य तरीके से मनाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। मालूम हो कि छोटा गोविंदपुर में 2007 से लगातार रावण दहन का आयोजन हो रहा है, जिसमें हर साल बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन दशहरा के अवसर पर किया जाता है।

## खेलो झारखंड के तहत कुचाई खरसावां में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बच्चों अपने प्रतिभा दिखा सके। वहीं झारखंड सरकार शिक्षा विभाग की ओर से खरसावां कुचाई में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान माझी, विधायक प्रतिनिधि अनूप सिंह देव, बीइईओ नवल किशोर सिंह, मुखिया सुनीता तापे, मो दिलदार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ प्रधान माझी ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता के माध्यम से कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को जिला स्तर में अपना परचम लहराने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ प्रधान माझी, मुखिया सुनीता तापे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, मो दिलदार मजीद खान आदि उपस्थित थे।

# कोल्हान में भारत बंद का रहा मिलाजुला असर

- **पटमदा में भारत बंदी का आंशिक असर, 2 दर्जन बंद समर्थक गिरफ्तार, रिहा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एसटी- एससी के आरक्षण में उप वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ आहूत भारत बंदी का पटमदा, कमलपुर व बोड़ाम थाना क्षेत्र में बुधवार को आंशिक असर देखा गया। सुबह से वाहनों का परिचालन सामान्य रहा। जबकि साढ़े 11 बजे विभिन्न दलों से जुड़े करीब एक दर्जन लोग पटमदा के बेलटांड़ चौक स्थित टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर उतरने से दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मौके पर सुबह से ही मौजूद पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत ने बंद समर्थकों को समझाते हुए करीब एक घंटे के अंदर सड़क पर आवागमन शुरू कराया। डेढ़ दर्जन से अधिक बंद समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें मुख्य रूप से अमर सिंह सरदार, चन्द्रशेखर टुडू, जीतूलाल मुर्मू, शत्रुघन सिंह, सुभाष कर्मकार, कालीराम सिंह, बृहस्पति सिंह, अश्विनी महतो, कृष्णपद सिंह, दिवाकर टुडू, सुकदेव हेंब्रम, दुर्योधन सिंह, राधेश्याम दास, फनी महतो, ऋतुराज मुर्मू, राजू कर्मकार आदि समेत 22 लोग शामिल थे। ढाई बजे के बाद थाना से ही छोड़ दिया गया। इससे पूर्व बेलटांड़ बाजार की दुकानों को कुछ घंटों के लिए बंद कराया गया।

## गम्हरिया प्रखंड में रहा मिलाजुला असर



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को आहूत भारत बंद का गम्हरिया प्रखंड में मिलाजुला असर रहा। इस भारत बंद का झामुमो, कांग्रेस, राजद समेत कई दलित संगठनों ने भी समर्थन किया था। इस दौरान कांड्रा में दिनभर जहाँ सभी दुकानें खुली रही। वहीं गम्हरिया में उषा मोड़ के समीप टाटा-कांड्रा मुख्य सड़क पर उतर कर बन्द समर्थकों ने दुकानें जबरन बन्द कराई तथा टायर जलाकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रातः करीब आठ बजे सड़क पर उतरे बन्द समर्थकों द्वारा जबरन दुकानें बंद कराई गई तथा सड़क जाम किया गया। इस जाम के कारण दोनों ओर करीब तीन किमी तक छोटी-बड़ी वाहनों की कतारें लग गई जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उक्त जाम के कारण सबसे ज्यादा परेशानी औद्योगिक क्षेत्र व अन्य दफ्तरों में ड्यूटी आने-जाने वाले लोगों को हुई। सड़क जाम की सूचना पर गम्हरिया पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम कर रहे प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन बंद समर्थक नहीं माने और उषा मोड़ के पास मुख्य सड़क को जाम रखा जिससे यातायात आगमन पूरी तरह ठप्प रहा। इधर, गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर दोपहर में राजद नेता अर्जुन यादव के नेतृत्व में बंद के समर्थन में रैली निकाली गई जिसमे कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान भी लाल बिल्डिंग चौक पर कई दुकानें खुली रही।

## पैदमपुर गांव में धारदार हथियार से सिर पर वारकर एक व्यक्ति की हत्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिमी सिंहभूम जिला के टोकलो थाना क्षेत्र के होयोहातु पंचायत स्थित पैदमपुर गांव में एक युवक की धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार देर रात की है। बताया जाता है कि पैदमपुर गांव निवासी जोटो गुंडूवा के 25 वर्षीय पुत्र माली गुंडूवा मंगलवार रात गांव की सड़क पर खड़ा होकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसी बीच एक बोलेरो गाड़ी में कुछ लोग वहां पहुंचे और माली गुंडूवा को अपने साथ गाड़ी में बैठाकर ले गये। वहीं गांव से कुछ दूरी पर एक धारदार हथियार से उसकी कनपट्टी व सिर पर वारकर हत्या कर फरार हो गये। जब ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे तो माली गुंडूवा को मृत पाया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल टोकलो थाना को दी, लेकिन रात में पुलिस गांव नहीं पहुंची। वहीं बुधवार सुबह पुलिस गांव पहुंची और शव को बरामद कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इधर गांव में युवक की हत्या किये जाने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल कायम है। स्थानीय लोगों के अनुसार उस क्षेत्र में आए दिन हत्या जैसी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल है। कुछ दिनों पहले 10 अगस्त की शाम टोकलो थाना क्षेत्र के सुरबुड़ा पंचायत के सोरजमडीह गांव में एक व्यक्ति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस इस मामले का भी अब तक उद्भेदन नहीं कर पायी है। इधर इस मामले को लेकर टोकलो थाना प्रभारी परमेश्वर उरांव से पूछे जाने पर बताया कि युवक की हत्या नहीं हुई बल्कि यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। जांच के बाद ही पूरा मामला सामने आ पायेगा।

## दशरथ गागराई ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत किया चार सड़कों का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने मंगलवार को अपने पंचायत तेलाईडीह में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत लगभग 10 करोड़ की लागत से चार सड़कों के विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया. विधायक श्री गागराई ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत जोजोकुड़मा से सिंगाडीह चौक तक 1.50 किमी,लोसोदिकी चौक से चरणटांड तक 2.91 किमी,हेंसाडीह से तेलाईडीह चौक तक 1.65किमी एवं आरइओ पथ चिरूडीह से बड़ाकुड़मा भाया कोलाईडीह तक 4.960 किमी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया. विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित करना मेरी प्राथमिकता है। चुनाव के समय जनता से जो वादा किया गया है। उसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। मौके पर विधायक दशरथ गागराई समाजसेवी बासंती गागराई विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा प्रधान,अरूण जामुदा,मुखिया सिनी गागराई,कान्हु प्रधान,अजय सामड,दशरथ महतो,रंगबाज बेहरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

## ईचागढ़ में भारत बंद को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरेआदिवासी समाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में भारत बंद को सफल बनाने को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों द्वारा सड़क पर उतर कर बंद कराया। डुमटांड़ मोड़ पर टायर जलाकर व नारेबाजी करते हुए भारत बंद को सफल बनाने का आह्वान किया। आदिवासी समाज के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लेने का मांग करते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया। सिल्ली रांगामाटी सड़क को बंद कराया। बंद समर्थकों ने आदिवासी एकता जिंदाबाद, केंद्र सरकार हाय हाय, आरक्षण कटौती बंद करो, आदेश को वापस लो आदि नारे लगाते हुए सड़क पर प्रदर्शन किया। एंबुलेंस व आवश्यक वाहनों को छोड़ दिया गया। दुकाने बंद कराए गए। सड़कें बीरान और लोगों का आवागमन प्रभावित हुआ। लंबी दुरी की वाहनों का परिचालन बंद रहा। बंद समर्थकों द्वारा डुमटांड़ में सड़क पर उतरकर बंद कराने से सिल्ली रांगामाटी सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी ने कहा कि एसटी एससी कोटा में क्रिमीलेयर का समायोजन के सुप्रीम कोर्ट का फैसला के खिलाफ आज भारत बंद को सफल बनाने के लिए डुमटांड़ मोड़ पर विभिन्न आदिवासी संगठनों के साथ बंद कराया गया। उन्होंने कहा कि दुकानें स्वतः बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एक सौ प्रतिशत भारत बंद सफल रहा और शांतिपूर्ण ढंग से बंद कराया गया। मौके पर विश्वनाथ उरांव, राजेन सिंह मुण्डा, राम सिंह मुण्डा, छुटु सिंह मुण्डा, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा सहित सैकड़ों बंद समर्थक उपस्थित थे।

## गोविंदपुर- खुकड़ाडीह सड़क बना जर्जर, भाजपा नेता विमल बैठा ने धान रोपकर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर से खुकड़ाडीह सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। जगह जगह पर बने गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से गढ्ढे तालाब में तब्दील हो चुके हैं। बुधवार को भाजपा नेता विमल बैठा ने स्थानीय लोगों के साथ जर्जर सड़क में धान रोपकर विरोध प्रकट किया। भाजपा नेता ने बताया कि यह गोविंदपुर - खुकड़ाडीह मुख्य सड़क है। इसी सड़क से हजारों लोग रोजाना गोड़ाडीह होते हुए जादूगोड़ा की ओर जाते हैं। सड़क बड़े - बड़े गड्ढों में तब्दील हो जाने से रोजाना हादसा होते रहता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है। अन्यथा ग्रामीण जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर ग्रामीण रणधीर सरदार, अजय गोप, राजेश दास व संजय समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विवेक विद्यालय में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह अभियान का शानदार उद्घाटन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में आज सुरक्षा जागरूकता साप्ताहिक अभियान का भव्य उद्घाटन विद्यालय प्राचार्य अवधेश सिंह के द्वारा संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को विभिन्न सुरक्षा नियमों से अवगत कराना, सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षा को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित करना है। प्राथमिक विभाग के बच्चों द्वारा सुरक्षा गीत की प्रस्तुति हुई वहीं सीनियर विभाग के बच्चों द्वारा सुरक्षा नियमों की थीम पर भाषण एवं अनुच्छेद वाचन की प्रस्तुति हुई। इस साप्ताहिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत पूरे सप्ताह विद्यार्थियों द्वारा स्किट, नुक्कड़ नाटक, लघुनाटिका, स्लोगन लेखन, सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आदि के माध्यम से समाज के लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाएगा।

## लापता ट्रेनी विमान की खोज में एनडीआरएफ की टीम ने दिनभर चांडिल डैम में बहाया पसीना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल डेम में बीते मंगलवार को एक विमान क्रेस होकर गिरने की मामला सामने आया है। मंगलवार को जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 50 मिनट बाद लापता हुए ट्रेनी विमान के चांडिल डैम में गिरने की स्थानीय लोगो ने पुष्टि किया है। मंगलवार की शाम से ही डैम और आसपास के क्षेत्रों में इसकी तलाश जारी थी. सूत्रों के अनुसार बुधवार की सुबह कोयलागढ़ क्षेत्र के पास डैम में विमान के गिरने का लोकेशन मिला है. सुबह एनडीआरएफ की टीम भी चांडिल डैम पहुंच गई है. वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम चांडिल डैम और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद थे. पानी में एक पायलट का जूता भी मिलने की बात कही जा रही



नेवी की टीम आज उतरेगी चांडिल डैम में

है, लेकिन अधिकारियों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है. बता दे कि अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का यह विमान मंगलवार को सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद लापता हो गया था. वही आज दिनभर एनडीआरएफ की टीम चांडिल में विमान की तलाश करती रही लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। वही चांडिल एसडीएम, सडीपीओ, बीडीओ, खुद स्ट्राइमाक से डेम अंदर लगभग तीन से पांच किलोमीटर पानी के अंदर घटना स्थल की मौइना की. एनडीआरफ की टीम पानी के गहराई में नहीं जा पा रहा है। जिसको देकते हुए नेवी की टीम की मांग किया गया है. नेवी के जवान चांडिल के लिए निकल चुके है। वहीं सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को पत्र भेजकर नेवी के सहयोग का आग्रह किया था। आज रात विशेष विमान से 15 लोगों की टीम, 4 हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ रांची पहुंचेगी। रांची से फिर यह टीम चांडिल के लिए रवाना होगी। कल सुबह से नौसेना की पूरी टीम चांडिल डैम में उक्त विमान की खोज शुरू करेगी।

## डॉ. अजय कुमार ने घर नहीं टूटने देने का भुईंयाडीह के लोगों को दिलाया भरोसा

- **23 अगस्त को अधिवक्ता संदीप बनर्जी एनजीटी में भुईंयाडीह के लोगों का रखेंगे पक्ष**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

जमशेदपुरः भुईयाडीह के कल्याण नगर,इन्द्रानगर भुईया नगर और छायानगर सहित स्वर्णरेखा नदी तट के किनारे बसे 150 परिवार के लोगों से बुधवार को पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने मुलाकात कर उन्हें इस मामले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी साथ ही भरोसा दिलाया कि एक भी घर टूटने नहीं दिया जाएगा। मौके पर उन्होंने कहा कि यह अब केवल आपकी लड़ाई नहीं रह गई हम इसको अंजाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे. आप निश्चिंत रहिए की इंडिया गठबंधन की सरकार के रहते एक भी घर टूटने नहीं दिया जाएगा। डॉ. अजय ने लोगों को बताया कि रांची हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है. वहीं 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संदीप बनर्जी एनजीटी(नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल) में भुईयाडीह के लोगों का पक्ष रखेंगे. इसका पूरा खर्च वो स्वंय (डॉ. अजय कुमार) वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि अटर्नी जनरल राजीव रंजन ने आश्वस्त किया की लोगों के घरों के बचाने को लेकर सरकार एनजीटी में अपना पक्ष रखेगी. डॉ. अजय ने कहा कि आप लोगों को बिल्कुल भी डरने की जरुरत नहीं है. हर मोर्चे पर हम आपके साथ है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में डॉ. अजय कुमार ने सबसे पहले पहल करते हुए 13 जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का आग्रह किया था. वहीं रांची हाई कोर्ट में एनजीटी के नोटिस के खिलाफ याचिका दायर किया गया. वहीं अजय कुमार के आग्रह पर ही सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता ने संदीप बनर्जी इस केस की पैरवी करने का आश्वासन दिया है. अजय कुमार इस मामले को गंभीरता से लेकर लगातार कार्य कर है. इस क्रम में आज डॉ. अजय ने भुईंयाडीह के लोगों से मुलाकात कर उन्हें इस मामले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश साहू , निरंजन प्रसाद, रौनक कुमार, रजनीश सिंह, रवि रंजन, राजकिशोर गुप्ता, शिबू महतो, प्रीति, देवी, रानी, खुसबू, संतोष गुप्ता, राहुल सिंह, मुन्ना साव, युवा कांग्रेस के विधानसभा के उपाध्यक्ष गौतम साहू, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। बड़ी संख्या में बस्ती वासी के महिलाएं उपस्थित थी।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RE-13/2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 29.08.2024 को 1.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 30.08.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 30.08..2024 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरेडारी | पंचायत पेटो ग्राम चट्टी पेटो प्रकाश ठाकुर के घर से शिव मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 4953900.00 | 99100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2. | कटकमदाग | ग्राम नवादा के टोला बनहा में श्यामलाल गोप के घर से रामचद्र यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली का निर्माण कार्य। | 3659000.00 | 73200.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट : 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।

3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
   i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
   ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 333355 Rural Development(24-25)#D

संपादकीय

## आपदा में खड़ा हिमाचल

**यहां** बादल का फटना एडवाइजरी बन जाता है, क्योंकि हम आपात की स्थिति में ही तैनात हैं। गुरुवार के दिन बादल, बरसात और बाढ़ बता रही थी कि इस विपदा की घड़ी में कौन मौजूद है। कल का दिन मुआयना कर गया कि हम किस दौर के राहत काल में हैं। हमने राहत के पहरुआ बने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सरोकार देखे, सरकार का व्यवहार और प्रशासन का कदमताल देखा। दिल्ली से आती हुई घंटियां मुख्यमंत्री कार्यालय के फोन ने सुनीं। गृहमंत्री अमित शाह ने बाकायदा जायजा लिया स्थिति का, तो राहुल गांधी ने सरकार को तुजुर्बा दिया। चिंताओं से ग्रस्त जगत प्रकाश नड्डा की पावती आई, तो कहीं बीच में चंबा का दौरा छोड़ मंत्री विक्रमादित्य सिंह बाढग़्रस्त दुरुह क्षेत्रों की ओर निकल गए। गुजरती बाढ़ से ही संवेदना का आगमन कष्ट देख रहा है, सिसकियां सुन रहा है और कहीं व्यक्तिगत योगदान के नए मुहावरे गढ़ रहा है, लेकिन इसी बीच जिनके फोन आते हैं-खत नहीं आते, क्या कहें। आश्चर्य है कि आपदा में खड़ा हिमाचल अपनी ही एक सांसद से गुजारिश कर रहा है कि इस वक्त राज्य उनके लायक नहीं है। उनके पांव में छाले न पड़ जाएं, कहीं रुह कांप न जाए और कहीं उन्हें मालूम न हो जाए कि पहाड़ किस तरह ऐसे हादसों से रू-ब-रू होता है। मोहतरमा कंगना रनौत की निजी जिंदगी के आराम बतौर सांसद, जनप्रतिनिधित्व के दायित्व को हराम कर सकते हैं, यह वह खुद सोशल मीडिया को बता रही हैं। इस तरह वह हिमाचल की पीड़ा को निम्न स्तर पर पहुंचाती हुई कहती हैं कि उन्हें सलाह मिली है कि आपदाग्रस्त संसदीय क्षेत्र में फिलवक्त न आएं। कोई बात नहीं, हम खुद ही खुद को दुरुस्त करते हैं, ताकि एक सांसद के सामने लाल कालीन बिछा कर स्वागत कर सकें। मंडी की सांसद का बयान उनकी साफगोई की वजह से उन्हें निर्दोष करार दे सकता है, लेकिन लापता हुए लोगों-तैरती हुई लाशों व गुम होते रिश्तों का भी कोई दोष नहीं। दोष तो हिमाचल सरकार का न पिछले साल था और न ही इस साल है। दोष पिछले साल बरसात से हुई दस हजार करोड़ के नुकसान या इतनी राहत राशि मांग कर हिमाचल का नहीं था। हम नहीं चाहते कि कंगना को बतौर सांसद हिमाचल आने में कोई दिक्कत हो, लेकिन यह जरूर चाहते हैं कि वह प्रदेश के हक में जुबान खोलें। हम पिछले साल और इस साल हुए नुकसान का अनुमान बना कर उन्हें भेज दें, वह कृपया राहत दिलाकर आजादी का एहसास और एहसान कराएं। बहरहाल अब सवाल हर सांसद से भी है कि पिछली राहत की टांगें क्यों टूटीं और इस बार बात फोन से आगे राहत की जुबां में होनी चाहिए। ऊंचे संबोधनों की कोई लागत नहीं होती, लेकिन जमीं पर चलने के लिए खून खर्चीला हो गया। गुमसुम है माहौल क्योंकि, साहब को यकीं नहीं है। इन बादलों का पता हो सकता है किसी को मालूम नहीं, लेकिन जमीन को मालूम है कि उसने खुद को खोया कितना है। हम आपदा को महोत्सव बना कर नहीं खेल सकते और दर्द को केवल उछाल नहीं सकते। मरहम लगाने के लिए हाथ खोलने और राहत का स्पर्श देने के लिए कदम उठाने पड़ेंगे। हिमाचल से लोकसभा व राज्यसभा के समस्त भाजपा सांसदों का फर्ज यह नहीं कि राज्य का हालचाल पूछने के लिए मुख्यमंत्री को केवल फोन कर दें, बल्कि आपदा की सूचना प्रधानमंत्री तक पहुंचानी है। आखिर संसदीय क्षेत्र में भी प्रदेश का दर्द जब बहता है, तो दायित्व की राष्ट्रीय संवेदना को ही एहसास होना चाहिए। अब राहत का पैकेज जिस दिल, क्षमता और संवेदना से चाहिए, वह दिल्ली को बताना पड़ेगा जहां हिमाचल के प्रतिनिधि ये सांसद हैं।


हमने राहत के पहरुआ बने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सरोकार देखे, सरकार का व्यवहार और प्रशासन का कदमताल देखा। दिल्ली से आती हुई घंटियां मुख्यमंत्री कार्यालय के फोन ने सुनीं। गृहमंत्री अमित शाह ने बाकायदा जायजा लिया स्थिति का, तो राहुल गांधी ने सरकार को तुजुर्बा दिया। चिंताओं से ग्रस्त जगत प्रकाश नड्डा की पावती आई, तो कहीं बीच में चंबा का दौरा छोड़ मंत्री विक्रमादित्य सिंह बाढग़्रस्त दुरुह क्षेत्रों की ओर निकल गए। गुजरती बाढ़ से ही संवेदना का आगमन कष्ट देख रहा है, सिसकियां सुन रहा है और कहीं व्यक्तिगत योगदान के नए मुहावरे गढ़ रहा है, लेकिन इसी बीच जिनके फोन आते हैं-खत नहीं आते, क्या कहें। आश्चर्य है कि आपदा में खड़ा हिमाचल अपनी ही एक सांसद से गुजारिश कर रहा है कि इस वक्त राज्य उनके लायक नहीं है। उनके पांव में छाले न पड़ जाएं, कहीं रुह कांप न जाए और कहीं उन्हें मालूम न हो जाए कि पहाड़ किस तरह ऐसे हादसों से रू-ब-रू होता है। मोहतरमा कंगना रनौत की निजी जिंदगी के आराम बतौर सांसद, जनप्रतिनिधित्व के दायित्व को हराम कर सकते हैं, यह वह खुद सोशल मीडिया को बता रही हैं।


चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई

## आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था का अहम फैसला

ललित गर्ग


न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता।


**सुप्रीम** कोर्ट ने अनुसूचित जातियों-जनजातियों यानी एससी-एसटी समुदाय में आरक्षण के भीतर आरक्षण का रास्ता साफ करके आरक्षण की व्यवस्था को तार्किक, न्यायसंगत, समानतापूर्ण बनाने का सराहनीय कार्य किया है। न्यायालय के इस तरह के फैसले मिसाल ही नहीं, मशाल बन कर सामने आ रहे हैं, जिससे राष्ट्र की विसंगतियों एवं विडम्बनाओं से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित हो रही है। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। क्योंकि बड़ा सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। यह भी एक तथ्य है कि एससी-एसटी समुदाय में कई जातियां ऐसी हैं, जिन्हें आरक्षण का न के बराबर लाभ मिला है। ऐसा इसीलिए हुआ है, क्योंकि आरक्षण का अधिक लाभ इन वर्गों की अपेक्षाकृत समर्थ जातियां उठाती हैं। यही स्थिति ओबीसी में है। कई अति पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचा है। राजनीतिक एवं संवैधानिक विसंगतियों के कारण ऐसा होता रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इस फैसले से 2004 के पांच सदस्यीय संविधान पीठ के फैसले को पलट दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी-एसटी समुदाय एक जैसा है और उनकी विभिन्न जातियों में कोई भेद नहीं किया जा सकता। यह वस्तुस्थिति नहीं थी, इस विसंगति को सुधार कर सुप्रीम कोर्ट ने न्यायसंगत उपक्रम किया है। अब राज्यों एवं केन्द्र सरकार को बहुत सावधानी से कदम उठाने होंगे। इस ताजे फैसले के बाद अनेक राज्यों में जातिगत गणना की होड़ शुरु हो सकती है एवं राजनीति दलों में आरक्षण का मुद्दा नये आक्रामक रूप में उभर सकता है। लेकिन एक आदर्श समता, समानता एवं संतुलनमूलक समाज-



व्यवस्था को निर्मित करने की दिशा में कोर्ट का यह फैसला अहम है।

संविधान पीठ के अनुसार, आरक्षण का मुख्य मकसद आर्थिक और सामाजिक समानता लाना है, पर इसके लिए शहर और गांव की सामाजिक हकीकत में अंतर के साथ आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखना जरूरी है। एससी समुदाय में भी दो बड़े वर्ग है, जिनमें गहरा फासला है। बड़े अफसरों और बड़े वकीलों के बच्चों की तुलना में मैला ढोने वाले बच्चों से करना कैसे न्यायसंगत हो सकता है? इसलिए पीछे रह गई जातियों को मुख्यधारा में लाने के लिए ओबीसी की तर्ज पर एससी में भी कोटे के भीतर कोटे को न्यायाधीशों ने सांविधानिक माना है। आज के समय में इस फैसले की जरूरत को समझा जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 140 करोड़ जनसंख्या की सामाजिक स्थिति और आर्थिक हैसियत के आंकड़े स्पष्ट तौर पर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनसंख्या के आधार पर आनुपातिक आरक्षण की मांग बढ़ने से सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष बढ़ सकता है। क्या इस फैसले से राज्यों में मनमानी बढ़ सकती है? अब नौजवानों से जुड़े अनेक मुद्दों जैसे रोजगार, कोचिंग, अग्निवीर, नीट, इंटर्नशिप, नकल और शिक्षा पर बहस के बीच इस फैसले से क्रीमीलेयर का मुद्दा फिर गरमा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का अधिकार राज्य सरकारों को भी दे दिया है। इस अधिकार का दुरुपयोग होने की आशंका भी है, क्योंकि सत्तारूढ़ राजनीतिक दल वोट बैंक बनाने के लालच में एससी-एसटी जातियों का मनमाना उपवर्गीकरण कर सकते हैं। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि आरक्षण सामाजिक न्याय का जरिया है, न कि वोट बैंक की राजनीति का हथियार। वैसे भी अब तक देश में आरक्षण वोट बैंक को सुदृढ़ बनाने का हथियार बना रहा है और राजनीतिक दल इसका अनुचित लाभ उठाते हुए अपेक्षित समुदायों तक आरक्षण का लाभ नहीं पहुंचने दिया।

सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले के बाद स्थितियां उग्र एवं आक्रामक होने के साथ प्रभावी भी होगी। इसलिये अब आरक्षण का कई पहलुओं से मूल्यांकन जरूरी हो गया है। वैसे फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर ही किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण एवं स्वार्थपूर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांग, महिला, ईडब्ल्यूएस जैसी सभी वर्गों के आरक्षण को जोड़ा जाए, तो 99 फीसदी आबादी आरक्षण के दायरे में आ जाती है। चारों राज्यों में होने वाले चुनावों के मद्देनजर देखें, तो इस फैसले के बाद आरक्षण की राजनीति के साथ अदालतों में मुकदमेबाजी भी बढ़ सकती है, जिसका समाधान सूझबूझ एवं लोकतांत्रिक तरीके से करना होगा। अनुच्छेद-19 के तहत नागरिकों को पूरे देश में व्यवसाय और रोजगार का अधिकार है, इसलिए आरक्षण के माध्यम से न्याय और समानता स्थापित करने के लिए जातियों के व्यापक वर्गीकरण की राष्ट्रीय नीति को न्यायिक मान्यता देनी पडे़गी। आरक्षण के बावजूद अपेक्षित लोगों को इसका लाभ न मिलना संवैधानिक एवं राजनीतिक विसंगति का प्रमाण है। ताजे फैसले के बाद राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद जगी है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित एससी-एसटी वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। आरक्षण के बावजूद भूमिहीन एवं निर्धन लोगों की स्थिति आज भी दयनीय एवं असंतुलित है।

दृष्टि कोण

## सारे पहाड़ी भारत में भूस्खलन का खतरा

**इसरो** द्वारा गत वर्ष तैयार भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील देश के 147 जिलों के मानचित्र में हिमालयी राज्यों में उत्तराखण्ड को सर्वाधिक और दक्षिण में केरल को दूसरे नम्बर पर संवेदनशील दर्शाया गया था। मानचित्र में उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग और टिहरी समेत सभी 13 जिले भूस्खलन के लिये संवेदनशील बताये गये थे। उसी मानचित्र में केरल के सभी 14 जिलों को भी संवेदनशील माना गया था, जिनमें केरल के थ्रिसूर को तीसरे, पालाक्काड पांचवें, मालपापुरम सातवें, कोजिकोडा दसवें और वायनाड को 13वें नम्बर पर रखा गया था।

वैज्ञानिक अध्ययन का नतीजा पिछले साल हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में देख चुके थे। अब इसरो की भविष्यवाणी केरल में 30 जुलाई की प्रातः सामने आ गयी। अगर वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और विशेषज्ञ संस्थानों की चेतावनियों की अनदेखी करते रहेंगे तो इसी तरह के भयावह हादसों का इंतजार करना पड़ेगा। पश्चिमी घाट और हिमालयी राज्यों में भूस्खलन का जोखिम अवश्य ही प्राकृतिक है जिसे हम दूर नहीं कर सकते लेकिन यह जोखिम मानवीय कारकों के कारण काफी बढ़ गया है।

भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग की 2001 की रिपोर्ट पर गौर करें तो उस समय केरल में 11,772 सघन वन और 3,788 खुले वन थे। नवीनतम वर्ष 2021 की रिपोर्ट में राज्य में 1,944 वर्ग किमी अति सघन, 9,472 वर्ग किमी सामान्य सघन और 9,837 खुले वन दिखाये गये हैं। नवीनतम रिपोर्ट के सघन वनों की दोनों श्रेणियों को जोड़ा जाये तो वह 11,416 वर्ग किमी बनता है। जबकि 2001 में राज्य में कुल 11,772 वर्ग किमी सघन वन थे। इस तरह राज्य में दो दशकों में 356 वर्ग किमी सघन वन गायब हो गये।



वर्ष 2019 की रिपोर्ट की तुलना में भी 2 साल के अन्दर ही केरल में 36 वर्ग किमी सघन वन घट गये और खुले वनों का आकार 136 वर्गकिमी बढ़ गया। सघन वन धरती की एक प्राकृतिक छतरी होते हैं जो कि बारिश की तेज बूंदों को तो थामती ही है, साथ ही उन वृक्षों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती हैं जिससे भूस्खलन रुकता है। भूस्खलन पहाड़ी क्षेत्रों में ही होता है, इसीलिये हिमालयी राज्यों के साथ ही पश्चिमी घाट से संबंधित कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात के पहाड़ी क्षेत्रों को भूस्खलन के लिये अधिक संवेदनशील माना गया है। केरल के 14 में से 10 जिले पहाड़ी हैं जहां 16,959 वर्ग किमी क्षेत्र में वन हैं। इन वनों में 15,49 वर्ग किमी अति सघन, 7,212 वर्ग किमी सामान्य सघन और 7,212 वर्ग किमी खुले वन हैं। वनों का ह्रास इन्हीं पहाड़ी जिलों में हो रहा है।

वायनाड का नवीनतम भूस्खलन केरल की कोई नयी त्रासदी नहीं है। यहां भूस्खलनों के लिये प्राकृतिक कारण तो अवश्य हैं मगर इसके लिये मानवीय कारण भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। सन् 2001 में कोट्टायम जिले में भी एक बड़े भूस्खलन में कई लोग मारे गए और व्यापक क्षति हुई थी। मानसून के मौसम में, इडुक्की जिले और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण जान-माल के नुकसान के उदाहरण मौजूद हैं। सन् 2018 की बाढ़ के साथ राज्य भर में कई भूस्खलन हुए। उस समय खासकर इडुक्की, वायनाड और मलप्पुरम के पहाड़ी जिलों में भारी नुकसान हुआ था। इसी तरह 2019 में भी विभिन्न जिलों में भीषण भूस्खलन हुआ। उस समय वायनाड में पुथुमाला और मलप्पुरम में कवलप्पारा जैसे इलाके गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे। अगस्त, 2020 में इडुक्की जिले के पेट्टीमुडी इलाके में एक भयावह भूस्खलन हुआ, जिसमें कम से कम 66 लोग मारे गए।

केरल में मानसून के मौसम में भारी और तीव्र वर्षा होती है जिससे मिट्टी की धारण क्षमता कमजोर होने से भूस्खलन होता है। कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) में वायुमंडलीय राडार अनुसंधान केन्द्र के एक अध्ययन के अनुसार अरब सागर के गर्म होने से घने बादल तंत्र बन रहे हैं, जिससे केरल में कम समय में ही अत्यधिक भारी वर्षा हो रही है और भूस्खलन की संभावना बढ़ रही है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्षा की तीव्रता में वृद्धि मानसून के मौसम में पूर्वी केरल में पश्चिमी घाट के उच्च से मध्य-भूमि ढलानों में भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ रही हैं। वनों को कृषि और शहरी क्षेत्रों में बदलने से मिट्टी को स्थिर करने में मदद करने वाला प्राकृतिक वनस्पति आवरण कम हो रहा है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## विभिन्न राजनीतिक संगठनो ने उरीमारी में सड़कों पर उतर कर भारत बंद का किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में कोयला का हब कहे जाना वाला उरीमारी में बुधवार को एससी-एसटी आरक्षण में सुप्रीम कोर्टृ। के द्वारा क्रीमी लेयर लागू करने के आदेश को वापस लेने कि मांग को लेकर यहा के विभिन्न राजनीतिक संगठनो के द्वारा भारत बंद का समर्थन करते हुए उरीमारी चेकपोस्ट को पुरी तरह से जाम कर दिया। वहीं हजारीबाग और रामगढ़ जिला को जोड़ने वाली सीमांत क्षेत्र उरीमारी चेकपोस्ट के समीप पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं ने सुबह छह बजे से ही डटे रहे।और सभी वाहनों को रोक दिया। एससी एसटी वर्गीकरण मामले में बुलाई गई इस बंदी में उरीमारी, सयाल कि लगभग सभी दुकानें और कोयले कि ट्रांसपोर्टिंग पुरी तरह से बंद रहीं। सड़कों पर एक भी वाहन नही चले। वहीं इस बंदी के कारण निजी विद्यालय भी बंद रहे। वहीं इस भारत बंद का झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस पार्टी,



आदिवासी संगठन,आजसू पार्टी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, युनाइटेड कोल वर्कश युनियन,ओल इंडिया एसटी एससी ओबीसी काउंसिल संगठन का भरपूर समर्थन रहा। वहीं इस बंदी में शामिल झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि माननीय न्यायालय के एसटी एससी आरक्षण पर लिए गए निर्णय का हम सभी विरोध करते हैं। संविधान और समाजिक न्याय कि रक्षा के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि देश पहले ही अमीर गरीब और विभिन्न जातियों में बटा हुआ है। इस बंदी को सफल बनाने में ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी कांउसिल के क्षेत्रीय सचिव कृष्णा सोरेन, शाखा सचिव गणेश राम,पोटंगा मुखिया चरका करमाली,विसमो सचिव महादेव बेसरा, सीताराम किस्कू, कानू मरांडी,बिजय करमाली, जतरू बेसरा, रैना मांझी, गणेश गंझू, दिनेश मुंडा, शनिचर मांझी, शिकारी टुडू, बिनोद सोरेन, राजेन्द्र गंझू, रंजित करमाली, आशीष राम, शैलेश कुमार, बहादुर मांझी, विश्वनाथ मांझी, सतीश कुमार, संजय करमाली, पंकज हेम्ब्रोम, भवानी प्रसाद, लालदेव सोरेन, महादेव मांझी,मनका मांझी,सीतामुनी देवी, फुलमनी देवी,फुलमती किस्कू, शांति देवी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भाकपा-माले ने भारत बंद का किया समर्थन बंद करने सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** एससी/एसटी आरक्षण के अंदर उप-वर्गीकरण से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का फैसला के विरोध में 21 अगस्त 2024 के भारत बंद में भाकपा-माले ने समर्थन करते हुए सड़कों में उतरी। भाकपा-माले के जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,हीरा गोप आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक - देवकीनंदन बेदिया,सरयू बेदिया, नागेश्वर मुंडा,पवन गोप,लालमोहन मुंडा ,लालकुमार बेदिया,बृजनारायण मुंडा, शहनवाज खान,कामेश्वर महतो ने रामगढ़ सुभाष चौक में उतर कर सड़क को जाम करते हुए भारत बंद को सफल किए।भाकपा-माले/आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेताओं ने कहा कि पिछले 1अगस्त 2024 को सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6ः1 के बहुमत से एक फैसला सुनाते हुए आरक्षण के मकसद से अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के उप-वर्गीकरण की वैधता को सही करार दिया है। इस फैसले से शक्तिशाली व सुविधासंपन्न समुदायों के लिए बांटों और राज करो रणनीति को लागू करना चाहती है। जिसके खिलाफ यह भारत बंद है। कोटा के अंदर कोटा आरक्षण उप-वर्गीकरण राजनीतिक रूप से विभाजनकारी रणनीति है जो दलित आदिवासियों के खिलाफ चले आ रहे ऐतिहासिक अन्याय और अपमान को कम करके आंकती है,तथा उनकी सामूहिक पहचान को विनष्ट करती है । इसलिए हमें समाज में हाशिए पर खड़े तमाम उत्पीड़ित व वंचित तबकों के बीच वृहत्तर एकजुटता की आवश्यकता है। इस आंदोलन को निरंतर चलाते रहने की जरूरत है जबतक कि इस कानून को वापस नहीं लिया जाता है।

## महेंद्र महतो भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** भाजपा पतरातू प्रखंड के वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार महतो को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सहमति एवं भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के निर्देश पर भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने महेंद्र कुमार महतो को भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता बनाया है और भाजपा प्रदेश संगठन ने आशा व्यक्त किया है कि महतो पिछड़ा जाति समाज के आवाज को राज्य के सामने प्रखरता से रखेंगे साथ ही पिछड़ा जाति समाज की आवाज को जन जन तक पहुंचाएंगे जिससे पिछड़ा जाति समाज भाजपा से ज्यादा से ज्यादा जुड़ सकें महेंद्र महतो को प्रदेश प्रवक्ता बनने पर पतरातू प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, डॉ संजय सिंह, दिनेश प्रसाद, मो वारिस खान, राजाराम प्रजापति,धर्मेंद्र सिंह, रंजन भगत, किशोर महतो, पंकज कुमार सिंह, रामेश्वर महतो, डी एन मुंडा,त्रिवेणी ठाकुर, बबलू पांडे, अवधेश सिंह, रामेश्वर सिंह खरवार, सुखदेव महतो सरजू महतो, उमेश उरांव है।

## आबुवा आवास योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अबुवा आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबुवा आवास योजना के तहत लाभुकों को द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि के भुगतान की प्रखंडवार समीक्षा करते हुए तीव्र गति से लाभुकों को राशि का भुगतान करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिन लाभुकों को द्वारा राशि के भुगतान के उपरांत भी निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उन्हें नोटिस भेजने सहित किए जाने वाले अन्य कार्रवाइयों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्रखंडों को अबुआ आवास योजना के तहत उपलब्ध कराए गए लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शत प्रतिशत लाभुकों का पंजीकरण कराने का कार्य त्वरित रूप से पूर्ण करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रजरप्पा क्षेत्र में भारत बंद पूरा रहा असर, सड़कों पर उतरे कई राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ता



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत बंद का असर रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में पूरा जोरदार तरीके से दिखा बंद में शामिल कई संगठनों के द्वारा रामगढ़ बोकारो मार्ग चितरपुर रेलवे ब्रिज के समय कई संगठनों के लोग सड़क जाम में उतरे और 9ः00 से दोपहर तक अपने झंडों के बैनर तले सड़क जाम में जुटे रहे सड़क जाम होने से आवागमन पूरी तरह से ठीक हो गया किलोमीटर तक छोटी बड़ी वाहनों का ताँता लग रहा जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, चितरपुर चौक एवं कोठार ओवर ब्रिज के समीप रांची पटना के फोरलेन मार्ग भारी संख्या में वहां खड़ी थी जबकि रामगढ़ बोकारो मार्ग पर सुबह 8ः00 बजे से दोपहर तक सड़क के दोनों छोर पर भारी वाहन ट्रक घंटे तक जाम में फंसे रहे, 21 अगस्त को आयोजित भारत बंद कार्यक्रम में भीम आर्मी सेना एसटी- एससी ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया बहुत बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जबकि चितरपुर रेलवे ब्रिज के समीप रामगढ़ जिला झामुमो कार्यकर्ता के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया वाहनों को रोका गया केंद्र सरकार के द्वारा स्ट एससी आरक्षण में क्रीमी लेयर पर किए गए फैसले के खिलाफ भारत बंद आयोजन किया गया था।

## जेबीकेएसएस व जेएलकेएम जिला कमिटी रामगढ़ द्वारा ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेबीकेएसएस/जेएलकेएम जिला कमिटी रामगढ़ द्वारा नगर परिषद कार्यालय के समक्ष विभिन्न जायज मांगों व भ्रष्टाचार पर लगाम को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा किसको लेकर ग्राम छतर मांडू के महलीचंडी में ग्रामीणों से जनसंपर्क किया गया और उन्हें कार्यक्रम में आने के लिए आग्रह किया मोके पर दिनेश मुंडा,नरेश मुंडा ,धनी मुंडा, अजय मुंडा, जानकी मुंडा, धुपनाथ मुंडा, गीता देवी, मिला देवी, सोनी देवी ,उर्मिला देवी ,मंचू देवी , खुलासों देवी, मूर्ति देवी, पश्चिमी देवी, रेखा देवी ,सुमित्रा देवी आदि ने टाइगर जयराम महतो का जोरदार नारा लगया और कहा कि जयराम महतो आने वाले समय मे झारखंड के मुख्यमंत्री है।

# भीम आर्मी के आह्वान पर बालूमाथ में निकाला गया रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में बुधवार को भीम आर्मी के आह्वान पर एसटी/ एससी मोर्चा के बैनर तले भारत बंद को सफल बनाने को लेकर एक रैली निकाली गई ।रैली अंबेडकर नगर से आरंभ होकर टमटम टोला,छठ तलाब, दुर्गा मंडप, बस स्टैंड ,थाना चौक, होते हुए मुरपा मोड पहुंचा। रैली में शामिल लोगों ने अपने-अपने हाथों में तख्तियां लेकर एसटी एससी को क्रीमी लेयर में लाना बंद करो ,क्रीमी लेयर एवं वर्गीकरण आदेश को वापस करो, एसटी एससी आरक्षण पर षड्यंत्र करना बंद करो, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अध्यादेश वापस करो, समेत कई नारे लगा रहे थे ।वही बंद समर्थक बालूमाथ में घूम घूम कर दुकान भी बंद कराया जो लगभग आधा घंटा तक बालूमाथ की दुकान बंद रही बाद में सभी लोग अपने-अपने दुकान खोल दिया। भारत बंदी में लंबी दूरी की वाहन नहीं चली, टेंपो एवं छोटे माल वाहक वाहन आम दिनों की तरह चलते देखा गया। इस दौरान बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में पूरे बालूमाथ में पुलिस पेट्रोलिंग मुस्तेद नजर आई। थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय पूरे बालूमाथ में स्वयं मोर्चा संभालकर घूम घूम कर बंदी पर नजर रखा है। इस मौके एसटी/ऐसी मोर्चा के नेता संजय कुमार रवि ने कहा कि आज भारत में हरिजन आदिवासी का आरक्षण को समाप्त करने के लिए एक षड्यंत्र रचा जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा लाया गया अध्यादेश को हर हाल में वापस करना होगा ।इस मौके पर गोपाल राम, धर्मजीत भुईया, विनोद भुईया, रवि रजक, शंकर राम, मोहम्मद जुबेर, बाबूलाल राम,सुनील राम, प्रभुदयाल उरांव, बालेश्वर राम,ब्रमदेव राम, गोविंद दास, ऐश्वर्य उरांव, मुनेश्वर राम, दिलीप रजक, अमित उरांव, रामकुमार भुईया, बालकेस्वर राम, मनोज कुमार, सुरश रम, अमीर हयात, समेत कई लोग मौजूद थे।

## आरक्षण को लेकर गिद्धौर में किया सड़क जाम, लोगों में दिखा आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के चौक में भारत बंदी का एलान को सफल बनाने को लेकर बुधवार को मुख्य चौक व बलबल समीप मुख्य सड़क जाम किया गया। सड़क जाम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बहुजन समाज पार्टी, जेएमएम पार्टी, राजद पार्टी, कांग्रेस समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।बताया गया कि केंद्र सरकार व सुप्रीम कोर्ट के मनमानी के विरोध में सड़क जाम किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार हाय हाय, सुप्रीम कोर्ट तेरी मनमानी नही चलेगी समेत कई नारे लगा रहे थे।वहीं सड़क जाम को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी घूम घूम कर जायजा ले रहे थे। विरोध प्रदर्शन कांग्रेश पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद भारती, भेखलाल राम, राजद के कमलेश रज्जक, 20 सुत्री प्रखंड़ अध्यक्ष बिनोद पासवान, जेएमएम प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज वर्मा, कांग्रेस प्रखंड़ अध्यक्ष महावीर दांगी के नेतृत में सड़क जाम कर विरोड जताया है। बताया गया 21 अगस्त को पूरे भारत बंदी को लेकर गिद्धौर में भी बंदी किया गया। बंदी का व्यापक असर देखा गया। मौके पर महेंद्र राम जितेंद्र दास मनोज रवि दास, दिनेश दास, जितेंद्र सिंह भोक्ता धनेश्वर पासवान, देवदीप पासवान समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रोल टू इंद्रामोड चल रही सड़क निर्माण कार्य, रैयतों को दिए जाएंगा नोटिस



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र तथा गिदौर प्रखंड सीमांत क्षेत्र से लगे चल रहे सड़क निर्माण कार्य योजना स्थानीय कार्यालय पथ प्रमंडल विभाग हजारीबाग के देखरेख में सौ करोड़ की लागत से बन रही टू लाइन सड़क निर्माण कार्य इंदिरा मोड़ से सिमरिया प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क करीब 26 किलोमीटर लंबी सड़क रोल से लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के कई गांव से होकर गुजरता है जो कई रैयतों का भूमि सड़क निर्माण में जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप था संवेक द्वारा रैयतों के बिना नोटिस जारी किए भूमि पर सड़क कार्य चालू करवाया जा रहा है। जिससे रैयत आंदोलन करने पर विचार बना लिए थे। जिसे देखते हुवे संवेदक द्वारा भू मापी कर जिला, अनुमंडल, अंचल समेत तीनो कार्यालय में भूमि संबंधित सभी रैयतों का भूमि अधिग्रहण कर नोटिस जारी करने का आग्रह किया था । जो उक्त तिथि को उपरोक्त ग्राम में संबंधित आंचल अमीन राजस्व उप निरीक्षक द्वारा भूमि का सत्यापन का कार्य किया जाना है। नवाडीह, डमोल 24/8/2024 चौथा, बेलहर 29/8/2024 दुंबी, बरवाडीह 22/8/2024 पत्थलगड़ा, सिंघानी 23/8/2024 लेमबोइया, नोनगांव 27/8/2024 को जमीन सत्यापन के रैयतों को नोटिस जारी कर दिया जाएगा जिस रैयतों की जितनी भूमि जा रही है उसी हिसाब से रैयतों को भूमि का मुआवजा मुहैया कराया जाएगा।

## आरक्षण के फैसले के विरोध में बरवाडीह बंद का रहा मिला जुला असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को दलित आदिवासी और ओबीसी संगठनों के साथ आरक्षण के समर्थन में अनेक राजनीतिक दल शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल हुए। जहां दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर धकेले जा रहे समुदायों के लिए मजबूत पक्षकार और सुरक्षा की मांग को लेकर भारत बंद के आह्वान पर बरवाडीह नगर बंद कराया हालांकि बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। सबसे पहले प्रतिनिधित्व मंडल ने पुराने ब्लॉक परिसर से शांतिपूर्ण तरीके से बतौर जुलूस मुख्य सड़क बाबा भीमराव अम्बेडकर चौक होते हुए बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान एससी एसटी आरक्षण का वर्गीकरण करना बंद करो, संविधान जिंदाबाद जैसे नारे लगाए गए। वहीं प्रतिनिधित्व मंडल कमेटी में अंबेडकर विचार मंच के संरक्षक बिरजू राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष सिंह चेरो, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, अवधेश मेहरा समेत दर्जनों लोग शामिल रहे इसी दौरान बरवाडीह पुलिस और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार सिंह के द्वारा उन्हें हिरासत में लेकर थाना परिसर में बैठाया गया बाद कुछ घंटे समझा बुझाकर छोड़ दिया। बताते चलें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के सात न्यायधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले जो एससी एसटी के आरक्षण को वर्गीकरण करने का है साथ ही कृमि लेयर लगाने का सुझाव दिया है,जो उनके अनुसार ऐतिहासिक इंदिरा साहनी मामले में नौ न्यायधीशों की पीठ द्वारा दिए गए पहले के फैसले को कमजोर करता है।

## प्रखंड के कई विद्यालयों में हुआ प्रबंधन समिति का चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के +2 गंगा स्मारक उ.वि. गिद्धौर में विद्यालय प्रबन्ध समिति का पुनर्गठन का कार्य मंगलवार को किया गया। यह कार्य विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह एवं चुनाव पर्यवेक्षक सत्यदेव उपाध्याय के निगरानी में संपन्न हुआ। जहां अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने अपना नाम दर्ज किया। जिसमें लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष के रूप में रेखा देवी एवं उपाध्यक्ष के रूप में उमेश रविदास के साथ साथ अन्य सदस्यों का चुनाव सम्पन्न हुआ। चयन की प्रक्रिया पूर्ण रूपेण पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। हालांकि 12 से 15 की संख्या में ही ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे। गिद्धौर मिडिल स्कूल में प्रबंधन समिति का बैठक प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय के नेतृत्व में किया गया। एवं निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जहां अध्यक्ष यदुन्दन पांडेय उपाध्यक्ष कविता कुमारी को चयण किया गया। वही सलगा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का कार्य प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी के नेतृत्व में शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में ही दो अध्यक्ष पद के लिए नाम दर्ज कराए। जिसमें अध्यक्ष गायत्री देवी एक वोट से जीत हासिल कीया। उपाध्यक्ष शंकर दांगी एवं संयोजिका रेखा देवी को चयन किया गया। सभी विद्यालय में दर्जनों सदस्य की भी साथ में चयन किया गया है।

## झारोटेफ मनिका प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन नीरज बने अध्यक्ष गोविंद बने सचिव



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 20 अगस्त 2024 को राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय मनिका में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह एवं मिडिया प्रभारी संदीप पासवान की उपस्थिति में झारोटेफ मनिका का पुनर्गठन एवम् प्रखंड स्तरीय कर्मचारी चेतना जागरण का आयोजन किया गया। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार के द्वारा की गई। प्रखंड कमेटी प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार, प्रखंड सचिव गोविंद पासवान, उपाध्यक्ष अनु कुमार रवि और राजेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास चंद्र, संयुक्त सचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता एवं उपेंद्र प्रजापति को सर्वसम्मति से चुना गया।निर्वाचित सदस्यों को जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव एवं जिला सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित की गई।बैठक के दूसरे सत्र में पेंशन चेतना जागरण कार्यक्रम के तहत झारोटेफ के 11 सूत्री मांग पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी 1 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित होने वाली पेंशन सुरक्षा महारैली के सफलता को लेकर चर्चा की गई। आगामी 1 सितंबर पेंशन दिवस को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आहवाहन किया गया इस बैठक में विजय लाल दीपक कुमार सत्यानंद मेहता अवध बिहारी पांडे संजय यादव राजेश्वर सिंह नीलू कुमारी तपनारायण राम अखिलेश पांडे संतोष त्रिपाठी उदय कुमार महतो संतोष कुमार शर्मा मृगेंद्र नारायण सिंह इकबाल अंसारी सतीश कुमार चौबे शंकर सिंह रवि भूषण मनोज दास निरंजन उरांव गंगा प्रसाद सहित सैंकड़ों कर्मचारी शामिल थे।

## आरक्षण को लेकर बंदी का कुंदा में दिखा मिला-जुला असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुंदा में आरक्षण को लेकर बंदी का मिला-जुला असर देखने को मिला। इस बंदी के कारण कुछ लोगों को परेशानी हुई है, जबकि अन्य लोगों ने इसका समर्थन किया है। बंदी के दौरान कुछ दुकानें बंद रहा, जबकि अन्य सामान्य रूप से खुले रहे। लोगों का कहना है कि आरक्षण को लेकर बंदी का कुछ हद तक असर हुआ है।वही बंदी का समर्थन कर रहे लोगों ने सड़क पर टायर जला दिया जिससे वाहनों का आवागमन कुछ समय तक बाधित रहा। बंदी के समर्थन में भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सुमन दास ने कहा की सामाजिक संगठनों ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था पर छेड़छाड़ के प्रयासों का विरोध किया है।लोगो ने कहा कि संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जा सकती, खासकर जब यह मजलूमों के हकों की बात हो। उन्होने ने कहा की आरक्षण की व्यवस्था संविधान में मजलूमों के लिए दर्ज की गई है, जो उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए है। इस व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध सड़क से लेकर सदन तक किया जाएगा। मौके पर दास समाज समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बैठक, युवा जनाक्रोश रैली में शामिल होने का अह्वान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल की बैठक पार्टी कार्यालय में बुधवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार एवं संचालन महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने कीया।इस अवसर पर आगामी 23 अगस्त को रांची में आयोजित राज्य सरकार के विरुद्ध होने वाले युवा जनाक्रोश रैली कार्यक्रम को सफल रणनीति बनाने का निर्णय लिया। एवं प्रखंड के सभी बुथ से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। मंडल अध्यक्ष बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में दिनदहाड़े हत्या, बलात्कार हो रही रही है। जिसका शिकार गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग की बहन बेटियां हो रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव में किये गये सभी वादे हवा हवाई साबित हुई। इन सब विषयों से आक्रोशित होकर राज्य भर के लाखों युवा जनाक्रोश रैली में भाग लेकर सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से दर्जनों बुथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नीलांबर पीतांबर के चौथे वंशज रामनन्दन हुए सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता के निर्देश पर बुधवार को राजद के अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलन कारी के केंद्रीय उपाध्यक्ष अली हसन अंसारी ने नीलांबर पीतांबर के चौथे वंशज रामनन्दन सिंह को उनके लातेहार के कोने पंचायत के तरवाडीह स्थित आवास पर जाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। और उनके परिवारों के बारे हाल चाल जाना। वहीं अली हसन अंसारी ने कहा कि नीलांबर पीतांबर के चौथे वंशज के जितने भी परिवार के सदस्य है उन्हे हर सुविधा दी जाएगी। और रांची मे बुलाकर नीलांबर पीतांबर के जितने भी चौथे वंशज है उन्हे सम्मानित किया जाएगा। मौके पर साबिर अंसारी, तुगलक अंसारी, राजेश सिंह, छोटू सिंह, सुरेस सिंह, रामेश्वर सिंह समेत दर्जनों लोगो उपस्थित रहे।

## झामुमो ने भारत बंद को दिया समर्थन, मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे नेता व समर्थक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसटी-एससी आरक्षण में वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद का झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो के नेता और समर्थक सड़कों पर उतर कर बंद को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। लोहरदगा बंद असरदार रहा। जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में झामुमो का जत्था शंख पिकेट के समीप घंटों सड़कों को जाम रखा, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हुआ। जाम से बॉक्साइट ढुलाई ठप रहा। हालांकि एम्बुलेंस सेवा सहित आवश्यक सेवाओं को बंद से अलग रखा गया था। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में भारत बंद का आह्वान किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत कई राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठनों ने इस बंद का समर्थन किया है। श्री अहमद ने कहा कि वर्गीकरण का हम विरोध करते हैं। जो मूल आरक्षण है उसे बरकरार रखने की जरूरत है। कहा कि एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण का निर्णय इन वर्गों के उत्थान एवं मजबूती के मार्ग में बाधक है।

## करीलगड़वा गांव में नदी पर पुल नही होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी, जान जोखिम में डाल नदी पार करते हैं ग्रामीण

**नक्सलियों ने फ्लोरी मशीन को कर दिया था आग के हवालें, उसके बाद से सड़क रह गया अधूरा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत अंतर्गत करीलगड़वा गांव में नदी पर पुल का ना होना ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। नदी पर पुल न होने से बारिश होने के बाद कई घंटों तक ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय व पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है जिससे उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।ग्रामीण बलेन्दर कुमार,मोहन गंझू राजेश गंझु, बुधन गंझु, भादे सिंह भोक्ता, समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर पुल नहीं होने के कारण वे अपने आवश्यक कार्यो को नही कर पाते हैं।उन्होंने कहा कि यह समस्या बरसात के मौसम मे बारिस होने के बाद कई घंटों तक गंभीर हो जाती है, जब नदी में पानी बढ़ जाता है तो ग्रामीणों का संपर्क प्रखण्ड व पंचायत मुख्यालय से टूट जाता है। हालांकि हाल ही में प्रखंड मुख्यालय से उक्त गांव को जोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा सड़क की स्वीकृति दी गई थी और उसमें संवेदक के द्वारा काम भी चालू किया गया था लेकिन नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे फलोरी मशीन को आग के हवाले कर दिया था तब से सड़क निर्माण का कार्य बाधित है।वही पुनः ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी पर पुल के साथ सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है,ताकि वे अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकें। उन्होंने कहा कि पुल व सड़क के निर्माण से न केवल उनका संपर्क प्रखंड व पंचायत मुख्यालय से सुधरेगा, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है। वही इस संबंध में मुखिया अनिता देवी ने कहा की उपायुक्त महोदय के समक्ष पूर्व में भी यह समस्या रखी गई है एक बार पुनः उपायुक्त महोदय का ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे कि गाँव मे उक्त स्थान पर पुल का निर्माण हो ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

# गणिनाथ पूजा को लेकर हुई बैठक, भव्य तरीके से मनाया जायेगा गणिनाथ पूजा

**गणिनाथ पूजा बेहद व भव्य तरीके से किया जाएगा : शम्भु प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन बुधवार को अखिल भारतीय मधेशिया हलवाई समाज की जिला अध्यक्ष श्री आनंद प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में हलवाई समाज का नए ढंग से समाज का गठन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से संजय प्रसाद को अध्यक्ष पद , उप अध्यक्ष बसंत प्रसाद, कोष अध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, मीडिया सतीश कुमार (प्रेस) सभी को सहमति बनाया गया। एवम पूजा समिति के लिए भी गठन किया गया है जिसमे अध्यक्ष पद के लिए राजीव कुमार स्वीट पैलेस, उप अध्यक्ष के रोहित कुमार कोष अध्यक्ष अनूप कुमार को बनाया गया। 14 सितम्बर को महुआडांड़ में गणिनाथ पूजा मनाया जायेगा। वही संभू प्रसाद ने कहा कि हम सभी को समाज को मिल कर आगे बढ़ाना है। हलवाई समाज अपने सारे मद भेद को भुला कर समाज का विस्तार करना है। चयनित हुए हलवाई समाज के अध्यक्ष संजय प्रसाद को शम्भु प्रसाद माला पहना कर स्वागत किय। सभी आए गण मान्य श्री जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण प्रसाद, प्रदेश महामंत्री नंद किशोर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद पूर्व सरपंच को माला पहना कर स्वागत किय। बैठक की अंत में प्रदेश महामंत्री नंद किशोर प्रसाद ने कहा कि हमे बहुत खुशी हुई की समाज की बैठक में सभी लोग आए समाज का गठन हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आनंद प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी कृष्णा प्रसाद, प्रदेश महामंत्री नंद किशोर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, मनोहर प्रसाद, शम्भु प्रसाद, हीरा प्रसाद, सोती प्रसाद , राजीव कुमार स्वीट पैलेस, अनिल प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद रोहित कुमार मुकेश कुमार एवम दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# भारत बंद का दिखा असर, परिवहन सेवा रहा ठप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

हजारीबागः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आज हजारीबाग में भीम आर्मी ने भारत बंद का आह्वान किया और इसके समर्थन में कई पार्टियों का साथ रहा। इसके तहत सुबह से ही हजारीबाग के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की उग्रता ने इलाके में तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी, जिससे आमजनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। सुबह होते ही भीम आर्मी के सदस्य बड़ी संख्या में डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर एकत्र हो गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चौक के चारों ओर घेराबंदी कर दी।




प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन को चुनौती देते हुए इलाके में उग्र प्रदर्शन किया, जिससे आम जनता में भय का माहौल बन गया। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान आने-जाने वाले राहगीरों पर लाठी-डंडों से हमले की खबर भी आया। इस खबर के फैलने के बाद स्थानीय लोग अपने घरों में कैद होने को मजबूर हो गए और सड़कों पर सन्नाटा छा गया। बाजारों में दुकानों के शटर गिरा दिए गए, और सभी व्यवसायिक गतिविधियां ठप हो गईं। भीम आर्मी के इस उग्र प्रदर्शन के कारण शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक के आसपास के मुख्य मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और लोग घंटों तक फंसे रहे। यातायात पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन प्रदर्शनकारियों की भारी संख्या और उनकी आक्रामकता के कारण यातायात सामान्य नहीं हो सका। कई जगहों पर बसें और ऑटो रिक्शा तक बंद कर दिए गए, जिससे यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन की उग्रता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने तुरंत ही पुलिस बल को तैनात कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिशें असफल रहीं। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा था और वे लगातार उग्र होते जा रहे थे। हालाँकि देर शाम तक स्थिति सामान्य हो गयी।

# विष्णुगढ़ में बंदी का दिखा असर, पुलिस प्रशासन दिखी मुस्तैद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में आज सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में क्रीमी लेयर फैसले के विरोध में भीम आर्मी के बैनर तले विष्णुगढ़ बन्द किया गया, जिसका समर्थन कांग्रेस पार्टी,झामुमो पार्टी के स्थानीय नेताओं ने समर्थन दिया। आज तड़के सुबह करीब सात बजे बंद समर्थक सैकड़ों की सँख्या में सात मील चौक एन.एच 522 एवं विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग अवरुद्ध कर दिया। विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन ने चंद घंटों में अवरुद्ध किये गए मार्ग को खाली कराया। विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके तहत चौक-चौराहो पर चौकीदार को बिठाया गया। करीब 10 बजे विष्णुगढ़ रमुआ माँ दुर्गा मंदिर प्राँगण से बंद समर्थकों ने बाइक रैली निकाली,रैली के पूर्व बन्द समर्थकों ने सुप्रीम कोर्ट और केंद्र की सरकार से फैसले पर पुनर्विचार की बात कही। इस मौके पर महेंद्र राम ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा अनु.जाति और अनुसूचित जनजाति के हक अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जा सकता। आरक्षण के लाभार्थियों को क्रीमी लेयर और ननक्रीमी लेयर दो भागों में बांट कर कमजोर करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है!विष्णुगढ़ में आज की बंदी आंशिक रूप पर रही,जहाँ पूर्व की भाँति दुकाने खुली रही,चंद घण्टो की बंदी के बाद यातायात व्यवस्था भी पटरी आ गई। बंदी पूर्णतया शान्ति पूर्ण रही। इस मौके पर मुख्य रूप से सुधीर राम, गुलाब राम, गुरु प्रसाद साव,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, माही पटेल, रोहित राम, विनय कुमार दास, भीखन रविदास समेत सैकड़ो की सँख्या में बंद समर्थक शामिल रहे।

## राजकीय मध्य विद्यालय पडिरमा में पुस्तक व साइकिल का वितरण



**बरही/हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के ग्राम पड़ीरमा में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच पुस्तक व साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर बच्चों को साइकिल व पुस्तक मिलने पर उसके चेहरे पर काफी खुशी देखी गई। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बताया कि बच्चों को साइकिल व पुस्तक मिलने पर स्कूल में पढ़ाई करने में लोगों को सहूलियत होगी। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, स्कूल के अध्यक्ष रेखा देवी, शिक्षक दसरथ कुमार, दिनेश प्रसाद, सुखदेव यादव, ब्रमदेव प्रसाद सहित सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

## 24 अगस्त को श्री कृष्ण जन्मोत्सव भजन संध्या का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 अगस्त 2024 शनिवार को संध्या 5:00 बजे से बरही ब्लॉक मैदान बरही में आयोजित होगा। इस महोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से भी पूरी व्यवस्था की गई है,जिसमें स्थानीय प्रशासन से लेकर प्राइवेट महिला सुरक्षा कर्मी और पुरुष सुरक्षाकर्मी की व्यवस्था की गई है,साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया है,जिसमें कोने-कोने पर CCTV कैमरे, ड्रोन और क्रेन से नज़र रखा जाएगा,महिलाओं के लिए विशेष रूप से ब्रेकएक्टिंग की व्यवस्था की गई है।

**मुख्य आकर्षण का केंद्र भगवान विष्णु के विराट स्वरूप का दर्शन :** कार्यक्रम में विशेष रूप से,भगवान् कृष्ण का जन्म ,कृष्ण रास लीला , कृष्ण सुदामा जी का मिलन, माता गंगा के हाथों से गंगा की परवाह, भगवान शिव और नंदी जी का तांडव और उनके जटाओं से गंगा की परवाह एवं भगवान विष्णु जी का भव्य विशाल विराट स्वरूप प्रस्तुत किया जाएगा।इस अवसर पर बॉलीवुड और भोजपुरी की मशहूर भजन गायिका अनुपमा यादव , सुप्रसिद्ध गायिका अदिति राज और झारखंड के मशहूर नागपुरी कलाकार और संगीतकार मनोज शहरी अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता चौपारण प्रखंड के करमा निवासी अविनाश आर्या चन्द्रवंशी जी और उनके टीम के द्वारा किया जा रहा है । इस अवसर पर आप सभी इस महोत्सव में सादर आमंत्रित हैं !!

## विष्णुगढ़ वन कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ वन प्रक्षेत्र से जुड़े एवं जिले के तमाम वनकर्मियों द्वारा अपनी माँगो को लेकर गत 16 अगस्त 2024 से वन विभाग हज़ारीबाग के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे। जिसकी वजह से वनों की कटाई में वृद्धि हुई है। हाथियों का झुंड विष्णुगढ़ के घनी आबादी क्षेत्रों में विचरण कर रहा है,जिससे लोगो जान-माल की हानि भी हुई है। वन कर्मी के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के कारण यह जिम्मेदारी आम-जन को उठाना पड़ रहा है,जो संसाधनों के आभाव में रातजगा कर अपनी हाथियों से अपनी जान-माल की हानि को रोकने के लिए मजबूर है। ऐसा अगर कुछ दिन और चला तो परिस्थितियां विषम और विकराल रूप धारण कर सकती है।टाटीझरिया प्रभारी वनपाल संजीत कुमार दास ने बताया कि झारखंड राज्य अवर वनसेवा संघ के आह्वान पर झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2014 में अहितकारी संशोधन कर के झारखण्ड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली 2024 बनाकर वनपाल के शतप्रतिशत प्रोन्नति के पद पर कटौती करते हुए 50त्नपदों पर सीधी नियुक्ति करने के निर्णय के विरुद्ध वनरक्षी सभी विभागीय कामकाज द्यछोड़कर धरना प्रदर्शन को मजबूर है।वनकर्मियों का कहना है,कि हमसभी दिन हो रात 24म7 कार्य मे लगे रहते है,जिसके तहत हमारी जिम्मेदारी है,वन की सुरक्षा, वन्यजीवों की सुरक्षा दुर्गम रास्तो से रोजाना दो चार होते है,सरकार वनकर्मियों को सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय,उनका हक और अधिकार छीनने में लगी है।

## बरही चौक भारत बंद के तहत करीब तीन घंटा रहा जाम



**बरही (हजारीबाग) :** अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण में उप वर्गीकरण के विरोध में भारत बंद का व्यापक असर बरही चौक पर देखने को मिला। करीब तीन घंटे तक तीन राजमार्गो का संगम स्थली बरही चौक जाम रहा। सड़क पर बरही प्रखंड के एससी एसटी समाज के सैकड़ों लोगों के साथ साथ भीम आर्मी, प्रखंड कांग्रेस कमेटी व बसपा पार्टी के कार्यकर्ता भी काफी संख्या उतरे।सभी झंडा बैनर के साथ पूर्वाहन साढ़े दस बजे ही बरही चौक उतर गए और बरही चौक के चारों प्रमुख मार्गो को जाम कर दिया।चौक को जाम करने के उपरांत चौक पर नुक्कड़ सभा भी हुई। जिसमें वक्ताओं ने एससी -एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण आरक्षण वापस लेने की पुरजोर मांग उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविदास महासभा के सचिव व डपोक पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास एवं संचालन भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव के द्वारा किया गया। नुक्कड़ सभा के बाद राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों से संबंधित मौके पर उपस्थित एसडीओ जोहन टूडु को आंदोलनकारियों ने एक ज्ञापन सौंपा उसके बाद जाम हटाया गया।कार्यक्रम में एआईएमआईएम के बरही विस प्रभारी सूरज दास, गुलाब दास, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष कांग्रेस नेता इकबाल राजा,ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, मुखिया मनोज कुमार, रामकुमार दास, पूर्व जिप सदस्य बसपा नेता संतोष रविदास, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी आदि भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# फाइनल मुकाबले में कुरकपनिया ने मारी बाजी बनी विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत जोबर फुटबॉल मैदान में नवयुवक क्लब, जोबर द्वारा मंगलवार को सुदेश कुमार महतो फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गोमियां विधायक डॉ लंबोदर महतो, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर तथा किकलगी कर मैच प्रारम्भ किया । फाइनल मैच कुरकपनिया बनाम बकसपुरा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें कुरकपनिया की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 2-0 से विजेता रही। विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों ने ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर



सम्मानित किया। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतरीन एवं ऊर्जावान खिलाड़ियों की भरमार है, बस इसे निखारने की जरूरत है। इस कार्य मे आजसू पार्टी सतत प्रयासरत है। साथ ही कहा कि विष्णुगढ़ में रोजगार एक बड़ी समस्या है,जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। पलायन को रोकना बड़ी चुनौती है,जिसे डबल इंजन की सरकार ही पूरा कर सकती है। आने वाले समय मे क्षेत्र में रोजगार सृजन का काम किया जायेगा । कोनार नहर परियोजना को पूरा कराकर,विष्णुगढ़ के तमाम क्षेत्रो की प्यास बुझाई जायेगी जिससे इलाके में हरित क्रांति होगी,किसानों को बड़ा लाभ होगा किसान आत्मनिर्भर तो आधी समस्या समाप्त।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि में विकास के लिए प्रतिबद्ध हूँ। इलाके का पिछड़ेपन को देखकर अफसोस होता है। इलाके को पिछड़ेपन से बाहर निकलने का पूरा प्रयास किया जाएगा। आमजन क्षेत्रीय समस्याओं को लिखित रूप में दें। समाधान का प्रयास किया जाएगा। गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आयोजकों को धन्यवाद दिया कहा कि मनीष जायसवाल क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत है। वे सक्रिय एवं संघर्ष संवेदनशील जनप्रतिनिधि है। इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। आजसू के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर कमेटी अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, सचिव मुन्ना महतो, उप सचिव पिंटू राज, उपाध्यक्ष हेमलाल महतो, कोषाध्यक्ष उमेश महतो, संयोजक जयनारायण महतो, अजय कुमार मंडल, दीपू अकेला, सुशील महतो,किशोर कुमार मंडल,गुड्डु सिंह, राजू श्रीवास्तव, सुनील अकेला समेत कई लोग मौजूद थे।

## दक्षिणी भाग जिप सदस्य अनिता सिंह ने बड़कागांव विस से चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र से लगातार दो बार जिला परिषद रह चुकी अनिता सिंह ने विधानसभा चुनाव में उतरने को लेकर दावेदारी पेश की है! उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी मुझे मौका देती है तो में इस विधानसभा चुनाव में मैं बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उत्तर कर क्षेत्र की जनता का सेवा करूंगी! उन्होंने आगे कहा कि मैं केरेडारी दक्षिणी क्षेत्र से दो बार जिला परिषद चुनाव जीतकर 10 वर्षो से लगातार जनता के बिच रहकर जनता का सेवा की हूं! आगे भी मौका मिला तो जनता के बीच रहकर सेवा करूंगी! इस दौरान उन्होंने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव से मिलकर अपनी दावेदारी पेश की है!

# पटेल स्पोर्टिंग मनी प्राइज फुटबॉल टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में लॉक डाउन एफसी व महिला वर्ग में एसएसबीएम बनी विजेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती पंचायत बुंडू के खपिया फुटबॉल मैदान में 15 अगस्त के शुभ अवसर पर पटेल स्पोर्टिंग क्लब खापिया के द्वारा आयोजित मनी प्राइज फुटबॉल टूर्नामेंट का बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला लॉकडाउन एफसी बनाम शिव मंदिर बुंडू एफसी के बीच खेला गया! जबकि बालिका वर्ग में एसएसएवीएम चिरैयाटांड़ बनाम एफसी के बीच खेला गया! जिसमें लॉकडाउन एफसी ने मुकाबले को 1-0 से जबकि एसएसवीएम ने 4-0 से जीत लिया ! बालक वर्ग के विजेता को नकद पुरस्कार सहित जर्सी सेट में 15 हजार व उपविजेता को 10 हजार मिला! वही बालिका वर्ग में विजेता को 21 हजार व उपविजेता को 11 सौ रुपए सहित सेमीफाइनल में पहुंचे बालक बालिका के सभी टीमों को जर्सी देकर सम्मानित किया गया! फाइनल मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए! जिन्हे पिपरवार क्षेत्र से



खपिया मैदान तक भव्य स्वागत करते हुए लाया गया! खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रोशनलाल चौधरी ने कहा कि इतने सुदूरवर्ती क्षेत्र में भी इतना भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करना और इतने प्रतिभावान खिलाड़ियों का समावेश पाना वाकई प्रसंसनीय है! हमारे क्षेत्र में युवाओं और खिलाड़ियों की प्रतिभा में कमी नहीं है बस उन्हें सही प्लेटफार्म देने और सही जगह तक पहुंचाने की आवश्यकता है! विगत प्रत्येक वर्षो से यहां आयोजित टूर्नामेंट में हमेशा शामिल होते आया हूं और देखा हूं कि खिलाड़ियों से ओतप्रोत क्षेत्र है परंतु बड़कागांव विधानसभा में कहीं भी एक अच्छा खेल का मैदान नहीं है लेकिन मैं फिर भी हमेशा प्रयासरत रहता हूं तथा खिलाड़ियों तक हरेक सुविधाएं प्रदान करता रहता हूं तथा आने वाले दिनों में मेरे द्वारा बहुत हीं जल्दी अनेकों क्षेत्र में सुंदर सुंदर ग्राउंड बनेंगे! इस टूर्नामेंट में सम्मिलित सभी टीमों तथा आज के विजेता व उपविजेता टीमों को बहुत बहुत शुभकामनाएं! इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य,प्रखंड सचिव मोहन महतो,जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह मीडिया प्रभारी एससी मोर्चा बीजेपी संजय पासवान आजसू जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा बुंडू मुखिया तुलसी तूरी, पंसस मुनीता देवी, रंजीत तुरी, पतरातु प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष मदन साव, पूर्व मुखिया बैजनाथ महतो, सहित अन्य हजारों दर्शकों से पूरा मैदान भरी रही।

# एनटीपीसी परियोजना प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को मेरिटोरियस अवार्ड और केडीसीएमपी स्कॉलर सिप से किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**केरेडारी :** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत परियोजना से प्रभावित स्कूलों और गांवों के उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों वाले विद्यार्थियों को उत्कर्ष मेरिटोरियस अवार्ड और केडीसीएमपी स्कॉलरशिप से सम्मानित किया! ये स्कॉलरशिप संस्कार महिला समिति की अध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद एवं उपाध्यक्ष राखी गुप्ता द्वारा प्रदान की गई! इनका उद्देश्य शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना और पिछड़े समुदायों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है! उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत हरला गांव के परियोजना प्रभावित क्षेत्र के आयुष राज को चार वर्षो के लिए 90 हजार की वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई! !यह पुरस्कार उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों को मान्यता देता है और उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी अगरतला में प्रवेश के लिए समर्थन प्रदान करता है! यह आर्थिक सहायता न केवल उनकी शिक्षा के लिए समर्थन है बल्कि उनके सपनों और भविष्य की सफलता को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है! इस वर्ष उत्कर्ष छात्रवृत्ति योजना के तहत कुल 4 छात्रों को सम्मानित किया गया! आयुष राज के अलावा, 2023 की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यूएचएस, बसरिया के तीन उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया गया! ये छात्र विभिन्न श्रेणियों जैसे सामान्य, एसटी एससी वर्ग एवं बालिकाएं थी! उन्हें ?3 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया! !जो उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और क्षमता को रेखांकित करता है!एनटीपीसी केरेडारी परियोजना अपने छात्रवृत्ति कार्यक्रम के माध्यम से यूएचएस, बसरिया के कक्षा 10 के छात्रों की शैक्षणिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है! इस वर्ष 32 मेधावी छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई! 80त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया !जिसमें शीर्ष तीन को क्रमशः 5 हजार 4 हजार 3 हजार मिले !अन्य उच्च-प्राप्त छात्रों को 2 हजार प्रत्येक दिया गया! इन छात्रवृत्तियों के लिए कुल वित्तीय प्रतिबद्धता ?1,69,000 है! जो ग्रामीण, निम्न-आय वाले परिवारों के छात्रों को प्रेरित करने और समर्थन करने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है! केरेडारी परियोजना के परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद ने कहा कि ये छात्रवृत्तियां सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं है वे जीवन को बदलने और एक उज्जवल भविष्य के द्वार खोलने के लिए एनटीपीसी केरेडारी के निरंतर प्रयास का प्रतीक हैं! इस वर्ष की छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता अब हज़ारीबाग और रांची के संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं! जिनमें से कई इंजीनियर डॉक्टर और अन्य पेशेवर बनने की आकांक्षा रखते हैं! एनटीपीसी केडीसीएमपी का योगदान इन युवा दिमागों को अपने सपनों को पूरा करने और अपने समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सशक्त बना रहा है! इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर-महाप्रबंधक एसपी गुप्ता एवं मानव संसाधन विभाग से रोहित पाल का अहम योगदान है!

# बरही विधानसभा से युवा कांग्रेस नेता मनोहर यादव ने पेश की कांग्रेस से विधायक की दावेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग):** युवा कांग्रेस नेता मनोहर यादव ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव को आवेदन देकर बरही विधानसभा से टिकट की दावेदारी पेश की है। उन्होंने बताया कि यदि कांग्रेस हमें बरही विधानसभा से टिकट देती है तो लोकल व युवा होने के नाते फिर से कांग्रेस बरही में परचम लहराएगी। वहीं उन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता, राजनीतिक विवरण, सामाजिक क्रियाकलाप व विशिष्ट उपलब्धि से भी कांग्रेस के आलाकमान को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मैं एमटेक की इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। नौकरी छोड़कर राजनीतिक की और अपना कदम बढ़ाया, 2012 में एनएसयूआई छात्र संघ के सदस्य बनने के बाद मेरी राजनीतिक करियर शुरू हुई। 2014 में कांग्रेस का बूथ अध्यक्ष बना, 2015 से लेकर 2018 तक एनएसयूआई छात्र संघ का कॉलेज प्रभारी के रूप में काम किया। इस बीच कॉलेज में मेरे नेतृत्व में कई चुनाव लड़े गए जिसमें जीत हासिल हुई। इसके बाद 2018 में युवा कांग्रेस का सदस्य बनकर युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा, 2021 में युवा कांग्रेस का चुनाव लड़कर 2022 में युवा कांग्रेस अध्यक्ष बरही विधानसभा के पद पर निर्वाचित हुआ। इसके बाद कांग्रेस द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को प्रखंड एवं विधानसभा स्तर पर लगातार आयोजन करता रहा। कांग्रेस के होने वाले जिला और प्रदेश के सभी बैठक में भाग लिया। वहीं पिछले लोकसभा के दौरान पांच न्याय गारंटी कार्ड को घर-घर तक पहुंचाने का काम हमने किया। वही अगस्त 2024 में युवा कांग्रेस के द्वारा लांच किए गए हर घर खटाखट एवं चलो पंचायत का कार्यक्रम अपने क्षेत्र में जोरदार तरीके से प्रचार प्रसार किया।वहीं उन्होंने कहा कि सामाजिक क्रियाकलाप में भी मैंने कई भूमिका निभाई है, जिसमें ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन, एनजीओ के माध्यम से विधानसभा स्तरीय खेल का आयोजन करना, कोविड में लोगों को मदद करना, विधानसभा स्तरीय सामाजिक न्याय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करवाना आदि शामिल है। वही अपनी उपलब्धि को बताते हुए कहा कि नीम तुलसी फाउंडेशन के द्वारा झारखंड पर्यावरणविद् पुरस्कार 2018 में हमें मिला। वही इंडियन राइजिंग स्टार 2019 में व नमन फाउंडेशन के द्वारा झारखंड यूथ आइकॉन लीडरशिप अवार्ड 2021 में सम्मानित किया गया।

# झारखंड आदिवासी दलित मंच के बैनर तले बंदी किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार को चरही मे झारखंड आदिवासी दलित मंच के बैनर तले बंद को बुलाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता महालाल हांसदा व दिनेश्वर रविदास के नेतृत्व में किया गया। एन एच 33 में रैली निकाली गई वही रैली को शाहिद जयवीर महतो स्मारक के समक्ष सभा में प्रवर्तित कर दिया गया। बंद समर्थकों ने एन एच 33 को जाम कर दिया गया महिला व पुरुष रोड पर ही बैठ गई और विरोध प्रदर्शन करने लगे । आवश्यक वाहनों को छोड़ सभी वाहनों को रोक दिया गया ।एससी और एसटी श्रेणी में क्रीमिलेयर को आरक्षण देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ क्षेत्र भर के विभिन्न दलित संगठन सड़कों पर उतरें रोड को जाम कर दिए। मांडू विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक आनंद सोरेन ने कहा अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश भर



के विभिन्न संगठनों ने आज (21 अगस्त) भारत बंद का आह्वान किया है। इस बंद को कई पार्टियां के द्वारा समर्थन किया गया ।सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर फैसला सुनाते हुए कहा था, सभी एससी और एसटी जातियां और जनजातियां एक समान वर्ग नहीं हैं। कुछ जातियां अधिक पिछड़ी हो सकती हैं। उदाहरण के लिए - सीवर की सफाई और बुनकर का काम करने वाले। ये दोनों जातियां एससी में आती हैं, लेकिन इस जाति के लोग बाकियों से अधिक पिछड़े रहते हैं। इन लोगों के उत्थान के लिए राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण (सब-क्लासिफिकेशन) कर अलग से कोटा निर्धारित कर सकती है। ऐसा करना संविधान के आर्टिकल-341 के खिलाफ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कोटे में कोटा निर्धारित करने के फैसले के साथ ही राज्यों को जरूरी हिदायत भी दी। कहा कि राज्य सरकारें मनमर्जी से यह फैसला नहीं कर सकतीं। इसमें भी दो शर्त लागू होंगी।एससी के भीतर किसी एक जाति को 100त्न कोटा नहीं दे सकतीं। एससी में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए।जिससे लेकर इस बंदी को बुलाया गया है।

## अरगड्डा सिरका में दिखा भारत बंद का असर



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा बिरसा चौक में एससी एसटी के द्वारा भारत बंद आह्वान के द्वारा आवाज के द्वारा संपूर्ण अरगड्डा सिरका चक्का जाम पुरजोर विरोध निंदा करते हुए सुप्रीम कोर्ट के द्वारा कानून लाया गया उसका आरक्षण को लेकर हम लोग उतरे यह सुप्रीम कोर्ट मनमानी न हो इस आह्वान पर हम सभी एससी एसटी आरक्षण पर छेड़छाड़ हो रहे इसका निंदा करते हुए हम जाम करते सभी रोड पर उतरे हैं ।

## युवा आक्रोश रैली राज्य के युवाओं की दशा और दिशा बदलने वाली है : कुश श्रीवास्तव




**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में आगामी 23 अगस्त को होने वाले विशाल युवा आक्रोश रैली को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा बुधवार को संध्या 5 बजे चट्टी बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर के समीप से मसाल जुलूस भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं युवा मोर्चा प्रभारी तन्मय झा भी उपस्थित थे।मसाल जुलूस दुर्गा मंदिर चट्टी बाजार से सुभाष चौक तक निकाला गया। मसाल जुलूस में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और भाजयुमो रामगढ़ जिला प्रभारी तन्मय झा उपस्थित रहे। प्रवीण मेहता ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं को केंद्र में रखकर सत्ता में आई थी लेकिन सत्ता में आते साथ ही हेमंत सोरेन राज्य के युवाओं को भूल गई जिसके कारण राज्य के युवा अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में इस झामुमो कांग्रेस की मिली जुली सरकार को उखाड़ फेकेंगे।कुश श्रीवास्तव ने कहा कि ये युवा आक्रोश रैली राज्य के युवाओं की दशा और दिशा को बदलने वाला रैली साबित होने वाली है राज्य के युवा मौजूदा सरकार के प्रति आक्रोशित है क्योंकि इस सरकार ने युवाओं में पिछले 5 साल लगातार नजरंदाज करते रही है और राज्य के युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेला है। ये आंदोलन केवल युवा मोर्चा नही कर रही बल्कि ये आंदोलन राज्य ?? सम्पूर्ण युवा कर रहे है। तन्मय झा ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे में विफल रही है बात चाहे युवाओं को रोजगार देने की हो या महिला सुरक्षा की हो हेमंत सोरेन ने राज्य को अंधकार में धकेलने का कार्य किया है। 5 लाख नौकरी का वादा करके सरकार में आई ये कांग्रेस झामुमो की सरकार एक जेएसएससी की परीक्षा लेने में नाकाम साबित हुई है। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्र को रोजगार भत्ता का झांसा देकर हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं को धोखा दिया है। अब राज्य के युवा हेमंत सोरेन जी ने जो वादा किया था उसे करेंगे। हेमंत सोरेन ने कहा था अगर साल में 5 लाख नौकरी नही दे पाया तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। अब राज्य के युवा हेमंत जी के इस सपने को पूरा जरूर करेंगे। युवा आक्रोश रैली में भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जयसवाल,जिला मंत्री अनमोल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता नमेंद्र चंचल, दीपक सोनकर,मनोज गिरि मौजूद थे।

# पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को 6 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 21 अगस्त को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया की 20.08.2024 को पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रामगढ़ थाना के पुलिस पदाधिकारियों को विशेष गश्ती का निर्देश दिया गया । जिसके उपरान्त गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ब्लू रंग का अपाची मोटरसाईकिल से राजा बंग्ला के पास ब्राउन शुगर मादक पदार्थ बेच रहा है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर



अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। बताया की उक्त टीम द्वारा राजा



बंग्ला के पास से एनडीपीएस एक्ट के नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति जिसका नाम व पता- रितेश कुमार उर्फ बॉबी, पिता- रामलखन मेहता उर्फ मुन्ना, पता- आदर्श नगर, बस स्टैण्ड, थाना जिला- रामगढ़, को करीब 06 ग्राम ब्राउन शुगर, एक वजन करने वाला मशीन, एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल एवं एक नीला रंग का अपाची मोटरसाईकिल जिसका रजि नं0- जेएच24-जे5230 सहित विधिवत जब्त कर रितेश कुमार को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। सेक्शन 21(6)/22 एन.डी.पी. 5. एक्ट 1985 के तहत उपपर कार्रवाई की गई

**जब्त सामग्रीः**

1. ब्राउन शुगर- करीब 06 ग्राम (अनुमानित कीमत- एक लाख बीस हजाद रूपए।
2. एक वजन करने वाला मशीन।
3. एक ओप्पो कम्पनी का मोबाईल।
4. एक नीला रंग का अपाची मोटरसाईकिल रजि नं0-जेएच24-जे5230

छापामारी दल में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, पुअनि बीरबल हेम्ब्रम, पुअनि सुमन्त कुमार राय,. पुअनि ओमकार पाल, पुअनि राजेश मुण्डा, सअनि सुजीत कुमार सिंह, सैप हवलदार विवेक तिवारी, सैप आरक्षी सोमा उरांव, गृहरक्षक महेश मुण्डा सहित अन्य शामिल थे।

## विप्र फाउंडेशन ने किया छाता का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को सुबह 8.00 बजे से पुराने बस स्टेंड, सब्जी मंडी में ज़रूरत मंदो के बीच, विप्र फाउंडेशन रामगढ़ शाखा के द्वारा जरूरतमंदो को छाता का वितरण किया गया. सुदूर गाँव से आए दतवन,दोना बेचने वालों के बीच छाता का वितरण करते सदस्य !मौके पर महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा जरूरत दतवन,दोना विक्री करने सुदूर गावों से आये ,जरूरत मंदो के बीच छाता का वितरण करना सुखद अनुभव हैं, विप्र फाउंडेशन अपने सामाजिक उतरदायित्व का निर्वहन करता रहा हैं. कार्यक्रम मे विप्र फाउंडेशन के प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि आज लगभग 20 जरूरत मंद लोगों के बीच छाता वितरण किया गया, मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा , जिला कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा,अमित शर्मा, नीरज शर्मा, सोनू शर्मा इत्यादि अनेकों मेंबर मौजूद थे।

## टाइगर जयराम महतो के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है : लीलावती महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के महिला मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष लीलावती महतो ने कहा कि करमा जॉन ( करमा उतरी ,करमा दक्षिणी, रतवे और छुटकी डंडी) में महिलाओं को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के विचारों को लोगों तक हर हाल मे पहुँचाये। झारखंड के बने 24 साल हो गए, लेकिन झारखंड आज तक परिभाषित नहीं हो पाया है। यहां के मूल निवासी कौन है , स्थानीय कौन है। झारखंड मे अच्छा नीति नियम नहीं बनने के कारण यहां के लोग हक अधिकार से वंचित है। निश्चित तौर पर 2024 एक बदलाव का संकेत है। अन्य दल छोड़ कर भी लोग बड़ी उम्मीद के साथ जुड़ रहे हैं। इस बार सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर टाइगर के हाथों को मजबूत करने के बाद कही । और किसी भी सूरत में टाइगर जयराम महतो को झारखंड का मुख्यमंत्री बनना है, क्योंकि इन्हीं के हाथों झारखंड का विकास संभव है। अन्य दल के लोग झारखंड को सिर्फ लूटने और खोखला करने का काम किया है। पूरे भारत में झारखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जो 30 से 40 प्रतिशत खनिज अकेले देता है । लेकिन झारखंड के लोग आज भी हक और अधिकार के लिए दर दर की ठोकरे खा रहे हैं इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। इसलिए सभी जाति के वर्ग के लोगों को एक साथ मिलकर जेबीकेएसएस / जेएलकेएम को साथ देने की जरूरत है।

## भदानीनगर के बैनगड्डा रेलवे लाइन के समीप मिला युवक का शव

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बैनगड्डा में रेलवे ट्रेक के समीप मंगलवार की देर शाम एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त चैनगड्डा निवासी सनोज बेदिया पिता स्व राजकिशोर बेदिया 35 वर्ष के रूप में किया गया। घटना की सूचना के बाद भदानीनगर और आरपीएफ बरकाकाना पुलिस घटना स्थल पर पहुँची। जिसके बाद भदानीनगर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीण अपने मवेशी को लेकर गये थे। शाम में मवेशी के साथ जब वापस लौट रहे थे तब लोगो ने पोल संख्या 110/16 और 110/14 के बीच पटरी से दूर एक शव को देखा। जिसके बाद ग्रमीणों ने इसकी सूचना भदानीनगर पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ड्राइवर का काम करता था वह भी बाहर रक्षाबंधन में अपने घर एक सप्ताह पहले ही आया था। वही समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल सकी है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

पत्रांकः– दिनांक–

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा ई–निविदा संख्याः–05/2024-25/RWD/EE/RANCHI, PR No.332556 (REO) 24-25 (D) द्वारा दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था। जिसे अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। पुनः निविदा शीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, राँची

PR 333299 (REO) 24-25 (D)

## सांसद खेल महोत्सव- 2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम चरण का रामगढ़ के गोला में हुआ भव्य आगाज़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों के खिलाडियों के उत्थान और सहयोग के साथ उन्हें बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर ÷सांसद खेल महोत्सव- 2024÷ के आयोजन का संकल्प लिया है। पूर्व निर्धारित तिथि के अनुरूप बुधवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित पूरबडीह मैदान में सांसद खेल महोत्सव- 2024÷ का विधिवत आगाज़ हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र में हुआ। सांसद खेल महोत्सव- 2024÷ के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम चरण का विधिवत उद्घाटन रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता राजीव जायसवाल, गोला भाजपा मण्डल अध्यक्ष बबलू साव, समाजसेवी आंनद प्रकाश, बंटी तिवारी ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर, फुटबॉल ने किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान मैदान में रंग- बिरंगे नमो जर्सी से लैस विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने मशाल के साथ मार्च पास्ट भी किया। इस टूर्नामेंट में गोला प्रखंड क्षेत्र के कल 36 टीमों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट में शामिल सभी



टीमों के सभी खिलाड़ियों को सांसद मनीष जायसवाल की ओर से आकर्षक नमो जर्सी और हर एक टीम को फुटबॉल भेंट किया गया। सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा इस टूर्नामेंट के विजेता टीम को नगद 25 हजार रुपए की राशि के साथ आकर्षक नमो ट्रॉफी और उपविजेता टीम को नगद15 हज़ार के साथ आकर्षक नमो ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा ।मौके पर भाजपा युवा नेता राजीव जायसवाल ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल का यह अनोखा पहल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान कर उन्हें मंजिल तक पहुंचने में मिल का पत्थर साबित होगा। इस खेल के आयोजन समिति से जुड़े हजारीबाग के रहने वाले बंटी तिवारी ने बताया कि मनीष जायसवाल ने बतौर विधायक साल 2016 से इसकी शुरुआत अपने विधानसभा क्षेत्र के एक प्रखंड से किया था लेकिन कालांतर में इस टूर्नामेंट की ख्याति पूरे लोकसभा क्षेत्र में गूंजी है और अब सांसद खेल महोत्सव के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिले में पढ़ने वाले लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक प्रखंड में आयोजन की तैयारी है। इसका आगाज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड से हुआ। बंटी तिवारी ने बताया कि सांसद मनीष जायसवाल न सिर्फ खेल का आयोजन कर रहे हैं बल्कि खिलाड़ियों और टीमों को जरूर का साधन संसाधन भी उपलब्ध करा रहे हैं ।उक्त टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच गोला बनाम नवाडीह के टीम के बीच खेला गया। जिसमें गोला की टीम 4- 1 गोल से विजय घोषित हुई। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में रेफरी उत्तम कुमार, सुरेश कुमार दास, चंद्रमोहन कुमार और प्रकाश कुमार रहें और उद्घोषक की भूमिका जितेंद्र कुमार ने निभाई ।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024-25 का ले लाभ

**रामगढ़ :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत किसानों की बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ फसल 2024 हेतु फसल बीमा करायी जा रही है। लाभ लेने हेतु किसान नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC) अथवा पोर्टल 222.pmfby.gov.in पर ऑनलाईन स्वतः आवेदन farmer login के माध्यम से दे सकते है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31.08.2024 तक है। पंजीकरण में 1. आधार कार्ड 2. बैंक पासबुक 3. राजस्व पदा0 द्वारा निर्गत भूगि प्रमाण पत्र (नवीनतम) तत्काल उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मुखिया / प्रधान से सत्यापित वंशावली एवं भूमि विवरणी 4. बटाई प्रमाण पत्र (नोटराईज्ड शपथ पत्र) 5 स्वसत्यापित फसल बुआई प्रमाण पत्र 6. मोबाईल नम्बर वांछित है।विशेष जानकारी के लिए कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी रामगढ़ दूरभाष संख्या 9431108778, एचडीएफसी ईगो जीआईसी लिमिटेड हेल्पलाइन नंबर- 14447 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**JAPIT**
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar
Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067
e-mail: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum-1**
Request For Proposal (RFP) for
Empanelment of Agencies under Rate Contract for
Scanning, Digitization and Document Management System
Tender Reference No.: JAP-IT/RC/Digitization/01/2024
Reference PR No. 331503

This is in reference to the Request for Proposal (RFP) published for the purpose of **"Empanelment of Agencies under Rate Contract for Scanning, Digitization and Document Management System"** with Reference No.: **JAP-IT/RC/Digitization/01/2024 dated 02/08/2024.** Pre-bid response has been uploaded as corrigendum-1 on e-procurement website.

Interested participants may download the Corrigendum-1 document from the Portal https://jharkhandtenders.gov.in.

The address for correspondence for the purpose of this RFP is:
**Chief Executive Officer,**
**JAPIT, Ground Floor, Near Golchakkar,**
**Engineer's Hostel - 1, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Email:** japit_doit@rediffmail.com
**Phone No.:** +91-651-2401044

Sd /-
OSD, JAP-IT

PR 333342 Information Technology (24-25)_D

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
पत्रांक : .............................. दिनांक : ..............................

**आम सूचना**

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत द्वारा आमंत्रित (Expression of Interest) EoI - 02/2023-24 (3rd Call), P.R. No. 331045 (Establishment of 100 kg per day Capacity Waste paper/waste cloths Recycling plant and production of value added products from recycled paper/old,used, torn, Damaged clothes) में किसी भी प्रतिभागी के द्वारा भाग नहीं लेने के कारण उक्त (Expression of Interest) EoI को रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 333354 Urban Development(24-25)D

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Registered office :-ENGINEERING BUILDING, HEC, DHURWA, RANCHI-4,FAX No. 0651 – 2400799,
email – cere_jseb@yahoo.co.in (Department of Rural Electrification)

**Cancellation Notice of E-Tender**

Due to unavoidable reasons following NITs under **Particularly Vulnerable Tribal Group (PVTG) and Contiguous to PVTG of** Jharkhand State under RDSS have been cancelled.

| Sl. No. | Name of Area Board | NIT No. |
|---|---|---|
| 1 | Dumka | 67/PR/JBVNL/2024-25 |
| 2 | Medininagar | 68/PR/JBVNL/2024-25 |
| 3 | Ranchi | 69/PR/JBVNL/2024-25 |
| 4 | Jamshedpur | 70/PR/JBVNL/2024-25 |
| 5 | Hazaribagh | 71/PR/JBVNL/2024-25 |
| 6 | Giridih | 72/PR/JBVNL/2024-25 |
| 7 | Dhanbad | 73/PR/JBVNL/2024-25 |

This has got the approval of the competent authority.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 332584

PR 333325 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

Sd/-
General Manager (RP)

**कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला।**

**अति आवश्यक सूचना**
**(कृषक बन्धुओं के लिए)**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड, राँची, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या 05/नि०यो०(B-PMFBY) -25/2024-25 पत्रांक 916 दिनांक 14-08-2024 के आलोक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में खरीफ मौसम से राज्य में अगहनी धान एवं भदई मकई को अधिसूचित किया गया है, जिसकी बीमा इकाई क्रमशः ग्राम पंचायत एवं प्रखण्ड होगी।

इस योजना से गैर ऋणी कृषक एवं ऋणी कृषक दोनों शामिल हो सकते है। गैर ऋणी कृषक योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करते समय निम्नांकित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे।

1. आधार कार्ड
2. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
3. भूमि स्वामित्व संबंधी प्रमाण पत्र।
4. बटाई प्रमाण पत्र। (यदि लागू हो तो)
5. फसल बोवाई का स्व सत्यापित प्रमाण पत्र।
6. वंशावली।
7. मोबाईल नम्बर।

योजना का लाभ लेने के लिए गैर ऋणी कृषक प्रज्ञा केन्द्र (CSC)/सहकारी साख समितियाँ (लैम्पस)/झारखण्ड स्टेट कॉ–ऑपरेटिव बैंक लि०/व्यवसायिक बैंक/ग्रामीण बैंक/पोस्टऑफिस एवं योजना के पोर्टल **www.pmfby.gov.in** के माध्यम से स्वयं ऑनलाईन कर सकते है। ऋणी कृषकों का बीमा ऋणदायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।

आवेदन करने के लिए टोकन राशि के रूप में किसानों से **1.00** (एक) रूपया मात्र लिया जाएगा।

धान के लिए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि – **61,499.00** एवं भदई मकई के लिए – **57,263.00** रूपया है।

उक्त अधिसूचित फसलों की अधिकतम स्तर – **80%** है। गैर ऋणी किसान के लिए खरीफ 2024 में बीमा की अन्तिम तिथि **31-08-2024** तक है।

ह0/–
जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.333345 Co-opretive(24-25):D

**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची।**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 44/24–25.**

1. विभाग का नाम – उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 28/08/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 29/08/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 29/08/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोरण्डा राँची स्थित आवा सं0 9/124, 47/124, राजेन्द्र चौक डोरण्डा के समीप स्थित आवास सं0 B21 एवं हरमू राँची स्थित आवास सं0 BCD-31 एवं सचिवालय कॉलोनी हिनू स्थित C10/24, C1/18, C2/18 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 7,52,374=00 | 1250=00 | 16,000=00 | 21 दिन |
| 2. | धुर्वा राँची स्थित आवास सं0 B/1110/2, B/1167/2, B/2003/2, CD/12/2, CD/508/2, CDOHC665 एवं CD/442/3 मे विद्युत अधिष्ठापन का कार्य। | 6,09,728=00 | 1250=00 | 13,000=00 | 21 दिन |
| 3. | राजेन्द्र चौक डोरण्डा के समीप स्थित आवास सं0 B29 एवं सेठ सीता राम स्कूल के समीप स्थित आवास सं0 69/124 B42 एवं इंदिरा पैलसे हिनू राँची के पीछे स्थित आवास सं0 C8 एवं C20 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,16,177=00 | 1250=00 | 11,000=00 | 21 दिन |
| 4. | हजारीबाग स्थित डी0डी0सी0 आवासीय परिसर मे बगीचा लाईट के बदलीकरण का कार्य। | 4,77,176=00 | 750=00 | 10,000=00 | 21 दिन |
| 5. | हजारीबाग स्थित ग्रामीण विकास विभाग, के स्पेशल डिविजन (पुराना एन0आई0सी0 कार्यालय) में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,25,460=00 | 750=00 | 9,000=00 | 21 दिन |
| 6. | डोरण्डा, राँची स्थित बंगला सं0 139 में एल0ई0डी ट्यूब लाईट, सिलिंग पंखा, फल्ड लाईट, गेट लाईट इत्यादि के वार्षिक मरम्मति, बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 3,32,784=00 | 750=00 | 7,000=00 | 21 दिन |
| 7. | रिनपास, कॉंके, राँची में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्रों के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 8,99,636=00 | 1250=00 | 18,000=00 | एक वर्ष |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR 333331 (Energy) 24-25 (D)

### सरिया में भी दिखा भारत बंद का असर, भाकपा माले, झामुमो व जेबीकेएसएस ने किया समर्थन

# बंद रही दुकाने, नहीं चले वाहन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया(गिरिडीह) :** बुधवार को एससी एसटी मोर्चा के बैनर तले भारत बंद के आह्वान किया गया था। जिसका असर सरिया में भी देखने को मिला। बंद समर्थकों के द्वारा सुबह से ही सरिया बाजार में घूम-घूम कर निजी एवं सरकारी प्रतिष्ठान को बंद कराते हुए दिखे। जिसके कारण बाजार की अधिकांश दुकानें दोपहर तक बंद रही । वहीं सरकारी प्रतिष्ठानों में बैंक ऑफ़ इंडिया, ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक, पोस्ट ऑफिस कई मोल आदि भी बंद रहे। वहीं बंद कर रहे बंद समर्थकों को सरिया में भीम आर्मी ,भाकपा माले, कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा ,जेबीकेएसएस समेत कई पार्टियों का समर्थन भी प्राप्त हुआ। बंद समर्थक सुबह लगभग 8:00 बजे से सरिया राजधनवार रोड के झंडा चौक पर बीच सड़क मैं बैठ कर जाम कर दिए । जाम की सूचना पर पहुंची प्रशासनीक अधिकारियों के द्वारा जाम हटाने की अपील किया गया। लेकिन जाम लगभग 12:00 बजे तक चलता रहा । इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई नेताओं वा वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर सुप्रीम कोर्ट के हवाले से देश में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का एक नया वर्गीकरण का हवाला दिया जा रहा है ,जो सीधे रूप से संविधान के खतरे की स्थिति को बता रहा है। आज भी समाज में काफी दबे कुचले लोग रहते हैं और संविधान द्वारा उनके प्राप्त अधिकार को भी बांटने या वर्गीकरण का काम किया जा रहा है । जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । आज तो सांकेतिक हड़ताल है अगर जरूरत पड़े तो सभी राजनीतिक पार्टियों एक मंच पर आकर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ अनिश्चितकालीन सड़कों पर भी उतरने का काम करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अगुवाई कर रहे अनुसूचित जनजाति मोर्चा के गिरधारी पासवान ,सुरेंद्र कुमार ,झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल, भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य भोला मंडल , आइसा के सोनू पांडेय, कांग्रेस नेता सत्यनारायण मंडल, जेवीकेएसएस के जिला सचिव धर्मपाल महतो, पंचायत समिति सदस्य रामविलास पासवान, धनेश्वर पासवान , पूरन महतो, प्रेम कुमार राजेंद्र रविदास समेत सैकड़ो लोग का शामिल थे ।

# थाना प्रभारी से संपर्क करके तैयार करें वल्नरेबल मैपिंग रिपोर्ट : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को वल्नरेबल मैपिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट संबंधित थाना प्रभारी से संपर्क करके ही वल्नरेबल मैपिंग रिपोर्ट तैयार करेंगे। रिपोर्ट तैयार करते समय वहां की विधि व्यवस्था, अपराधिक घटनाएं, पूर्व के चुनाव में घटित घटनाएं, राजनीतिक प्रतिद्वंद्वता, धन-बल का प्रभाव सहित बताए गए अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखकर समझदारी से रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि वल्नरेबल मैपिंग चुनाव प्रक्रिया की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। करोड़ों लोगों को हमारी निर्वाचन प्रक्रिया पर भरोसा है। हम सब इस मजबूत व्यवस्था का एक अंग है। जिस प्रकार आपके योगदान से लोकसभा चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हुए उसी प्रकार अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए विधानसभा चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराना है। साथ ही उपायुक्त ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को चुनाव से पूर्व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ तीन बार अपने मतदान केंद्रों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को मतदान के दिन की जिम्मेदारी, एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी, मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट, मतदान के दिन की सुविधा, कतार मैनेजमेंट, मतदाता सुविधा पोस्टर का प्रदर्शन, पोलिंग स्टेशन लेआउट, वोटिंग कंपार्टमेंट, मतदान सामग्री की सीलिंग एवं पैकेजिंग, चुनाव के बाद की जिम्मेदारी सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष कुमार गुप्ता, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, कुमार वंदन मौजूद थे।

## जरूरतमंद लोगों के बीच बांटा गया तिरपाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाजसेवी मुख्तार खान के द्वारा दर्जनो ज़रूरतमंदो व्यक्तियों को तिरपाल दिया गया। इस बाबत मुख्तार खान ने बताया की उन्हें किसी ने जानकारी दी की कुछ ऐसे लोग हैं जो बरसात के इस मौसम मे अपने परिवार के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन जीने को विवश हैं। उनके पास अपना घर नहीं है और यदि कच्चा मकान है भी तो वो जर्जर अवस्था मे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें तिरपाल प्रदान किया गया ताकि धूप, आँधी और पानी से उनका बचाव हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समाजिक कार्यकर्ता हाजी ज़मीर आरिफ आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## सुरेश चन्द्र बने सलोपपा के झारखण्ड प्रभारी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरिष्ठ समाजसेवी तथा विभिन्न संगठनों से जुड़े सुरेश चन्द्र तिवारी को समाजवादी लोक परिषद पार्टी का झारखण्ड प्रभारी बनाया गया है। झारखण्ड में भयमुक्त, शोषणमुक्त एवं रामराज्य को बहाल के लिए निस्वार्थ भाव से जनहित हेतु सदैव तत्पर रहने वाले सामाजिक कार्यो से जुड़े सुरेश चन्द्र तिवारी को मनोनित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रघुवंश प्रसाद मिश्रा, प्रशस्ती दीदी निवेदिता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भागवत प्रसाद पाण्डेय ने कामना एवं आशा व्यक्त की है कि तिवारी अपने जिम्मेवारी को बखुबी निभाने के लिए सक्षम होंगे। साथ ही साथ साधू बैद्यनाथ को धनबाद जिला अध्यक्ष तथा शबनम परवीण को जिला उपाध्यक्ष भी मनोनीत किया गया है।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया का हुआ पुनर्गठन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ठाकुर कुल्ही धैया वार्ड संख्या 21 के सदस्यों की बैठक दुर्गा मंदिर प्रांगण में प्रद्युत कुमार राय की अध्यक्षता में हुई। श्री राय ने बताया कि ठाकुर कुल्ही में पूजा 2009 में प्रारंभ की गई थी। तब से पारंपरिक रूप से पूजा होती आ रही है। इस वर्ष भी पारंपरिक उल्लास के साथ पूजा मनाई जाएगी। पूजा के दौरान चित्रकला, क्विज, नृत्य प्रतियोगिता के साथ-साथ म्यूजिकल चेयर का भी आयोजन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पूजा समिति की ओर से पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में 26 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ जन्माष्टमी महोत्सव दुर्गा मंदिर में मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया।

### धनबाद प्रेस क्लब की नई कमेटी ने बीसीसीएल सीएमडी से किया शिष्टाचार मुलाकात

# सीएमडी ने पत्रकारों को दिया हर संभव मदद करने का आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को धनबाद प्रेस क्लब की नई कमिटी ने बीसीसीएल व ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से उनके कार्यालय पर मुलाकात की। बीसीसीएल व ईसीएल सीएमडी को प्रेस क्लब का प्रतीक चिन्ह मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया।

इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव कुमार झा, महासचिव अजय प्रसाद, सचिव संजय चौरसिया, सचिव चंदन पाल के साथ कार्यकारिणी सदस्य विपिन कुमार रजक मौजूद रहे। इस दौरान बीसीसीएल व ईसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने प्रेस क्लब के नई कमिटी को सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए धनबाद प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से नई कमिटी के नेतृत्व में धनबाद प्रेस क्लब आगे बढ़ेगा और पत्रकारों के लिए अच्छा काम करेगा।

दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के तरफ से हर संभव मदद धनबाद प्रेस क्लब को किया जाएगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तेतुलमारी नगरी में असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई एवं मुफ्त दवाइयों का भी वितरण किया गया। लगभग 100 लोगों ने इस शिविर का लाभ लिया। वहीं हरेन्द्र सिंह ने कहा की हमारा उद्देश्य सिर्फ लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करना है।

# आरक्षण विरोधी निर्णय के खिलाफ झामुमो और टीएमसी ने किया विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झामुमो महानगर समिति धनबाद के प्रवक्ता आकाश रवानी एवं टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार खान के नेतृत्व मे आरक्षण विरोधी निर्णय के खिलाफ बिरसा मुंडा, बैंक मोड़ चौक पर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रवक्ता आकाश रवानी ने कहा कि न्यायालय का यह फैसला एससी एसटी समाज को और कमजोर कर देगा। इस प्रकार उनके सामाजिक आर्थिक उत्थान में रोक लग जाएगा जिसे झामुमो परिवार कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा सदैव एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी के हित के लिए कार्य करता आया है एवं करता रहेगा। वहीं टीएमसी नेता मुख्तार खान ने कहा कि इस प्रकार का निर्णय न्यायिक व्यवस्था के लिए सकारात्मक बात नहीं है। कहीं ना कहीं इसके पीछे भाजपाइयों का बड़ा गिरोह काम कर रहा है जो की निंदनीय है। देश की जनता आगामी चुनाव में भाजपाइयों का सुपड़ा साफ कर देगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक महानगर के सचिव सरदार बॉबी छाबड़ा, मोइन अंसारी, अवध बिहारी, बिट्टू यादव, कृष्ण यादव, जियाउल हक अंसारी, अमरेश रविदास, सुरेंद्र कुंभकार समेत अन्य उपस्थित थे।

# भारत बंद के दौरान महुदा मोड़ में धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को प्रदर्शनकारियों ने किया घंटों जाम



**महुदा पुलिस ने फंसे जरूरतमंद लोगों को जाम से निजात दिलाया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला के महुदा मोड़ मे आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आहुत देशव्यापी भारत बंद के मौके पर महुदा मोड़ चौक को प्रदर्शन कार्यो ने घंटों जाम किया। लोगो ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के विरोध में किया गया जिसमें एससी /एसटी आरक्षण के भीतर उप - वर्गीकरण की अनुमति दी गई है। बंद को विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का समर्थन मिल है ।

भारत बंद को लेकर सुबह 11 बजे को असर देखने को मिला । जब प्रदर्शनकारियों ने धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग महुदा मोड़ चौक पर सभी गाडियों के रोका जा रहा था । मौके पर महुदा थाना के थाना प्रभारी धीरज कुमार अपने दल बल के साथ जाम में फंसे जरूरतमंद लोगों को जाम से निजात दिलाने का कार्य किया। जामकर्ता जय भीम का नारा लगा रहे थे, उक्त मौके पर कार्यक्रम में अरुण कुमार दास, किशोर दास, चंदन दास, सोनू कुमार, विजय कुमार, श्याम सुन्दर, दिनेश दास, नंदलाल दास, गणेश बाउरी, देवानंद राम, बाबूलाल राम, हरिलाल दास, प्रकाश दास, मनोज राम, गुही राम, दुखु राम, मोती राम, काली चरण, सुन्दर लाल, प्रदीप दास, महेश दास, जुगल दास, दिनेश दास, जेबीकेएसएस के प्रदीप कुमार महतो, बलराम महतो, के अलावे दर्जनो समर्थक उपस्थित थे।

# एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध को लेकर गिरिडीह में व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में एससी- एसटी आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में भारत बंद का असर गिरिडीह में भी व्यापक रहा। वही भीम सेना एवं समस्त बहुजन समाज के इस भारत बंद आह्वान पर ज़िले के सभी संगठन झामुमों, कांग्रेस, भाकपा, राजद, आजसू समेत कई पार्टी के नेताओं ने इसे सफल बनाने में जुड़े दिखे। वही गिरिडीह में सुबह से बस स्टैंड में तमाम गाड़ियां खड़ी रही। वहीं रेलवे स्टेशन में भी गिरिडीह- मधुपुर सवारी रेलगाड़ी का चक्का जाम किया गया।हालांकि इस बंद को भीम सेना व अन्य दलित संगठनों ने बुलाया था। लेकिन गिरिडीह शहरी क्षेत्र में झामुमों ज़िला अध्यक्ष संजय सिंह ने मोर्चा संभाला और आंदोलन को गति दी। सुबह से ही जेएमएम नेता व कार्यकर्ता जगह-जगह पर जमे रहे और इस बंद को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान जोरदार रूप से धरना प्रदर्शन भी किया गया।

हालांकि कुछ लोगों का कहना था कि भारत बंद का आह्वान सुबह 6 से रात के 8 तक का था।जिसकी वजह से कुछ लोग अगले सुबह अपने गंतव्य तक जाने का फैसला लिया था।लेकिन झामुमो के लोग सुबह तीन चार बजे से ही बंदी करने में लग गए। जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई। वहीं शहर से सटे उसरी नदी पर बने पुल को जेएमएम कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही जाम कर दिया जिसे आने जाने वाले अवागमन ठप रहा इस बाबत झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने भी कहा कि झामुमों कार्यकर्ता सुबह चार बजे से ही बंदी करने में डटे हुए हैं। बता दे कि इस आरक्षण के वर्गीकरण का फैसला सुप्रीम कोर्ट में सुनाया है। लेकिन बंद करने वाले लोग सीधे-सीधे इसे राजनीतिक रंग देते हुए इस मामले में केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे थे। कुल मिलाकर बंदी का असर गिरिडीह में व्यापक रहा और लोग इस दौरान परेशान परेशान होते दिखे। वहीं सदर विधायक सुदीब्य कुमार सोनू ने भी इस भारत बंद का समर्थन करते हुए बताया कि बहुजनों के आरक्षण से किसी भी तरह की मनमानी नहीं चलने देंगे भाजपा के लोगों के द्वारा जो मनमानी रवैया किया जा रहा है इसका हम विरोध करते हैं। इधर 3 बजे के बाद गिरिडिह में आवाजाही लोगो का शुरू हो गया वही बाजार की दुकानें भी खुलने लगी। भारत बंद के समर्थन में झामुमो नेता अभय सिंह, रॉकी सिंह, कृष्ण मुरारी शर्मा, राकेश रंजन, अनवर अंसारी, प्रमिला मेहरा, कांग्रेस नेता सतीश केडिया, नरेश वर्मा, जय भीम सैन के उज्जवल रावण, बी हेंब्रम, ललन दांस, बबलू दास, कृष्ण तूरी सहित तमाम बहुजन शामिल थे।

## एससी-एसटी आरक्षण के विरोध में बसपा द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एससी एसटी आरक्षण में कोटे पर कोटा उप वर्गीकरण एवं क्रिमीलेयर लाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अभी तक संशोधन नहीं करने के विरोध में बहुजन समाज पार्टी द्वारा धनबाद जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पर बुधवार को शांतिपूर्वक सड़क जाम कर भारत बंद आन्दोलन को सफल बनाया। यहां बसपा नेता-कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में पार्टी का झण्डा बैनर लेकर सुबह 8:30 बजे से अपराह 2:00 बजे तक आवागमन को पूरी तरह ठप्प कर दिया। इसके पूर्व रणधीर वर्मा चौक से बसपा द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया जो डीआरएम चौक स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा तक पहुँचा तथा उन पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा लिखित संविधान को बचाने व भाजपा सरकार द्वारा साजिश के तहत सुप्रीम कोर्ट के आड़ से आरक्षण को खत्म करने के कुचक्र को रोकने का सामुहिक रूप से संकल्प लिया गया। पुनः आक्रोश मार्च रणधीर वर्मा चौक आकर सभा में परिणित होकर सड़क पर बैठ गया। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को शिष्ट?मंडल द्वारा ज्ञापन देकर सुप्रीम कोर्ट के उक्त फैसले को निष्प्रभावी करने हेतु अध्यादेश जारी करने तथा आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने का माँग किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जोन प्रभारी सुबल दास, जिला अध्यक्ष अभय कुमार, जिला प्रभारी सुनील दास, जिला उपाध्यक्ष गणेश भारती, जिला महासचिव मनोज दास आदि ने किया। मौके पर सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# धनबाद में दिखा भारत बंद का व्यापक असर कई राजनीतिक दलों ने बंद का किया समर्थन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बुधवार को बुलाये गए भारत बंद का हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने भी अपना समर्थन दिया। समिति ने बंद को पूर्णतः सफल बताया। जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने कहा कि बसपा, झामुमो, कांग्रेस, मासस एवं अन्य राजनीतिक दलों एवं अन्य संगठनों ने भी बंद को समर्थन दिया। सुबह छह बजे से लेकर रात्रि आठ बजे तक संपूर्ण भारत बंद रहा। धनबाद में भी भारत बंद का व्यापक असर रहा। आम दिनों की तुलना में सड़कों पर इक्के दुक्के वाहन ही चले। व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकाने बंद रखी। स्कूल कॉलेज भी बंद रहा। उन्होंने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आड़ में भाजपा-एनडीए एससी एसटी के आरक्षण को खत्म करने के लिए कोटे पर कोटा यानी आरक्षण में उप-वर्गीकरण करने व इसमें क्रीमी लेयर लगाने का फैसला दरअसल दलित समाज को बांटने व लड़ाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणा तो किया कि संविधान में जैसा आरक्षण है वैसा ही रहेगा मगर इस मामले में चालू सदन में उन्होंने कुछ नहीं किया, जिससे एससी एसटी समाज में उबाल है।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

हजारीबाग शहर स्थित गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2024 दुर्गा पूजा के अवसर पर खुला डाक के द्वारा बन्दोवस्ती किया जाना है। निबंधित फर्म/इच्छुक व्यक्ति/स्वयं सेवी संस्था अपना आवेदन दिनांक 03.09.2024 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते हैं तथा बन्दोवस्ती खुली डाक के माध्यम से दिनांक 05.09.2024 के अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम सभाकक्ष में किया जायेगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गाँधी मैदान, मटवारी में डिजनी लैण्ड –सह– हैण्डिक्राफ्ट मेला 2024 दुर्गा पूजा के अवसर पर | 16,15,000/– | 5,00,000/- |

नोट – डाक की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 333359 Urban Development and Housing(24-25).D

# भारत बंद को सफल बनाने में आदिवासी संगठनों का रहा महत्वपूर्ण योगदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में गलत तरीके से संशोधन कर सुनाई गई फैसलों को वापस लेने को लेकर बुधवार को भारत बंद का अहवाहन किया गया। जिसके आलोक में थाना क्षेत्र के कंडरा चौक पर व्यापक असर देखने को मिला एससी एसटी समाज के अगुवाओ के नेतृत्व में लोहरदगा गुमला एन एच 143 ए मुख्य पथ करीब चार घन्टा जाम रहा। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र में एससी एसटी समाज सक्रियता का परिचय देते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को वापस लेने के लिए प्रदर्शन कर मांग किया है। जिसको लेकर कंडरा चौक में 11 बजे से एससी एसटी समाज द्वारा बुलाई गई भारत बंद का असर व्यापक रहा। छोटी वाहनों से लेकर बड़ी वाहनों एवं दूर दराज के राहगीरों का यातायात चार घंटा तक बाधित रहा। वही बताया गया कि माननीय उच्चतम न्यायालय ने एससी एसटी आरक्षण के विरुद्ध कार्य करते हुए हमलोगों के अधिकार का हनन किया गया है। अगर सुप्रीम कोर्ट अपने फैसले को वापस नही लेता है तो बाध्य हो आगे भी समाज के निर्देश पर अनिश्चित कालीन चक्का जाम करने पर विचार किया जायेगा। आदिवासी समन्वय समिति के प्रखंड समन्वयक बालेश्वर उराँव उर्फ पंडित ने जानकारी देते हुए कहा कि एस सी-एस टी समाज के अधिकार को गलत तरीके से सुप्रीम कोर्ट द्वारा संशोधन का कार्य किया गया है। वही बताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को गलत करार देते हुए हम सभी समाज के अधिकार को लेकर सड़क पर गांव समाज के साथ बंदी को सफल बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट से आव्हान करते है। कि सुनाई गई फैसले को वापस ले नही तो आगे भी इससे ज्यादा आदिवासी समाज के लोग अधिक संख्या में सड़क पर उतर अनिश्चित कालीन चक्का जाम करने को बाध्य होंगे। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, झलजमीरा पंचायत मुखिया बंधन उराँव, अलौदी मिखिया बुधेश्वर उराँव, सेन्हा मुखिया धनवाज उराँव, बालेश्वर उराँव उर्फ पंडित परमानन्द उराँव सहित आदिवासी समाज के गणमान्य लोग शामिल थे।

## झारखण्ड आंदोलनकारियों ने बीडीओ तथा सीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में झारखण्ड आंदोलनकारियो का बैठक जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में 24 अगस्त को राँची जिला के मोरहाबादी मैदान में आयोजित रैली को सफल बनाने के लिये विचार विमर्श किया गया। साथ ही आंदोलनकारियों द्वारा बीडीओ संग्राम मुर्मू व सीओ राकेश कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंप कर आंदोलनकारी भवन बनाने के लिये अंचलाधिकारी से जमीन का मांग किया गया। जिसे सीओ ने स्वीकार करते हुए प्रखंड मुख्यालय के समीप पशुपालन अस्पताल परिसर में 3.5 डिसमिल जमीन देने की बात कही गई। जिसे आंदोलनकारियों के मन में हर्ष है। वही जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु ने कहा कि आगामी 24 अगस्त के रैली को सफल बनाने के लिये प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ो आंदोलनकारी कार्यकर्ता मोरहाबादी में शामिल होंगे। मौके पर अनिल कुमार पाण्डेय, बुद्धदेव उरांव, देवप्रसाद साहु, मनमोहन साहु, हरि उरांव, कृष्णा, जयसिंता केरकेट्टा, निर्मला तिग्गा, अमानत अंसारी, सोमारी उराँव, एजाज अंसारी सहित अन्य सैकड़ो आंदोलनकारी कार्यकर्ता शामिल थे।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य विपक्ष कर रहे हैं एससी एसटी को गुमराह : जितेंद्र महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बिलकुल सराहनीय फैसला लिया है। इस फैसले से दबे, कुचले, शोषित, आर्थिक रूप से गरिब असहाय आदिवासी समाज को नौकरी में आगे आने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इससे आर्थिक रूप से संपन्न घरानेठ और गरीबी बेरोजगारी की खाई को कम करने का अवसर मिलेगा। और सिर्फ एक ही संपन्न परिवार के लोगों को अगर नोकरी मिलती रहेगी तो बाकी लोग बेरोजगार ही घूमेंगे और दर दर की ठेकर खाकर रोजगार के लिए ईंट भट्ठे में जाकर पेट भरने का कार्य करेंगे। परंतु देश के भोले भाले गरीब आदिवासी जनता को गुमराह कर केंद्र में विपक्ष के लोग अपना निहित स्वार्थ की राजनीतिक के चलते सुप्रीम कोर्ट के फैसला के खिलाफ झूठ का हवा देने का काम कर रहें हैं।

## कैरो प्रखंड क्षेत्र में भारत बंद रहा बेअसर, एसटी एससी लोगों ने किया सड़को में प्रदर्शन, पुलिस रही मौजूद



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के अह्वाहन पर कैरो मुख्यालय में भी भारत बंद को लेकर एसटी एससी वर्ग के लोगों के द्वारा कैरो चट्टी मुख्य मार्ग पर कैरो चौक के समीप किया प्रदर्शन। प्रदर्शनकारी हाथो मे श्वेत लाल के चिरा झंडा व नीले रंग के झंडे लेकर एसटी एससी आरक्षण में कृमिलेयर नहीं चलेगा, निकलो बाहर मकानों से जंग लडो वैईमानो से, एसटी एससी में बँटवारा बन्द करो, जय भीम जय संविधान इत्यादि की तख्तिया लिये सड़को पर टायर जला कर नाराबाजी कर रहे थे। उक्त बन्द को राज्य के सत्ताधारी दलों ने भी समर्थन किया था फिर भी कैरो प्रखंड क्षेत्र मे बंद वेअसर रहा, स्कूल, बैंक, प्रखंड सह अंचल कार्यालय भी आम दिनो की तरह 21 अगस्त बुधवार को भी खुले रहे सड़को पर गाड़ीयों व राहगीरों का भी आना जाना लगा रहा। कैरो मुख्यालय मे प्रदर्शनकारियों के उक्त प्रदर्शन के समय कैरो थाना प्रभारी नीरज झा एवं एसआई मनोज कुमार गुप्ता कैरो थाना बल के साथ किसी भी अप्रिय वारदात से निपटने के लिये प्रदर्शन के समय उपस्थित थे। इस प्रकार आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा बुलाई गई भारत बंद के तहत कैरो प्रखंड क्षेत्र पूरी तरह शांतिपूर्ण व भारत बंद वे असर रहा।

## जमीनी विवाद में भाई ने की भाई की हत्या

**जलडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा थाना क्षेत्र के परबा बेंदोसेरा में मझले भाई ने अपने ही बड़े भाई (साधु मांझी) को लोहे के रॉड से मारकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार दोपहर 3:30 बजे की बताई गई है। घटना के बाद आरोपी भाई अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया था लेकिन बुधवार सुबह को आरोपी भाई ने खुद को ओडगा ओपी में आत्मसमर्पण कर दिया है। घटना के पीछे जमीनी विवाद बताया जा रहा है। जलडेगा पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया है।

# किशोरों के अनुकूल बन उन्हें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ें : प्रभारी चिकत्सा प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसको के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज (C3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला किया गया जिसमें CHO एवं ए.एन.एम को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों द्वारा स्वास्थ्य सेवा लेने में वर्तमान चुनौती समाधान एवं सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी,एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि किशोरों को हमें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने के लिए उनके अनुकूल बनना होगा उनसे जुड़ कर कार्य करना होगा जिस से वे हमें अपनी समस्या को बतला पायेंगे तो आपके द्वारा उसका बेहतर तरीके से समाधान होगा। प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक ने कहा कि एक सेवा प्रदाता के रूप में आपकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है विशेष कर किशोरों के साथ आपको दोस्ताना और नम्र वयव्हार करना होगा उनकी समस्या को ध्यान से सुनना होगा और उसका निराकरण करना होगा। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के प्रशिक्षक के द्वारा उपस्थित CHO एवं ए एन एम को किशोरावस्था में परिवर्तन, वर्तमान में किशोरों से जुडी समस्या, सेवा लेने में चुनौतियां, एक सेवा प्रदाता के रूप मे कैसे हम किशोरों से जुडी हुई समस्या की पहचान कर उसका समाधान करें इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बी.टी.टी, C3 के रंजन कुमार एवं नंदलाल उरांव तथा 26 CHO एवं ए एन एम उपस्थित थे।

# वज्रपात के चपेट में आई युवती, सूचना मिलते ही भाजपा नेता श्रद्धानन्द पहुंचे अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठाईटांगर प्रखंड के रेंगारीह देवबहार निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता पुर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश रावत की सुपुत्री लक्ष्मी रावत आज शाम को आकाशीय बिजली के प्रभाव में आने से घायल अवस्था में शाम करीब 8:30 बजे सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती किया गया। उपरोक्त विषय की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने सदर अस्पताल पहुंचे एवं परिवार वालों से मुलाकात किए। तथा चिकित्सा महोदय से बेहतर इलाज हेतु आग्रह किए। दिनेश रावत ने श्री बेसरा को सदर अस्पताल में इलाज संबंधित अव्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि जो दवाई पर्ची में लिखा गया था उस में से एक दवाई यहां उपलब्ध नहीं है बताया गया, इसलिए उक्त दवाई को बाहर के दुकान से खरीद कर लाने को कहा गया। श्री बेसरा ने चिकित्सक महोदय से बात कर कहा कि उसी दवाई का नाम लिखें जो अस्पताल में उपलब्ध है। और जो दवाई उपलब्ध नहीं है उस दवाई का पर्ची में नाम नहीं लिखें। बाद में चिकित्सा महोदय ने उक्त दवाई के स्थान पर दुसरी दवाई का नाम लिखा। जो अस्पताल में उपलब्ध था। श्री बेसरा ने दिनेश रावत को आश्वस्त करते हुए कहा कि अगर ऐसी बात है तो सीएस सिमडेगा के पास इस बात को रखी जाएगी और अस्पताल में हमेशा दवाई उपलब्ध कराने का आग्रह किया जाएगा। अन्यथा उपरोक्त संबंध को लेकर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

# किसान योजनाओं का जानकारी लें और लाभ उठायें : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल 2024 - 25 को लेकर कार्यशाल का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फूलझरी देवी, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा कि सरकार उरद, अरहर, मूंग, सरसों, मूंगफली, धन, गेंहू, चना सहित अन्य तरह के बीजों का निःशुल्क वितरण करती है। जिसका किसान लाभ लें और कृषि कार्य मे प्रगति करें। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि किसान योजनाओं की जानकारी रखें और लाभ लें तथा अपनी आय में वृद्धि के लिए नए नए कृषि विधि का उपयोग कर खेती करें क्षेत्र के किसान काफी मेहनती हैं। पिछ्ली बारिस होने के बावजूद भी धान की रोपाई अच्छी हुई है। आप खेत में समय समय पर लगने वाले खाद और दवा का छिड़काव करें और खेती की रखवाली करें। सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार की योजना की जानकारी रखें किसान खरीफ फसल की बुआई का समय अभी है और मडुवा उरद राहर आदि लगाए खेती को खाली नही रहने दें। गन्ना की काफी मांग है किसान गन्ना की खेती करें और अपने अपने खेतों की मिट्टी का जांच करायें।

## समिति के चुनाव में कर्मा पूजा को लेकर हुआ फिर फेरबदल 15 सितंबर के बजाय 22 सितंबर को होगी वोटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति की बैठक हरमू रोड स्थित स्कूल परिसर में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य जिला पदाधिकारी एवं नगर के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 सितंबर को कर्मा पूजा का बासी होने के कारण सभी लोगों का आना मुश्किल होगा। आगामी 15 सितंबर को होने वाले समिति का चुनाव में फेरबदल करते हुए पुनः22 सितंबर रविवार को की जाएगी। फॉर्म की खरीदगी एवं जमा 28 अगस्त तक ही होगी। 30 तारीख तक वापसी एवं 1 तारीख को स्कूटनी, और 3 तारीख को प्रत्याशियों के बीच सिंबल बाटी जायेगी। ज्ञात हो की समिति के जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष का चुनाव वोटिंग के माध्यम से की जाती है। पूरी प्रक्रिया के बीच सदस्यता अभियान चलेगी। सिर्फ और सिर्फ चुनाव के दिन सदस्यता बंद रहेगा। मौके पर कोर कमेटी सदस्य रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, बजरंग साहू, बिक्की कसेरा, राज महतो नगर महामंत्री सुशील पटनायक एवं दीपक कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने हाजी मो. अफसर कुरैशी को किया प्रतिनिधि मनोनीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव (वित्त विभाग योजना एवं विकास विभाग वाणिज्यकर विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग झारखण्ड सरकार) ने लोहरदगा निवासी अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व हाजी मो. अफसर कुरैशी को अपना प्रतिनिधि के रूप में मनोनित किया है। उन्होंने इस आशय की जानकारी पत्र जारी कर हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी के साथ-साथ लोहरदगा के उपायुक्त को भी दी गई है। हाजी मोहम्मद अफसर कुरैशी को मंत्री प्रतिनिधि बनाए जाने की जानकारी लोगों को जैसे ही लगी, हाजी मो. अफसर कुरैशी को बधाई देने के लिए उनके आवास में लोगों तांता लग गया। बधाई देने वालों में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, जिन्होंने दूरभाष से बधाई देते हुए उनके सुनहले भविष्य की कामना की। तत्पश्चात लोहरदगा जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, अशोक यादव, निशिथ जायसवाल, हसीन अख्तर, तंजीम उलमाए अहले सुन्नत के सरपरस्त हजरत मौलाना रेयाजुद्दीन, जमैतुल कुरैश के सदर नेहाल कुरैशी, एवं सचिव अफरोज कुरैशी, कौमी एत्तहाद मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहिबुल्ला अंसारी, रिंकू कुरैशी, टिंकू कुरैशी, सैयद औरंगजेब, रौनक इकबाल, कमाल कुरैशी, जमील अंसारी, सेन्हा अंजुमन इस्लामिया के सदर मुख्तार अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हैं।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के तत्वावधान में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर राजकीय +2 उच्च विद्यालय केरसई में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार और तत्संबंधी कानून की जानकारी पीएलभी उपेन्द्र कुमार के द्वारा दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सहज व्यवहार करने की आवश्यकता के संबंध में कहा गया। उन्हें भरण पोषण के अधिकार की जानकारी के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली विविध सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, कर एवं यात्रा भाड़ा में दी जाने वाली रियायत की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी और पीएलभी उपेन्द्र कुमार, महिमा बेक, और विष्णु प्रसाद उपस्थित रहे। प्राचार्य के धन्यवाद ज्ञापन पश्चात् कार्यक्रम स्थगित किया गया।

# कांग्रेस के खिलाफ काम करने वालों को डॉक्टर रामेश्वर उरांव दे रहे हैं इनाम : नेसार अहमद

## कांग्रेस का जो गद्दार है वही मंत्री जी का यार है : राजू कुरैशी

➲लोहरदगा को स्थानीय विधायक मिले ताकि कार्यकर्ताओं के भावनाओं का हो कद्र : साजिद अहमद चंगू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस मुख्यालय राजेंद्र भवन में आज कांग्रेस जनों का एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष साजिद अहमद चंगू ने किया। बैठक में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा लोकसभा के चुनाव में खुलकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम करने वाले हाजी अफसर कुरैशी को मंत्री प्रतिनिधि बनाए जाने की कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए पुरजोर ढंग से इसका विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा पार्टी विरोधी काम करने वाले व्यक्ति को जो अपना प्रतिनिधि बनाया है उसके इस कृत्य से हजारों कांग्रेसियों की भावनाएं आहत हुई है। एक तरफ से उन्होंने समर्पित कांग्रेसियों के मुंह में तमाचा मारा है। वे जिस व्यक्ति को प्रतिनिधि बनाए हैं उसे चुनाव के वक्त पूरा समाज रिजेक्ट कर चुका था। डॉ रामेश्वर उरांव लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले तमाम लोगों को अपने साथ लेकर घूम रहे हैं और इनाम देने का काम कर रहे हैं इससे यह बात स्पष्ट होता है कि डॉक्टर रामेश्वर उरांव कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले लोगों का नेतृत्व कर रहे है। प्रदेश सचिव जगदीप भगत ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव विधायक और मंत्री तो बन गए है। कांग्रेस पार्टी के नीति और सिद्धांतों का जानकारी होने के बावजूद कांग्रेस के खिलाफ पार्टी विरोधी कार्य करने वाले व्यक्ति को प्रतिनिधि बनाना दुर्भाग्य की बात है। इन सभी बातों को हम सभी कांग्रेसी आलाकमान के समक्ष रखेंगे और इनका पर्दाफाश करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक महासचिव हाजी सिकंदर अंसारी ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव को अल्पसंख्यक समुदाय से मंत्री प्रतिनिधि बनाना ही था तो कांग्रेस के समर्पित लोगों को बनाना चाहिए ।चुनाव के वक्त प्रतिनिधि बनाकर अल्पसंख्यकों कोदयानंदको थमने का काम कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दयानंद उराउने कहा कि रामेश्वरम उरांव चुनाव के वक्त प्रतिनिधि बनाए हैं वह भी गैर कांग्रेसी को जो दुर्भाग्य की बात है उनके कृत्य से कांग्रेस से ज्यादा भाजपा को फायदा हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस का जो गद्दार है वही मंत्री जी का यार है। लोहरदगा जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस के खिलाफ काम करने वाले व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि बनाकर यहां के कांग्रेसियों को हतोत्साहित करने का काम किया है इससे पार्टी कमजोर होगी। सर साक्षय से जनता अवगत है। अध्यक्षीय भाषण को संबोधित करते हुए साजिद अहमद चंगू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता को मंत्री के कार्य से काफी सदमा हुआऊ है।आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को स्थानीय विधायक मिले इस बात को लेकर आलाकमान को अवगत कराया जाएगा ताकि यहां के कार्यकर्ताओं के भावनाओं का कद्र हो सके। मौके पर बैठक में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सलीम बड़े, सवारत हुसैन, यासीन अंसारी, आलोक कुमार साहू, शरीफ अंसारी, प्रवेश सिद्दीकी, कुणाल अभिषेक, यासीन कुरेशी, सोनू कुरेशी, रफीक अंसारी, मनोज सोन तिर्की, मनोज भगत सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जमीन दानकर्ता के याद में समाजसेवी पुत्र ने विद्यालय प्रांगण में किया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्वर्गीय रामधृज साहू के यादगार में समाजसेवी पुत्र महाबीर प्रसाद के नेतृत्व में फलदार एवं छायादार वृक्षारोपण कार्यक्रम राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरही चटकपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही चटकपुर विद्यालय प्रांगण में बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। उक्त कार्यक्रम जमीन दान कर्ता स्वर्गीय रामधृज साहू के यादगार में उकने पुत्र के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। वही बताया जाता है? कि विद्यालय निर्माण के लिए स्वर्गीय रामधृज साहू अपने निजी जमीन विद्यालय के नाम दान दिए थे। और गांव को शिक्षित बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल किये थे। उनकी जीवनी को याद करते हुए उनके समाजसेवी पुत्र महावीर प्रसाद द्वारा सहयोगियों के साथ मिलकर आम, कटहल, शीशम, गुलमोहर एवं सागवान का पौधा लगया गया। इस अवसर पर महावीर प्रसाद साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ पर्यावरण सरंक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.साथ ही बताते हुए कहा आज जंगल की कटाई से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ प्राकृतिक पर बुरा असर पड़ रहा है। आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नही दिया गया तो इससे भी भयावह संकट उतपन होगा। क्ओ भीर मनुष्य तथा पशु पक्षियों का जीवन प्रभावित होगा। जिसको लेकर वृक्षारोपण कर समाज को जगरूक करने के लिये पौधा लगया जा रहा है। वृक्षारोपण कर लोगो को प्रेरित करने का कार्य किया गया। मौके पर वृक्षरोपण के दौरान समाजसेवी महाबीर प्रसाद, गोविंद वर्मा, मोहन महतो तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## फेक एनसीसी कैंप में 13 लड़कियों के साथ यौन शोषण मामले में एनसीडब्लू ने उठाया सख्त कदम



**चेन्नई :** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में एक प्राइवेट स्कूल में फर्जी राष्ट्रीय कैडेट कोर कैंप में एक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न और 12 लड़कियों के साथ यौन शोषण के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग सख्त हो गया है. महिला आयोग ने आज इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए चेन्नई के पुलिस महानिदेशक को निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं. राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक्स पर लिखा,तमिलनाडु के कृष्णागिरी से फर्जी एनसीसी कैंप में 13 लड़कियों का यौन शोषण शीर्षक वाली मीडिया रिपोर्ट पर स्वत- संज्ञान लिया है. महिला आयोग ने डीजीपी चेन्नई को निष्पक्ष समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने और आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानून के तहत मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. इस ट्वीट में यह भी लिखा गया कि पुलिस और राज्य सरकार से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी गई है.मामला तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के एक प्राइवेट स्कूल का है, जहां पर एक फर्जी एनसीसी कैंप लगाया गया था. यहां पर 41 बच्चे कैंप में शामिल हुए थे, जिसमें 17 लड़कियां थी. यह कैंप स्कूल के सेमिनार हॉल में लगाया गया था. यहां के फर्स्ट फ्लोर पर लड़कियों को ठहराया गया था और ग्राउंड फ्लोर पर लड़कों को. गौर करने वाली बात यह भी है कि इस कैंप में एक भी शिक्षक निगरानी के लिए मौजूद नहीं था.

## दिल्ली के लक्ष्मण सिंह भंडारी ने मोल्दोवा में विश्व आर्मरेसलिंग में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली :** दिल्ली के लक्ष्मण सिंह भंडारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 वीं विश्व आर्मरेसलिंग और पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2024 में भारत के लिए 70 किलोग्राम राइट हैंड ग्रैंड मास्टर वर्ग में रजत पदक जीता। यह चैंपियनशिप 15 से 25 अगस्त 2024 तक रेडिसन ब्लू होटल, चिसीनाउ, मोल्दोवा में आयोजित की जा रही है। इस विश्व चैंपियनशिप में 2000 से अधिक प्रतिभागी और 61 देशों के एथलीट भाग ले रहे हैं। इसका आयोजन विश्व आर्मरेसलिंग फेडरेशन के तत्वावधान में मोल्दोवन आर्मरेसलिंग फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है। वह पीपुल्स आर्मरेस्लिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जहां पीएएफआई अध्यक्ष सुश्री प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में 34 सदस्य हैं, और उन्होंने उन्हें इस महान उपलब्धि के लिए बधाई दी, और बॉलीवुड अभिनेता और प्रो पंजा लीग के मालिक श्री परवीन डबास और पूरी टीम इंडिया और अधिकारियों ने उन्हें इस दुनिया की सबसे बड़ी आर्मरेस्लिंग चैंपियनशिप में भारत को चमकाने के लिए बधाई दी। नई दिल्ली के आर्मरेस्लिंग एसोसिएशन के चेयरमैन श्री रविंदर गुप्ता, मुख्य संरक्षक श्री रोशन लाल गोरखपुरिया, अध्यक्ष श्री विजय मानव, उपाध्यक्ष श्री सतीश जिंदल और अन्य पदाधिकारी और दिल्ली की टीम बहुत खुश और गौरवान्वित है कि लक्ष्मण सिंह भंडारी ने विश्व आर्मरेस्लिंग में रजत पदक जीता, और दिल्ली से वह पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीता।

# रांची रैली में जायेंगे 10 हजार नगर मंडल भाजपा कार्यकर्ता : उमेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा द्वारा मेलोडी मंडप टी ग्रुप छठ घाट के पास में मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी का बैठक आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में मंडल के प्रभारीय हरेंद्र द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम गीत गाकर शुरुआत की गई। नगर मंडल संयोजक दीपक तिवारी ने कहा पार्टी के हम सभी समर्पित कार्यकर्ता है। आने वाले




विधानसभा में हम सभी को अपने प्रत्याशी की जीत पूरी ताक़त से दिलानी है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 23 अगस्त को मोराबादी रांची मैदान में रैली में चलने का आह्वान किया गया। इस युवा विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर सरकार के झूठे वादे के विरुद्ध गढ़वा नगर मंडल से लगभग 5 से 10 हज़ार के बीच युवा रांची के लिए प्रस्थान करेंगे और 25 तारीख के सभी बूथ पर मन की बात कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष के द्वारा सुना जाएगा। प्रभारी हरेंद्र द्विवेदी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के हम लोग सिपाही हैं। पार्टी नेतृत्व किसी को भी टिकट दे हमें उसके लिए पूरी जी जान से लगना है। मौके पर गौरी बिंद, डॉ सतेंद्र, शंकर महतो, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, बंधु राम, लखन गुप्ता, राजू सोनी, विशाल गुप्ता, अजय पासवान, दामोदर ठाकुर, दामोदर गुप्ता, चंदन स्वामी, शुभम केसरी, सोमनाथ सोनी आदि उपस्थित थे।

## सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में आईटीएस अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति (डीए) रखने के आरोप में भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी कुंज बिहारी शर्मा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से 2.5 लाख रुपये नकद भी बरामद किए हैं। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के 1999 बैच के अधिकारी कुंज बिहारी शर्मा पर आरोप है कि राजस्थान में काम करते हुए अपने नाम और अपने परिवार के सदस्यों (पत्नी), (मां) और एचयूएफ कंपनी के नाम पर जयपुर, अजमेर और राजस्थान के अन्य विभिन्न स्थानों पर संपत्ति अर्जित की। यह भी आरोप लगाया गया कि



आरोपित लोक सेवक ने अपने और अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक रकम जमा की थी। सीबीआई के मुताबिक आरोपित ने 1 जनवरी 2014 से 31 जनवरी 2017 की अवधि के दौरान 1,48,83,998 रुपये (लगभग) की संपत्ति अर्जित की थी। सीबीआई ने जयपुर, अजमेर और अहमदाबाद (गुजरात) सहित 05 स्थानों पर आरोपितों के आधिकारिक और आवासीय परिसरों में तलाशी ली, जिसमें आपत्तिजनक दस्तावेज और अजमेर में आरोपित के आवास से 2.5 लाख रुपये बरामद हुए।

## ट्राई का नाम लेकर धोखाधड़ी करने वाले कॉल से सावधान रहने की चेतावनी जारी




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नागरिकों के लिए एक सलाह जारी की है कि वे ऐसी फर्जी कॉलों पर ध्यान न दें, जिसमें कॉल करने वाले उनके मोबाइल नंबरों को जल्द ही ब्लॉक करने की धमकी देते हैं। ट्राई ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि दूरसंचार नियामक के संज्ञान में आया है कि ट्राई से होने का दावा करते हुए नागरिकों को बहुत से प्री-रिकॉर्डेड कॉल किए जा रहे हैं। इन कॉल के जरिए नागरिकों को धमकाया जाता है कि उनके नंबर जल्द ही ब्लॉक कर दिए जाएंगे, उनसे कुछ व्यक्तिगत जानकारी देने के लिए कहा जाता है। नियामक ने कहा कि ट्राई संदेशों या अन्य माध्यमों से मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन करने के बारे में ग्राहकों से संचार शुरू नहीं करता है। प्राधिकरण ने कहा कि ऐसे उद्देश्यों के लिए ग्राहकों से संपर्क करने के लिए किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को अधिकृत नहीं किया है। इसलिए ट्राई से होने का दावा करने वाले और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्शन की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास माना जाना चाहिए। इसका कोई जवाब नहीं दिया जाना चाहिए। ट्राई ने कहा कि किसी भी मोबाइल नंबर का बिलिंग, केवाईसी या अन्य दुरुपयोग के कारण डिस्कनेक्शन संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी) द्वारा किया जाता है। नागरिकों को सतर्क रहने, संदिग्ध धोखेबाजों के झांसे में नहीं आने, नहीं घबराने और संदिग्ध धोखेबाज का शिकार नहीं बनने की सलाह दी जाती है।

## एआईएमआईएम का चिनिया बाजार में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के चिनिया बाजार और भारतीय स्टेट बैंक के पास हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांग एक ज्वलंत मुद्दा है। बावजूद इसके यहां के स्थानीय विधायक सह प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। आज सहायक अध्यापक दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर



हैं। सहायक अध्यापक कई बार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया। लेकिन उन्हें लाठी और आश्वासन के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम की अध्यक्षता में सहायक अध्यापक संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक हुई थी। लेकिन बैठक में शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम के द्वारा सहायक अध्यापकों की मानदेय में सिर्फ दो हजार रुपए की बढ़ोतरी किए जाने की बात कही गई। जिसे सहायक अध्यापक संघ का प्रतिनिधि मंडल नहीं माने। वहीं बैठक बे नतीजा साबित हुआ।इस अवसर पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला संरक्षक अब्दुल शकूर अंसारी आदि उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक योजना है झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना देश का अब तक का ऐतिहासिक योजना है। इस योजना से राज्य की आधी आबादी एक साथ लाभान्वित हो रही है। मंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में अब तक किसी भी सरकार ने इतनी बड़ी जनकल्याणकारी योजना लागू नहीं की है। जिससे बहन बेटियों को स्वावलंबी बनने में मदद मिले। इस योजना से राज्य की सभी बहन बेटियों में आशा की नई किरण जगी है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस योजना से अब तक अकेले गढ़वा जिला में दो लाख से अधिक बहन-बेटी लाभान्वित हो चुकी हैं । उन्होंने बताया कि जिले में अब तक दो लाख 22 हजार 264 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जांचोपरांत इनमें 1726 आवेदन रिजेक्ट हो गया है। जबकि दो लाख छः हजार 414 आवेदन अप्रूव हुआ है। 14 हजार 124 आवेदन लंबित है। सभी के खाते में पैसा जाना शुरू हो गया है। प्रति माह 15 तारीख तक सभी के खाते में 1000 रुपए नियमित रुप से जमा हो जाएगा। इससे बहन-बेटियों को अपने कार्यों में बहुत बड़ा सहयोग प्राप्त होगा। महिला



स्वावलंबन की दिशा में झारखंड सरकार का बहुत बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार झारखंडी जनमानस की सरकार बनी है। जब से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है, तब से लगातार अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखते हुए जनहित की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी योजनाओं का लाभ राज्य की जनता को मिल रहा है। झारखंड सरकार राज्य एवं राज्यवासियों के हित में बेहतर कार्य कर रही है। यही बात विपक्षियों को चुभ रही है।

### फर्जी कॉल से रहें सावधान, किसी को नहीं दें अकाउंट डिटेल : मंत्री

**झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता से फर्जी कॉल से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से संबंधित अपने अकाउंट डिटेल की जानकारी किसी को भी नहीं दें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा है कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संदर्भ में कई लाभुकों के मोबाइल नंबर पर योजना को लेकर कॉल आने की जानकारी मिल रही है, जो पूरी तरह से फर्जी है।**

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा 23 से

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अगस्त को अमेरिका जाएंगे। वह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड आस्टिन के निमंत्रण पर 26 अगस्त तक वहां रहेंगे। इस दौरान वह अमेरिकी रक्षा सचिव के साथ बैठक करेंगे। इसमें रक्षा सहयोग की मजबूती को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा रक्षा मंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के सहायक जेक सुलविन से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी की न्यूयॉर्क यात्रा से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अमेरिका दौरा काफी अहम माना जा रहा है। इससे अमेरिका-भारत संबंधों को नई गति मिलेगी। साथ ही रक्षा क्षेत्र में कई सहयोगों में मजबूत आएगी। इसके अलावा अमेरिका दौरे से दोनों देशों के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के व्यापक होने की उम्मीद है।

